निफ्टी 24,194.50
चांदी 89,500

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in
PMG
हिन्दी दैनिक

बालाघाट
बुधवार 27 नवम्बर 2024
मार्गशीर्ष कृष्ण 12 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 65
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### पांच शहरों में ईडी की कार्रवाई में 219.66 करोड़ रुपए की संपत्ति मिली

अजमेर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तीन राज्यों के पांच शहरों में कार्रवाई करते हुए 219.66 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई आईपीएल मैच के अवैध प्रसारण और ऑनलाइन बैटिंग से जुड़े एक मामले में की गई है। इसके तहत अजमेर में एक वेयर हाउस, फ्लैट और जमीन जब्त की गई है। फेयर प्ले से जुड़े मामले में यह कार्रवाई 22 नवंबर को की गई है। ईडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि ईडी ने आईपीएल की मुंबई इंडियंस की टीम की 219.66 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियां जब्त की गई हैं। चल संपत्तियां डीमेट खातों के रूप में हैं जबकि अजमेर में जमीन, फ्लैट और वेयर हाउस जब्त किया गया है। वहीं गुजरात कच्छ, मुंबई, ठाणे और दमन में भी संपत्तियां सीज की गई हैं।

### वक्फ बोर्ड के चेयरमैन को पाकिस्तान से धमकी

रायपुर। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर सलीम राज को पाकिस्तान से धमकी मिली है। सलीम ने आजाद चौक थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। बताया जा रहा है कि, यह धमकी फोन के माध्यम से मिली है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दरअसल, डॉ. सलीम राज ने मौखिक निर्देश में कहा था कि, छत्तीसगढ़ की मस्जिदों में जुमे की नमाज (शुक्रवार की नमाज) के बाद होने वाली तकरीर (बातचीत) के टॉपिक के लिए वक्फ बोर्ड की इजाजत लेनी होगी। टॉपिक विवादित ना हो, इसलिए छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के सदस्यों ने यह निर्णय लिया है। मुतवल्ली (मस्जिद की संपत्ति का प्रबंध करने वाला) इस नियम का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ लीगल एक्शन लिया जाएगा।

### उग्रवादी संगठन उल्फा पर पांच साल बढ़ा प्रतिबंध

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उग्रवादी संगठन उल्फा पर पांच साल का प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध केंद्र ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) पर बैन बढ़ाया है। यह संगठन 2019-24 के दौरान विस्फोटक लगाने के 16 मामलों में शामिल रहा है। उल्फा ने असम राज्य में स्वतंत्रता दिवस 2024 से पहले इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का उपयोग किया है। केंद्र ने अब तक असम, त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड सहित पूर्वोत्तर में विद्रोही संगठनों के बीच 12 त्रिपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह संगठन पूर्वोत्तर का एक मात्र प्रमुख संगठन है जो सरकार के साथ शांति वार्ता से बाहर है।

### एआई की तैयारी में शीर्ष 10 देशों में भारत शामिल

मुंबई। रिपोर्ट में सामने आया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तैयारी में शीर्ष दस देशों में भारत भी शामिल है, और देश में एआई के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में परिवर्तन की अपार संभावनाएं है। 73 अर्थव्यवस्थाओं के आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट से पता चला है कि भारत एआई विशेषज्ञों में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है और एआई से संबंधित पेटेंट में मजबूत आधार के साथ शोध प्रकाशनों में तीसरे स्थान पर है। दूसरी ओर, अध्ययन की गई 70 प्रतिशत से अधिक अर्थव्यवस्थाएं पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारी, कौशल और अनुसंधान एवं विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में औसत से नीचे स्कोर करती हैं।

### बैलेट पेपर से वोटिंग की मांग वाली याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट बोला

# आप हार जाएं तो ईवीएम खराब, जीतें तो ठीक



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बजाय चुनावों में बैलेट पेपर के इस्तेमाल की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और पीबी वराले की पीठ ने कहा कि जब आप चुनाव जीतते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती है। जब आप चुनाव हार जाते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ हो जाती है।

याचिकाकर्ता केए पॉल ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू और वाईएस जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं ने भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ पर सवाल उठाए हैं। इस पर बेंच ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू या जगन मोहन रेड्डी जब चुनाव हारते हैं तो वे कहते हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ होती है और जब वे जीतते हैं तो वे कुछ नहीं कहते हैं। बेंच ने कहा कि हम इसे कैसे देख सकते हैं। हम इसे खारिज कर रहे हैं। ये वो जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस करें। बेंच ने केए पॉल से कहा कि आप इस राजनीतिक क्षेत्र में क्यों आ रहे हैं? आपका कार्य क्षेत्र बहुत अलग है। पॉल ऐसे संगठन के अध्यक्ष हैं, जिसने 3 लाख से अधिक अनाथों और 40 लाख विधवाओं का रेस्क्यू किया है।

#### कम से कम 5 साल के अयोग्य हो उम्मीदवार

याचिकाकर्ता केए पॉल ने बेंच से चुनाव आयोग को निर्देश देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान वोटर्स को पैसा, शराब और दूसरी चीजों का लालच देने का दोषी पाए जाने पर ऐसे उम्मीदवारों को कम से कम पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाए।

#### अमेरिका जैसे देशों में भी बैलेट पेपर से वोटिंग

पॉल ने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। अमेरिका जैसे देशों में भी बैलेट पेपर से वोटिंग होती है। हमें इसे फॉलो करना चाहिए। ईवीएम लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। पॉल ने दावा किया कि टेस्ला के सीईओ और सह-संस्थापक एलन मस्क ने कहा है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। जब याचिकाकर्ता ने कहा कि सभी जानते हैं कि चुनावों में धन वितरित किया जाता है, तो पीठ ने टिप्पणी की कि हमें कभी भी किसी चुनाव के लिए कोई धन नहीं मिला। याचिकाकर्ता ने कहा कि उनकी याचिका में एक अन्य अनुरोध चुनाव प्रचार के दौरान धन और शराब के उपयोग को विनियमित करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा तैयार करने तथा यह सुनिश्चित करने का था कि ऐसी प्रथाएं कानून के तहत प्रतिबंधित और दंडनीय हों। याचिका में जागरूकता बढ़ाने और सूचित निर्णय लेने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता शिक्षा अभियान चलाने का निर्देश देने की मांग की गई।

## संभल में हिंसा के बाद तीसरे दिन स्कूल खुले, इंटरनेट रहा बंद, पुलिस गश्त जारी

#### नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जाएंगे संभल, पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

संभल। उत्तरप्रदेश के संभल में हिंसा के बाद तीसरा दिन स्कूल खोल दिए गए लेकिन इंटरनेट आज भी बंद रहा। पूरे शहर में आरएएफ पुलिस फोर्स के साथ मार्च कर रही है। जामा मस्जिद जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है। हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हैं। ज्यादातर लोग घर छोड़कर चले गए हैं। घरों में ताले लगे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी संभल जाएंगे। वह वहां पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने राहुल गांधी के आने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के आने की तारीख अभी तय नहीं है। दो-तीन दिन में वह संभल का दौरा कर सकते हैं। इधर, मंगलवार को सपा सांसद रामगोपाल यादव ने प्रशासन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जानबूझकर अशांति पैदा करने का काम किया है उन्होंने कहा कि अगर कहीं से न्याय नहीं मिलेगा तो निराश होकर व्यक्ति क्या करेगा? संसद में हमारी प्राथमिकता संभल का मुद्दा है। हम इसे छोड़ नहीं सकते। इधर, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर को धमकी मिली है। उन्होंने कहा कि मैं लड़ रहा हूं, लड़ता रहूंगा। बता दें सोमवार को संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सदर विधायक नवाब इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल पर हिंसा भड़काने पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने हिंसा से जुड़े मामले में 7 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें 6 नामजद और 2500 से ज्यादा अज्ञात हैं। अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़की थी। फायरिंग में 4 लोगों की मौत हो गई थी अभी भी वहां हालात तनावपूर्ण हैं। पुलिस गश्त कर रही है।



### कांग्रेस के कार्यक्रम में राहुल गांधी का माइक बंद, 6 मिनट बाद ऑन हुआ तो बोले

# जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने कहा कि जहां हमारी सरकार आएगी, वहां जाति जनगणना कराएंगे। हम ये तेलंगाना में कर रहे हैं। राहुल ने ये बात दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के संविधान रक्षक कार्यक्रम के दौरान कही। नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान उनका माइक बंद हो गया।

राहुल का माइक जब 6 मिनट बाद ऑन हुआ तो उन्होंने कहा कि जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा। अगर हिंदुस्तान की जनगणना को देखें तो 15 प्रतिशत दलित, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं, लेकिन पिछड़े वर्ग के कितने हैं, ये नहीं पता। पिछड़ा वर्ग 50 प्रतिशत से कम नहीं है। हिंदुस्तान की 90 प्रतिशत आबादी इन्हीं वर्गों से है।

#### माइक बंद कर दो, फिर भी बोलता रहूंगा

राहुल ने कहा कि जो भी इस देश में 3 हजार साल से दलितों की, आदिवासीयों की बात करता है, उसका माइक ऑफ हो जाता है।



"आपकी जेब से निकला पैसा 25 अरबपतियों की जेब में जाता है। मुझे उनमें दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग का नाम बता दो। अडाणी आदिवासी है क्या, अंबानी दलित है क्या, टाटा-बिड़ला पिछड़े वर्ग का है क्या।

राहुल गांधी

काफी लोग आए, कहने लगे जाकर बैठ जाइए, मैंने कहा कि मैं खड़ा रहूंगा। मैंने कहा कि माइक जितना ऑफ करना है करो, मैं खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि यहां रोहित वेमुला जी की तस्वीर है पीछे, वे बोलना चाहते थे, उन्हें चुप करा दिया गया। हर दिन आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग का युवा सपना देखता है, मैं डॉक्टर-इंजीनियर बनूं, मीडिया में जाऊं, अफसर बनूं, लेकिन सच्चाई यह है कि देश का पूरा सिस्टम पिछड़ों-दलितों-आदिवासियों के खिलाफ खड़ा हुआ है। ऐसा नहीं होता तो मीडिया में हमें ओबीसी-दलित वर्ग के पत्रकार, एंकर और मालिक दिखते। आपको हिंदुस्तान की 200 सबसे बड़ी कंपनियों की लिस्ट में एक दलित-ओबीसी-पिछड़ा नहीं मिलेगा। आपको कहा जाता है कि ये देश आपका है। इस देश में आपकी भागीदारी है, लेकिन डेटा देखें तो ये झूठ साबित होता है।

#### सरकार सबकुछ प्राइवेटाइज करना चाहती है

राहुल बोले कि आपके सामने दीवार खड़ी है। आपके सामने दीवार को नरेंद्र मोदी और आरएसएस मजबूत करते जा रहे हैं। दीवार में सीमेंट डाल देते हैं। सबकुछ प्राइवेटाइज कर दिया। पहले सरकारी स्कूल, सरकारी अस्पताल हुआ करते थे। आज दलित को आदिवासी को किसानों को कोई भी इलाज की जरूरत हो, लाखों रुपए आपकी जेब से निकल जाते हैं।

#### जाति जनगणना के हिसाब से पॉलिसी बनाएंगे

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस दिन हमारी सरकार के हाथ ये डेटा आएगा, विकास करने का तरीका बदल जाएगा। विकास की सोच की बुनियाद बनेगी। तेलंगाना में हमने काम शुरू कर दिया है। जाति जनगणना के रिजल्ट के आधार पर हमारी पॉलिसी बनेगी। इससे भाजपा डरती है। भाजपा चाहती है कि 4-5 प्रतिशत लोग अरबपति बनें और इतने ही लोग हिंदुस्तान को कंट्रोल करें। राहुल ने कहा कि हम संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। हिंदुस्तान के सभी लोग समान हैं। आप इन संदेशों को हिंदुस्तान के कोने-कोने में जाकर फैलाइए। देश में 90 फीसदी लोगों के साथ रोज हर मिनट अन्याय हो रहा है। इसे खत्म करने का तरीका जाति जनगणना और रिजर्वेशन को 50 फीसदी से ज्यादा करना है।

## चार राज्यों में राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव 20 दिसंबर को

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि चार राज्यों में राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव 20 दिसंबर को होंगे। अगस्त में वाईएसआरसीपी के सदस्य वेंकटरमण राव मोपीदेवी, बीधा मस्तान राव यादव और रयागा कृष्णैया के इस्तीफा देने के बाद आंध्र प्रदेश में तीन सीटें खाली हो गई थीं।

यादव और कृष्णैया का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल 21 जून, 2028 को समाप्त होना था, जबकि मोपीदेवी को 21 जून, 2026 को सेवानिवृत्त होना था। ओडिशा में सुजीत कुमार के इस्तीफा देने के बाद एक सीट खाली हो गई थी, जिसके बाद उन्हें बीजू जनता दल ने पार्टी से निकाल दिया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2026 को समाप्त होना था। कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के बलात्कार-हत्या के बाद अप्रैल में टीएमसी के जवाहर सरकार ने इस्तीफा दे दिया था, जिससे राज्य में यह पद खाली हो गया था। अन्यथा उन्हें अप्रैल 2026 में सेवानिवृत्त होना था।

भाजपा के कृष्ण लाल पंवार ने हाल ही में हुए राज्य चुनावों में विधायक चुने जाने के बाद हरियाणा से अपनी राज्यसभा सीट छोड़ दी थी। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद आंध्र प्रदेश में टीडीपी और ओडिशा में बीजेपी का पलड़ा भारी रहेगा। पश्चिम बंगाल में टीएमसी का शासन है, जबकि हरियाणा में बीजेपी ने अपना कब्जा बरकरार रखा है।

## लॉरेंस ने चंडीगढ़ के 2 क्लबों के बाहर ब्लास्ट कराया

### एक क्लब रैपर बादशाह का, गोल्डी बराड़-गोदारा ने जिम्मेदारी ली

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3 दिसंबर को चंडीगढ़ दौरे से पहले मंगलवार सुबह सेक्टर-26 में 2 क्लबों के बाहर धमाके हुए। धमाकों की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है। गोल्डी बराड़ ने इस बारे में सोशल मीडिया पोस्ट डाली है। उसने धमाके की वजह प्रोटेक्शन मनी न देना बताया है। सेविले बार एंड लाउंज और डिओरा क्लब के बाहर हुए धमाकों में क्लब के बाहर के शीशे टूट गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सेविले बार एंड लाउंज क्लब के मालिकों में मशहूर रैपर बादशाह भी पार्टनर हैं।

गोल्डी बराड़ के हवाले वाली सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- 2 ब्लास्ट की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा लेते हैं। इन दोनों क्लबों के मालिकों को प्रोटेक्शन मनी के लिए मैसेज किया था। मगर इन्हें हमारी कॉल की घंटी नहीं सुनाई दे रही थी। इनके कान खोलने के लिए यह धमाके किए। जो भी हमारे कॉल्स को इग्नोर कर रहे हैं, वह समझ जाएं, कि इससे भी कुछ बड़ा हो सकता है। वहीं पुलिस की जांच में सामने आया कि बम फेंकने वाले युवक बाइक पर आए थे। वारदात में जो बम इस्तेमाल हुए हैं, उनमें कील और ज्वलनशील पदार्थ भरा हुआ था। मौके पर इससे जुड़ी हुई चीजें भी बरामद हुई हैं। पुलिस मानकर चल रही है कि देसी बम (सुतली बम) फोड़े गए हैं। पुलिस एक्सप्लोसिव एंगल पर भी जांच कर रही है।

## पीएम मोदी और अमित शाह से मिले हेमंत-कल्पना

रांची। झारखंड में शानदार जीत के बाद झामुमो लीडर हेमंत सोरेन दिल्ली के एक दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। भाजपा नेताओं से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने कहा- आशीर्वाद के लिए आए थे। बहुत सारी बातें हैं। आगे भी मुलाकात होती रहेगी। झारखंड की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर की शाम 4 बजे रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा। इसमें कांग्रेस नेताओं के अलावा इंडिया ब्लॉक के लालू यादव, तेजस्वी यादव और ममता बनर्जी के भी शामिल होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं से मुलाकात के दौरान कांग्रेस कोटे के मंत्रियों और विभाग पर चर्चा की। साथ ही राजद कोटे के मंत्री पद पर चर्चा की। नई सरकार में झामुमो के 6, कांग्रेस के 4 और राजद का एक मंत्री होगा।



## महाराष्ट्र में 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री तय नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उनको अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। नए मुख्यमंत्री के शपथ की तारीख तय नहीं है। तब तक शिंदे ही कार्यवाहक सीएम रहेंगे। उधर, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका। इसके लिए भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के नाम का ऐलान करेंगे।

विधानसभा का कार्यकाल मंगलवार तक ही था। नए मुख्यमंत्री के शपथ की तारीख तय नहीं है। तब तक शिंदे ही कार्यवाहक सीएम रहेंगे। शिंदे 28 जून 2022 से 26 नवंबर 2024 तक सीएम रहे। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, नए मुख्यमंत्री के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम लगभग फाइनल हो चुका है। फडणवीस के सीएम बनने पर नई सरकार में पहले की ही तरह दो डिप्टी सीएम होंगे। एनसीपी की ओर से अजित पवार और शिवसेना की ओर से शिंदे किसी नए विधायक का नाम आगे कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार का एजेंडा तय करने के लिए तीनों दलों की एक कमेटी बनाई जा सकती है, जिसके मुखिया एकनाथ शिंदे हो सकते हैं। हालांकि शिवसेना प्रवक्ता कृष्ण हेगड़े ने इससे इनकार किया।



#### 2 दिसंबर को शपथ ले सकती है नई सरकार

महाराष्ट्र की नई सरकार 2 दिसंबर को शपथ ग्रहण कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान के चलते शपथ ग्रहण में चार से पांच दिन और लग सकती हैं। महायुति में भाजपा और शिवसेना गुटों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर मतभेद है। शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाए रखने पर अड़े हैं और उनके नेतृत्व को गठबंधन की शानदार जीत के लिए महत्वपूर्ण बता रहे हैं।

### 10 राज्यों में घना कोहरा, बिहार में विजिबिलिटी 200 मीटर

नई दिल्ली/भोपाल। देश के उत्तरी राज्यों में ठंड का असर कम नहीं हो रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 10 राज्यों में मंगलवार को घना कोहरा देखने को मिल सकता है। इससे कई शहरों में विजिबिलिटी भी घट गई है। सबसे कम विजिबिलिटी त्रिपुरा के अगरतला और हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में दर्ज की गई। दोनों जगहों पर मंगलवार सुबह पर 50 मीटर से दूर देखना मुश्किल हो रहा था। वहीं, बिहार के पूर्णिया और भागलपुर में विजिबिलिटी 200 मीटर दर्ज की गई।

हिमाचल प्रदेश में 2 दिन पहले हुई बर्फबारी अब रुक गई है, लेकिन लाहौल स्पीति और कल्पा इलाके में तापमान 0 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि यहां 4 दिन बाद बर्फबारी हो सकती है। तब तक न्यूनतम तापमान में इससे ज्यादा गिरावट के आसार कम हैं। उधर, मध्य भारत के राज्यों- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ठंड का असर कम हो गया है। सिर्फ मप्र के पचमढ़ी में तापमान 5.6 डिग्री दर्ज किया गया है। बाकी शहरों में 2 दिन बाद तापमान में और गिरावट हो सकती है। फिलहाल देश में कहीं भी कोल्ड वेव का अलर्ट नहीं है।

## गौतम अडाणी रिश्वत केस मद्रास हाईकोर्ट पहुंचा

### गृह मंत्रालय से जांच कराने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में भी लगी है याचिका

मुंबई। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की रिश्वत देने और धोखाधड़ी करने के आरोप का मामला सुप्रीम कोर्ट के बाद अब मद्रास हाईकोर्ट में पहुंच गया है। मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गृह मंत्रालय को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम, एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट या सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन से जांच कराने के निर्देश देने की मांग की गई है।

एडवोकेट और देसिया मक्कल शक्ति काची के प्रेसिडेंट एमएल रवि ने हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की है। याचिका के माध्यम से उन्होंने कहा कि अडाणी को तमिलनाडु सहित कई भारतीय राज्यों के व्यवसायियों, बिजली वितरण कंपनियों और भारतीय संस्थाओं के साथ सोलर पावर सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की योजना में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। एडवोकेट ने तर्क दिया कि विदेशी देश ने भारत में हुए भ्रष्टाचार को उजागर किया है, उसके बाद अभी भी भारतीय जांच एजेंसियां चुप हैं। वह केवल दर्शकों की तरह काम कर रही हैं, जो पूरे देश और 140 करोड़ नागरिकों का अपमान है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार ने सरकारी संस्थान में जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है और देश के विकास में बाधा उत्पन्न की है।

इससे पहले रविवार यानी 24 नवंबर को एडवोकेट विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके इस मामले की जांच की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने कहा था कि अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट के आदेश और यूनाइटेड स्टेट सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की शिकायत ने अडाणी ग्रुप की गड़बड़ियों को उजागर किया है।

### संविधान दिवस पर राष्ट्रपति ने किया जारी

## संविधान अब संस्कृत और मैथिली में भी

नई दिल्ली। देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद रहे। आयोजन की थीम हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रखी गई। संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। संस्कृत और मैथिली में संविधान की प्रतियां भी जारी की गईं। 2 किताबों भारतीय संविधान का निर्माण- एक झलक और भारतीय संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा का विमोचन किया गया। आयोजन में पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक साथ एक ही मंच पर बैठे नजर आए। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश भी थे। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान पारित किया था। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को एक अधिसूचना में 26 नवंबर को हर साल संविधान दिवस के तौर पर मनाने की बात कही थी। राष्ट्रपति ने कहा कि 75 साल पहले संविधान सदन के इसी सेंट्रल हॉल में आज ही के दिन संविधान सभा ने संविधान निर्माण का बहुत बड़ा काम किया था। संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। हम आज ऐतिहासिक दिन के साक्षी हैं।



# एयरटेल कंपनी के कर्मचारियों ने फिर फोड़ी पाइप लाइन

## सड़कों व नालियों बह गया लाखों लीटर पानी, तीन वार्डो की पेयजल सप्लाई हुई ठप, नेता प्रतिपक्ष ने जताया आक्रोश, तो जलप्रद शाखा ने बनाया पंचनामा





बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। एयरटेल कंपनी द्वारा नगर में 5जी नेटवर्क के लिए अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम किया जा रहा है। इस कार्य को करने के लिए कम्पनी द्वारा जगह जगह सड़क किनारे गड्ढे खोदे जा रहे है। इस दौरान कंपनी की जगह-जगह लापरवाही देखने को मिल रही है। जहां हेवी मशीन से जगह-जगह गड्ढे करने के दौरान नगर में पेयजल सप्लाई के लिए बिछाई गई पाइपलाइन जगह-जगह से फूट रही है। जिससे वार्डों में जहां एक ओर गंदा व मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है तो वही स्थानीय वार्डों की पेयजल सप्लाई पूरी तरह से अवरुद्ध हो रही है। जिसका खामियाजा समय-समय पर स्थानीय नगर वासियों को भुगतना पड़ रहा है। अभी हाल ही में नगर के वार्ड नंबर 3 में एयरटेल कंपनी के ठेकेदार कर्मचारियों द्वारा सड़क किनारे गड्ढे खोदने के दौरान पाइपलाइन फोड़ दी थी। जिसके चलते वार्ड में पानी की सप्लाई व्यवस्था ढप हो गई थी। अभी वार्ड नंबर 03 का यह मामला, थमा भी नहीं था कि अब एयरटेल कंपनी के कर्मचारी ने नगर के भटेरा रोड वार्ड नंबर 2 में सड़क किनारे गड्ढे खोदने के दौरान रेलवे पटरी के समीप पानी की पाइप लाइन फोड़ दी। जिससे जहां एक ओर लाखों लीटर पानी सड़क व नाली में बहकर ,बर्बाद हो गया तो वहीं वार्ड नंबर 01,वार्ड नंबर 2 और वार्ड नंबर 10 सहित अन्य वार्डों में गंदा व मटमैला पानी की सप्लाई हुई।इसके अलावा पाइपलाइन फूटने से कुछ वार्डों में पानी की सप्लाई ढप हो गई है।जिस पर अपना एतराज जताते हुए नेता प्रतिपक्ष योगराज उर्फ कारो लिल्हारे ने एयरटेल कर्मचारियों द्वारा कराए जा रहे इस कार्य को तत्काल बंद करा दिया। तो वही नपा जलप्रपात शाखा कर्मचारियों को बुलाकर केबल बिछाने के लिए गड्ढा खोदने वाली हैवी मशीन की जप्ती बनवाई है। बताया जा रहा है कि कंपनी ने सड़क किनारे 5जी नेटवर्क के केबल बिछाने के लिए नगर पालिका से अनुमति तो ले ली है। लेकिन उन्होंने संबंधित विभाग को सूचना दिए बगैर ही खुदाई का काम शुरू कर दिया है। जिसके चलते नगर में जगह-जगह गड्ढे खोदने के दौरान पाइपलाइन फूट रही है।

### पार्षदों ने काम कराया बंद, मशीन भी कराई जप्त, बनवाया पंचनामा

उधर पानी सप्लाई की पाइपलाइन फूटने के चलते पानी की बर्बादी रोकने और वार्ड वासियों को हो रही परेशानी से छुटकारा दिलाने के लिए विपक्षी पार्षदों द्वारा एयरटेल कंपनी द्वारा कराया जा रहे कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया ,तो वहीं जलप्रदाय शाखा पदाधिकारी को सूचित कर मौके पर बुलाया गया।जिनसे पंचनामा बनवाया गया है।तो वही जगह-जगह गड्ढा करने के उपयोग में लाई गई हैवी मशीन को भी समस्या का निराकरण न होने तक जप्त किए जाने की मांग की है। जिस पर जलप्रदाय शाखा अधिकारियों द्वारा पंचनामा तैयार कर मशीन को जप्त करने की कार्यवाही की गई है।

### वार्ड के नलों में आया गंदा मटमैला पानी,बूंद- बूंद पानी को तरसे नगरवासी

मंगलवार की सुबहा कंपनी द्वारा पाइपलाइन फोड़ने के चलते वार्ड नंबर 01, वार्ड नंबर 2, और वार्ड नं10 की पानी सप्लाई पूरी तरह से ढप हो गई ,तो वही पाइपलाइन फूटने से मटमैला पानी वार्डो के नलों में सप्लाई होने लगा।जब वार्डवासियों द्वारा पता किया गया तो पता चला कि वार्ड में एक निजी कंपनी के द्वारा 5 जी केबल बिछाने के लिए वार्ड में गड्ढे किए जा रहे हैं, जिन्होंने नगर पालिका की पाइपलाइन को तोड़ दिया है।जैसे ही सुबह नगर पालिका ने जलप्रदाय किया तो वार्ड में लोगों के यहां मटमैला पानी आने लगा। जिसकी शिकायत वार्डवासियों द्वारा पार्षदों से की गई।जिसपर स्थानीय पार्षदों ने पेय जल सप्लाई बंद करा दी। जिससे स्थानीय वार्डवासियो को बूंद- बून्द पानी के लिए तरसना पड़ा।

### करीब 8 लाख रु जमा कर कंपनी ने ली है कार्य की अनुमती

आपको बता दे कि नगरीय प्रशासन से अनुमति लेकर वर्तमान समय में एयरटेल मोबाइल कंपनी के द्वारा नगरीय क्षेत्र में केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते उनके द्वारा जगह जगह सड़क किनारे खुदाई की जा रही है। जिसका लगातार रहवासियों व जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के द्वारा विरोध देखने को मिल रहा है। क्योंकि कंपनी के लोग खुदाई के दौरान जहां पाइप लाइन फुट गयी, उसे दूरस्थ नहीं कर रहे हैं तो वहीं गड्ढे खोदने के बाद उन गड्ढों को भरने का कार्य नहीं किया जा रहा है। जिससे दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। ऐसी ही स्थिति वार्ड क्रमांक 3 ताज नगर के बाद भटेरा वार्ड नं 2 रेलवे क्रॉसिंग के पास भी निर्मित हो गई है, दरअसल यहां पर मंगलवार की सुबहा कंपनी के द्वारा केबल बिछाने के लिए कुछ स्थानों पर गड्ढे खोदने का कार्य किया गया। जिससे वहां की पाइप लाइन फूट जाने से मंगलवार की सुबह नगर पालिका की पेयजल की सुविधा बाधित हो गयी और रहवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस गये। उधर ठेकेदार कर्मचारियों द्वारा नगरपालिका में पैसा देकर गड्ढे खोदने और वहां केबल बिछाने की अनुमति होने की बात कही जा रही है। हालांकि इस कार्य के लिए कंपनी ठेकेदार ने कितना पैसा नगर पालिका को दिया है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन सूत्रों द्वारा इस काम के लिए नगर पालिका को करीब 8 लाख रु देकर कार्य की अनुमति लिए जाने की बात कही जा रही है।

### कंपनी कर्मचारियों की गलती का जनता भुगत रही खामियाजा- सोनी

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया कि हमें वार्ड वासियों से शिकायत मिली कि वार्ड में गंदा व मटमैला पानी सप्लाई किया जा रहा है।हमारे वार्ड नंबर 01 में कई जगह तो पानी भी नहीं आ रहा है। जब पता लगाया गया तो जानकारी मिली कि एयरटेल कंपनी द्वारा नेटवर्किंग कार्य के लिए गड्ढे खोदने के दौरान नगर पालिका की पाइपलाइन तोड़ दी गई है जिससे वार्ड नंबर 1, वार्ड नंबर 2, वार्ड नंबर 10 और वार्ड नंबर 11 में पानी नहीं मिल रहा है। अगर कंपनी को स्वीकृति मिली है तो नगर पालिका के उपयंत्री की उपस्थिति में काम करना था ,वहीं जल प्रदाय शाखा को भी सूचित किया जाना था। उसके बाद काम शुरू करना था ताकि पाइपलाइन सुरक्षित रह सके। लेकिन इन्होंने जलप्रदाय शाखा को सूचित नहीं किया। बगैर इंजीनियर नपा कर्मियों के गड्ढा खोदने का कार्य शुरू कर दिया गया जिससे जगह-जगह पाइपलाइन फूट रही है जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है। गड्ढे को अच्छे से नहीं भरा जा रहा है जिससे वाहन फंस रहे हैं दुर्घटना भी हो रही है हमारी मांग है कि यदि उनके पास परमिशन है तो व्यवस्थित तौर पर कार्य कराया जाए।

### परमिशन की जाए निरस्त, जब तक मार्किंग नहीं होगी तब तक बंद रहेगा काम- कारो लिल्हारे

वही नेता प्रतिपक्ष कारो लिल्हारे ने बताया कि सुबह-सुबह पुरानी पाइपलाइन से पानी की सप्लाई शुरू हुई तो वार्ड के कई घरों से फोन आए कि गंदा व मटमैला पानी आ रहा है।वजह जानने पर पता चला कि रेलवे क्रॉसिंग के पास एयरटेल कंपनी के ठेकेदार कर्मचारियों ने केबल बिछाने का कार्य करने के लिए गड्ढा खोदा है जिन्होंने मशीन से गड्ढा करने के दौरान पाइपलाइन फोड़ दी है। कंपनी के पास परमिशन है लेकिन उन्हें जनहित के कार्यों को क्षतिग्रस्त करने का अधिकार नहीं है। पानी सप्लाई व्यवस्था सीधे जनता से जुड़ी समस्या है। जब नगर पालिका पर्याप्त पानी नहीं दे पा रही है तो जितना पानी दे रही है उसे भी व्यवस्थित दिया जाना चाहिए बिना पाइपलाइन देखे ही गड्ढा खोदने का काम कंपनी ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।इसलिए आज ठेकेदार का यहा कार्य बंद कराया गया है। जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों को बुलाकर पंचनामा तैयार किया गया है। वहीं इनकी परमिशन को रद्द किए जाने की मांग की गई है। हमारी मांग है कि पहले पूरी मार्किंग करें फिर खुदाई का काम शुरू करें इसीलिए मशीन को भी जप्त कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं हुआ है बल्कि कंपनी द्वारा जगह-जगह 200-200 मीटर में गड्ढे खोदे जा रहे हैं उसे अच्छे से बुझाया भी नहीं जा रहा है उन्होंने आगे बताया कि यदि कंपनी ने विधिवत परमिशन ली है तो उन्हें विधिवत काम करना चाहिए लोगों की सुविधाओं से हम समझौता नहीं कर सकते। ठेकेदार के लोगों ने पाइपलाइन तोड़ दी इसकी जानकारी तक नगर पालिका में नहीं दी गई है ।अब जब तक मार्किंग नहीं होती तब तक कंपनी को कार्य करने नहीं दिया जाएगा।

### पानी सप्लाई की व्यवस्था बनाई जा रही है - शिव

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान जल प्रदाय शाखा प्रभारी भूमेश्वर शिव ने बताया कि वार्ड नंबर 01और वार्ड नंबर 02 के पार्षदों से सूचना मिली कि भटेरा रोड पर केबल बिछाने के दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने पाइपलाइन तोड़ दी है यहां आकर देखा गया तो पानी बह रहा था जिसके चलते वार्ड में पानी की सप्लाई बंद की गई है उन्होंने आगे बताया कि ठेकेदार के पास परमिशन होने की बात कही जा रही है लेकिन जलप्रदाय शाखा को कंपनी ने इस कार्य की सूचना नहीं दी थी। हमने कर्मचारी बुलाकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है जल्द ही वार्डों में पानी सप्लाई की व्यवस्था बनाकर, पानी सप्लाई किया जाएगा।

# केशव इंग्लिश स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के केशव इंग्लिश स्कूल में २६ नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ज्ञान विकास समिति के अध्यक्ष तिलक पारधी ,सचिव संजय मान्धाता उपस्थित रहे। इनके द्वारा डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात संजय मान्धाता ने संविधान लेखन में डॉ. भीमराव आंबेडकर की भूमिका पर प्रकाश डालते हुये छात्र छात्राओं को संविधान के महत्व की जानकारी दी। वहीं तिलक पारधी ने बताया की भारत जैसे विविध धर्म, विविध संस्कृति, विविध भौगोलिकता और विविध भाषायी देश को चलाने के लिए एक मजबूत आधार की आवश्यकता थी। जिसके लिए संविधान सभा के समस्त सदस्यों, प्रारूप समिति के सदस्यों की २ वर्ष ११ माह और १८ दिनों की मेहनत के बाद ये संविधान हमें मिला और अक्षरशः इसका पालन हर भारत वासी का कर्त्वय होना चाहिए। विद्यालय की शिक्षिका कुमारी राजकुमारी लिल्हारे और सुश्री स्वांगी कोटांगले ने भी उपस्थित छात्रा छात्राओं को संविधान निर्माण के अनछु पहलू की जानकारी दी। विद्यालय की छात्रा कक्षा १०वीं की दर्पण बिसेन, ८वीं की मानवी भगत और कक्षा ६वीं के छात्र मयंक चौधरी ने भारत के संविधान की अपनी जानकारी साझा की। अंत में राष्ट्रगान जन गण मण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान पाण्डुरंग चौधरी, रविशंकर पटले, आदर्श वासनिक, सत्यम सोनी, आनंद बल्हेरिया, राम पारधी, श्रीमती वंदना वराड़े, रितु अटराहे, सोनाली बनगोस्वामी, रजनी तिवारी, निर्मला कटरे, सीमा राणा, सोना पटले एवं समस्त अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

# सतपुड़ा आई.टी.आई. मांझापुर में ओपन कैम्पस का आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। सतपुड़ा आई.टी.आई. लालबर्रा रोड़ मांझापुर में दिनांक 26/11/2024 को प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन किया गया, जिसमें छिंदवाड़ा की सुप्रसिध्द एवं प्रतिष्ठित कंपनी वोल्टास सीआईआई स्किल ट्रेनिंग सेंटर के लिए प्लेसमेन्ट अधिकारी बलराम धुर्वे सर द्वारा भर्ती ली गई। जिसमें आईटीआई, कर चुके लगभग 120 अभ्यार्थी उपस्थित हुए जिसमें इंटरव्यु के माध्यम से 40 अभ्यर्थियों का चयन किया



गया। सतपुड़ा आई.टी.आई. के प्राचार्य एवं प्लेसमेंट अधिकारी सर द्वारा चयनित सभी अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनांए दी गई एवं समस्त छात्र/छात्राओं को बताया गया कि हमारी संस्था द्वारा समय-समय पर प्रतिष्ठित कंपनियों के कैम्पस/रोजगार मेले के आयोजन किये जाते रहते हैं जिसका लाभ लेने हेतु छात्र/छात्राएँ हमारी संस्था के सोशल मिडिया नेटवर्क/दैनिक समाचार पत्र एवं संस्था से जुडे रहे, जिससे संबंधित जानकारी समय-समय पर उपलब्ध की जाती रहेगी। जैसा आप सभी लोगों को मालूम ही है कि सतपुड़ा ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूट विगत 25 वर्शो से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए बहुत से छात्र-छात्राओं का सुप्रसिध्द एवं प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन करा चुकी है। छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य बनाने में संस्था की 16 आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, डी.एड., बी.एड. कॉलेज एवं सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल का विषेश योगदान रहा है।

# 7 सड़कों के जंक्शन से दो जनजातीय जनपदों के आदिवासियों की राह हुई आसान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में एक ऐसी सड़क बनकर तैयार हुई है। जो दो जनजातीय जनपद के आदिवासियों के लिए लाईफ लाइन के समान है। यह सड़क इतनी महत्वपूर्ण है कि इस सड़क से 14 से अधिक गांवो से निकलने वाली सड़कें 7 जंक्शन बना रही है। इस लिहाज से 32 कि.मी की यह सड़क किसी हाइवे से कम नही। इसके अलावा ऐसे क्षेत्र में बनी है जहां पहले को पक्की सड़क नहीं हुआ करती थी। अब बैहर और बिरसा दो जनपदों के नागरिक सैर सपाटे से एक छोर से दूसरे छोर तक अस्पताल, स्कूल, राशन दुकानों, मंडी और शहरों की राह आसान हो गई है। वहीं कस्बों व शहरों के व्यापारियों और पर्यटकों की भी पहुँच गांवो तक हो गई है। पीएमजीएसवाय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भंडेरी से अडोरी जाने वाली 32 किमी. की सड़क एक अकेली सड़क नहीं है। इस सड़क पर 7 से अधिक सड़के आकर मिलती है। जो कई जगह पर तिराहे और चौराहा भी बनाती है।



### 32 किमी.की सड़क से 7 अन्य पीएम सड़कों के जंक्शन बनें

भंडेरी से अडोरी को जाने वाली 32.656 किमी की सड़क ऐसी सड़क है। जिस पर 7 अन्य पीएम सड़कें जंक्शन बना रही है। जिनकी कुल लंबाई 50.37 कि.मी लंबी है। यानी इस एक सड़क के आसपास के गांवो के लिए अपने आप में हाइवे की तरह है। इससे स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा के अलावा रोजगार, व्यापार, मंडी और बैंक तक इस मार्ग में आने वाले 8 गाँवों की करीब 10 हजार नागरिकों की लाईफ लाइन के समान है। ये 7 सड़के मोहबट्टा से करवाही 13.47 किमी. सरेखा से बरवाही 1.50 किमी.पाथरी से गड़पायली 2.70 किमी.नव्ही से जालदा 3.30 किमी., अडोरी से सुन्दरवाही 5.90किमी.,अडोरी से कोरका 13.50 किमी. और कोरका से धरमशाला 10 किमी. की कुल 50.37 किमी. की सड़कें बनी है। जो सीधे भंडेरी से अडोरी मार्ग पर जंक्शन बनाती है।

### 4 हजार से अधिक राशन कार्ड और हर दिन करीब 500 रोगियों की पहुँच हुई स्वास्थ्य केंद्रों तक

सड़क निर्माण से पूर्व विभाग द्वारा किये गए सर्वे के अनुसार भंडेरी, गंजेसरा, घुममुर, कंडाई, कीनिया, गुडरवाड़ा और सरेखा की कुल जनसंख्या 8 हजार से अधिक बताई गई। वहीं इसके आसपास के 30 से अधिक गाँव के नागरिक भी इसी सड़क का उपयोग करने लगे है। इस सड़क से राशन कार्ड धारियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों तक पहुँचने में आसानी हुई है। इस मार्ग का उपयोग कर करीब 4000 हजार नागरिक राशन पा रहें है। इसी तरह इस मार्ग के दायरे में आने वाले गांवो में स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों पर करीब 500 रोगी प्रतिदिन स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुँच रहें है।

# पति पत्नी और बेटे को न्यायालय उठने तक की कारावास- प्रत्येक को 5-5 सौ रुपये अर्थदंड

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी भूपेंद्र सिंह की अदालत में मारपीट के मामले में जोहर पिता चमरा कबीरे 58 वर्ष उसकी पत्नी ओशिला पति जोहर कबीरे 53 वर्ष बेटा संदीप पिता जोहर कबीरे 22 वर्ष सभी ग्राम तारटोला आकोला थाना किरनापुर निवासी को न्यायालय उठने तक का कारावास और प्रत्येक को पांच पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किये। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री रीता यादव ने बताया कि यह घटना 24 नवम्बर 2021 को सुबह 6 बजे ग्राम तारटोला (अकोला) में हुई थी। नारायण कबीरे अपने जानवरों का गोबर फेंकने के लिए अपने घुड़े में गया था। उसके घुड़े के किनारे उसके बड़े भाई जोहर के परिवार के लोग लहसुन का वाड़ा लगाए थे। जिसमें कचरा चला गया था। उक्त बात पर से नारायण के बड़े भाई जौहर ने नारायण को अश्लील गालियां दिया। तब नारायण वहा से चला गया था और अपने घर की ओर आने लगा था। तब उसे रास्ते में जौहर कबीरे उसकी पत्नी और ओशिला कबीरे और बेटा संदीप मिले और तीनों ने नारायण को हमारे लहसुन के वाफे में गोबर कचरा डालकर खराब कर दिया। कह कर उन्होंने हाथबुक्के से मारपीट किये। ओशिला ने लोहे की पोंगरी से नारायण के सर कंधे पर मारी। झगड़ा देखकर नारायण का लड़का राहुल कबीरे और उसकी पत्नी पुष्पा बाई कबीरे आए जिन्होंने नारायण कबीर के बेटे राहुल के साथ भी मारपीट किए थे। नारायण कबीरे द्वारा पुलिस थाना किरनापुर में रिपोर्ट की गई थी। जहां पर अपराध कायमी की गई और इस अपराध में जोहर उसकी पत्नी और बेटे को गिरफ्तार किया गया और विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था। यह मामला न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी भूपेंद्र सिंह की अदालत में चला जहां अभियोजन पक्ष तीनों आरोपी के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। जिसके परिणाम स्वरुप विद्वान अदालत ने तीनों आरोपी जोहर कबीरे उसकी पत्नी ओशिला कबीरे और बेटा संदीप कबीरे को धारा 323/34 भादवि के तहत अपराध में न्यायालय उठने तक का कारावास और प्रत्येक को पांच-पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किये। इस मामले में शासन की ओर से सहायक लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सरिता ठाकुर द्वारा पैरवी की गई थी।

आवश्यकता है
सेल्समेन एवं सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
सपर्क करे- घूंघट साड़ी
मेन रोड, बालाघाट, फोन-07632-357568

आवश्यकता है
चपरासी की आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
244944 मो. 9201340520,9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

# उपार्जन की तैयारी पूर्ण करे-सीईओ पटले

## 185 खरीदी केन्द्रो में 02 दिसंबर से होगी धान खरीदी



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)।जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अंतर्गत कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में 25 नवंबर को बैंक सीईओ आरसी पटले द्वारा वीसी के माध्यम से शाखा प्रबंधको, सुपरवाईजरो, संस्था प्रबंधको और समिति कर्मचारियों की बैठक ली गई। इस दौरान श्री पटले ने निर्देशित किया कि 02 दिसंबर से जिले में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ होगा।जिसके लिए जिले में इस वर्ष 185 खरीदी केन्द्र बनाये गये है। जहां 30 नवंबर तक सभी तैयारी पूर्ण करते हुए उपार्जन नीति के अनुसार कार्य करे। सभी केन्द्रो में लगने वाले तौल कांटे प्रमाणित हो, कटे फटे बारदानों में धान खरीदी ना करे उन्हे तुरंत आवश्यक कार्यवाही कर वापस लौटाये। इसके अलावा खरीदी केन्द्रो में बैनर लगाना सुनिश्चित करे तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे। श्री पटले ने बताया स्लॉट बुकिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है खरीदी केन्द्रो में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया जावे साथ ही मौसम परिवर्तन के दौरान रख-रखाव को लेकर सावधानियाँ बरते।

### कम्प्यूटराईजेशन में लापरवाही, दो संस्था प्रबंधको को आरोप पत्र जारी

बैंक सीईओ श्री पटले ने द्वारा शाखा अंतर्गत सभी समितियों के सुपरवाईजरो से चर्चा करते हुए पैक्स कम्प्यूराईजेशन के कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि दो समिति के संस्था प्रबंधको द्वारा कार्य में रूचि नही ली जा रही है जिसको लेकर आरोप पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही श्री पटले द्वारा मध्यमकालीन ऋण, धरती आबा उत्कृष्ट योजना, खातो के आधार से लिंक की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राकेश असाटी विपणन अधिकारी, राजेश नगपुरे फिल्ड अधिकारी, सारंग बिसेन, रौनक चौकसे, सृजल शाक्य, अमरेश परिहार, राजनंदनी परिहार आदि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
मेडिकल होलसेल/ रीटेल में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की अर्जेंट आवश्यकता है
अनुभवी एवं कम्प्युटर प्रशिक्षित को प्राथमिकता
-संपर्क करें-
मनीषा मेडिकोज, बालाघाट
मो. 7073101956

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

## जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों की किए गए आयोजन, संविधान के रचयिता को याद कर संविधान रक्षा की ली शपथ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। दुनिया भर के तमाम संविधानों को बारीकी से परखने के बाद बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया था। जिसे 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा के समक्ष लाया गया था और इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपना लिया।यही वजह है कि देश में हर साल 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते हैं। इसी कड़ी में 26 नवंबर को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया।जहां जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर संविधान के रचयिता डॉ भीमराव आंबेडकर को याद कर लोगों ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और जयकारे लगाए। साथ ही समस्त लोगों ने सामूहिक रूप से संविधान की रक्षा की शपथ ग्रहण की। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर के आंबेडकर चौक में बौद्ध अनुयायियों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जहां बौद्ध अनुयायियों ने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए वही सविधान के निर्माता और भारतीय संविधान के जयकारे लगाए।तो वही बाबा साहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में आयोजित संविधान दिवस पर उपस्थित जनों द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रतियों का वाचन किया ।इसके अलावा नगर के समता भवन बूढ़ी सहित विभिन्न स्थानों पर उद्बोधन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहां समाज के प्रमुख वक्ताओं ने संविधान दिवस पर प्रकाश डालते हुए संविधान के निर्माता और संविधान द्वारा हर भारतीय नागरिकों को दिए गए हक और उनके अधिकारों की जानकारी दी। वहीं हर हाल में संविधान की रक्षा करने और संविधान के मुताबिक चलने की बात कही।



### विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए आयोजन- गौरव

संविधान दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर की गई चर्चा के दौरान सार्वजनिक जयंती समारोह समिति महासचिव अधिवक्ता गौरव मेश्राम ने बताया कि आज देश संविधान दिवस की 75 वी वर्षगांठ मना रहा है। संविधान दिवस पर सामाजिक लोगों ने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और समता भवन में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किए जा रहे है।

### जिम्मेदारो ने नही किए साफ सफाई रौशनी सहित अन्य इंतेजाम-सचिन मेश्राम

वही इस पूरे आयोजन को लेकर शाशन के आदेश के बावजूद भी जिम्मेदारो द्वारा साफ सफाई न किए जाने, रौशनी ना करने सहित अन्य बन्दुओ पर आपत्ति जताते हुए सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के संरक्षण सचिन मेश्राम ने दुख जताया है। चर्चा के दौरान श्री मेश्राम ने बताया कि आज भारतीय संविधान दिवस की हीरक जयंती मनाई जा रही है, देश पर राज करने वालो पर आंबेडकरवादियों का इतना असर है कि आज सरकार ने इसे हर जगह मनाए जाने के आदेश जारी किए है लेकिन दु:खद यह है कि लोग संविधान की बात तो करते है, लेकिन इसे मानने से कतराते है, चिंतनीय यह है कि संविधान के निर्माता की प्रतिमा स्थल पर संबंधित प्रशासन सफाई तक नहीं करवा सका। उन्होने बताया कि भारत का संविधान ही एक ऐसा संविधान है, जो लिखित और सबसे बड़ा है। जिसमें राष्ट्र के समस्त नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण और दलितो एवं पिछड़ो के लिए आरक्षण की व्यवस्था की।

# आप पार्टी ने मनाया संविधान और पार्टी स्थापना दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। 26 नवम्बर को आम आदमी पार्टी की स्थापना दिवस और राष्ट्रीय कार्यक्रम संविधान दिवस के अवसर पर आप पार्टी के जिला कार्यालय का उद्घाटन हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रेमनगर बालाघाट में किया गया। तत्पश्चात जिला कार्यालय से पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकालकर शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर स्थापित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला अस्पताल के समक्ष पहुंचकर मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आप पार्टी के द्वारा म.प्र सरकार द्वारा शहीद भगतसिंह शासकीय जिला अस्पताल को निजीकरण करने के फैसले का विरोध करते हुये नारेबाजी कर इस पर तत्काल रोक लगाये जाने मुख्यमंत्री के नाम सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल,रजनीश नायडू जिला सचिव, सुरेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, सादिक कुरैशी जिला उपाध्यक्ष, अनिल ब्रम्हेजिला कार्यालय प्रभारी, मस्तराम डहारे जिला प्रवक्ता, श्रीमती प्रीति बाह्य, रामचंद्र सिहोरे, दुर्गा प्रसाद कटरे, शंभू प्रसाद लांजेवार ,सदन राहंगडाले, डॉ योगराज ठाकरे संजय बिसेन, देवाजी सोनवाने, विनोद कक्कुवार ,विनोद पारधी, दिनेश बघेले ,मोरेश्वर झोड़े, दीपक मिरपुडे, गुलाब पुष्प तोड़े, हीरालाल पांचे, दिलीप वराडे ,ओमकार ठाकरे ,स्वप्निल वराडे ,श्याम होह्लूमारे, रक्छेंद्र बिसेन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं आम नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा- जायसवाल

आयोजित कार्यक्रम और सांकेतिक धरना प्रदर्शन को लेकर की गई चर्चा के दौरान आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल ने बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर 12 वर्ष पूर्व केजरीवाल जी के नेतृत्व में आप पार्टी की स्थापना की गई थी। आज पार्टी राष्ट्रीय दल के रूप में स्थापित हो गई है और दिल्ली और पंजाब में पार्टी की सरकार है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जिला चिकित्सालय का निजीकरण करने का टेंडर निकल गया है, जिसका हमारी पार्टी पुरजोर विरोध करती है ।सरकार ने प्रदेश के10 जिला चिकित्सालयों के निजीकरण का फैसला लिया है !जिसमे बालाघाट का शहीदे आजम भगतसिंह जिला चिकित्सालय का निजीकरण भी शामिल है। सरकार ने यह जनविरोधी फैसला लिया है। मध्यप्रदेश शासन के इस असंवेदनशील फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी जिला इकाई ने जिला हॉस्पिटल के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरनाप्रदर्शन किया है। जब तक निजीकरण का यह फैसला रद्द नही होता तब तक हम विरोध करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि जिला अस्पताल का निजीकरण किया गया तो जनता के साथ मिलकर आप पार्टी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

# संविधान दिवस पर एनसीसी और विद्यालय ने दिया जागरूकता का संदेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। 6 एमपी इंडिपेंडेंट कंपनी एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वी.के. गुप्ता के निर्देशन में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संविधान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेकंड एनसीसी ऑफिसर कंचन महाजन ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिक्षिका ममता तिवारी ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी और भारतीय संविधान की विशेषताओं तथा नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। संविधान दिवस के इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता पैदा करना और उनके अंदर देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। विशेष रूप से एनसीसी कैडेट ज्योति नागेश्वर और सीएचएम लोकांक्षी हनवत ने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया ।कंचन महाजन ने संविधान दिवस पर सभी को संविधान के प्रति सम्मान और उसकी मूल भावना को बनाए रखने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम न केवल शिक्षाप्रद था, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में शिक्षिका करूणा ठाकुर, शिक्षक लालित ठाकरे और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों और एनसीसी कैडेट्स की मेहनत सराहनीय रही।

## हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की थीम पर मनाया गया संविधान दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की थीम पर मंगलवार 26 नवम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिपं उपाध्यक्ष




योगेश राजा लिल्हारे की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. भीमराव आंबेडकर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष श्री लिल्हारे द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारियो को भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया गया। साथ ही भारत के संविधान के इतिहास के सम्बंध में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

# भटेरा रेलवे क्रासिंग निर्माण में अतिक्रमण फिर बना रोड़ा

## भटेरा रोड की जमीन को लेकर एक बार फिर हुआ विवाद, पुलिस ने किया हस्तक्षेप, मंदिर व अतिक्रमण हटाने के बाद दुकानदारों ने लगाई है फेसिंग, जिसका हो रहा विरोध

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। भटेरा रोड रेलवे क्रॉसिंग में रेलवे उड़ान पुल निर्माण के लिए नगर पालिका द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाया जा चुका है। बावजूद इसके भी अतिक्रमण करने वाले लोग, अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हैं ।जो अतिक्रमण हटाने के बाद आए दिनों उक्त स्थान पर फेंसिंग व गट्टू लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। जिसके चलते नगर पालिका, पुलिस अमले और स्थानीय प्रशासन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां आए दिनों अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है जिसका एक नजारा मंगलवार की दोपहर भटेरा रोड में एक बार फिर देखने को मिला। जहां अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। जहां भारी दल बल के साथ उपस्थित प्रशासनिक कर्मचारियो की मौजूदगी में नपा कर्मचारियों द्वारा सड़क किनारे किए गए फेंसिंग व टाइल्स गट्टू को हटाकर उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही की गई।**



### 4 वर्षो से बन रही विवाद की स्थिति, हर बार हटाया जाता है अतिक्रमण

बात अगर अतिक्रमण हटाने कार्यवाही की करें तो अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में अवंती चौक से लेकर भटेरा रेलवे फाटक के बीच मार्ग में एक स्थान पर स्थापित मंदिर को करीब चार साल पहले नगरीय प्रशासन ने तोड़ दिया था। जिसके बाद से उक्त स्थान को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित है। हाल ही में भटेरा रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया को ध्यान में रखने के साथ साथ यातायात को सुगम बनाने के लिए अतिक्रमणकारी अमले ने अवंती चौक से लेकर भटेरा रेलवे फाटक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान उसी स्थान पर बनाए गए मंदिर व अतिक्रमण को एक बार फिर से हटा दिया गया था। जिसके बाद से इस स्थान के समीप बनी दुकानों व अतिक्रमणकारियों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है। पूर्व में भी अतिक्रमणकारियों द्वारा उक्त स्थान पर फेसिंग किए जाने का कार्य किया गया था जिसे भी हटाने की कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद उक्त स्थान पर ही दुकानदारों ने फेसिंग की है और अब वे लोग गट्टू लगा रहे है। जिसे लेकर मंगलवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आए गए और विवाद शुरु हो गया। जिसकी जानकारी नगरीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन को मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया हैं।

### इसलिए बन रही विवाद की स्थिति

आपको बताए कि भटेरा रोड पर जिस स्थान पर मंदिर था और जो लोग सेवा करते थे उनका कहना है कि उक्त जमीन दान की है, और इसका प्रकरण न्यायालय में भी लंबित है। वहीं नगरीय प्रशासन का कहना है कि वह जमीन न तो दान कि है और न ही उसका कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है।एक आवेदन न्यायालय में किया गया था उसे भी न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। जिसके चलते वहां से अतिक्रमण को हटाया गया है और दुकानदार अपनी दुकानों तक ग्राहकों के पहुंचने के लिए गट्टू लगाकर रहे है। जिसका विरोध किया जा रहा है और बार-बार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही हैं।

### कैमरे के सामने बोलने से हर कोई कर रहा इंकार

हालांकि इस विवाद को लेकर कई बार पक्ष विपक्ष आमने-सामने आए हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा कई बार अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई है। आए दिनों की तरह मंगलवार को भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के बीच उपजे विवाद में किसी भी पक्ष ने कैमरे के सामने आकर कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया है।

# दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने आवासीय पट्टे की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

## कहां अन्य शासकीय योजनाओ का भी नहीं मिल रहा लाभ, मांग पूरी ना होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। एक ओर शासन प्रशासन द्वारा वर्षों से सरकारी भूमि पर निवास करने वाले लोगों को पट्टे देकर प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य शासकीय योजना का लाभ दिए जाने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय सहित समस्त तहसील व ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां अब भी वर्षों से निवास करने वाले गरीबों को आवासीय पट्टे नहीं मिल पाए हैं। जिसके चलते उन्हें शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जो पट्टे की मांग को लेकर पिछले कई वर्षों से शासकीय कार्यालयों के चक्कर काटते नजर आ रहे हैं लेकिन उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिल रहा है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष मकसूद खान के नेतृत्व में वारा किरनापुर एवं वार्ड नंबर 23 ,24 और वनस्पति उद्यान गर्रा समीप निवासरत गरीब मजदूरों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर आवासीय पट्टा की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने आवेदन निवेदन पर भी सुनवाई ना होने का आरोप लगाते हुए इस बार भी आवासीय पट्टे ना मिलने पर सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।



### शासकीय योजनाओं का भी नही मिल रहा लाभ

आवेदकों ने बताया कि सरकारी जमीन पर 20 वर्ष से अधिक समय से निवास करने के बावजूद भी उन्हें अब तक पट्टे नहीं मिल पाए हैं जिसके चलते उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन प्रशासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर वे काफी परेशान है ।इस अवसर पर विनोद बंशकार, अविनाश बाजनघाटे, अजय माहेश्वरी, अनिल जामरे, विनीत शुक्ला, पवन परते, सत्यम यादव सहित अन्य शमिल रहे।

### पट्टे मांगो तो मिलता है आश्वासन

आवासीय पट्टे दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे आवेदको ने बताया कि वह पट्टे की मांग को लेकर पिछले कई वर्षों से शासकीय कार्यालय के चक्कर लगा रहे है। लेकिन उन्हें आज तक आवास के पट्टे जारी नहीं किए गए हैं ।जिसके चलते उनकी आधी जिंदगी झोपड़ी में बीत चुकी है। उन्होंने बताया कि कई बार अपनी इस मांग को लेकर नगर पालिका, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट चुके हैं हर बार पट्टे की मांग की गई है लेकिन पट्टे मांगने पर हर बार उन्हें सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही मिला है।जिन्होंने सभी आवेदको को मकान का स्थाई पट्टा दिए जाने गुहार लगाते हुए, उक्त आवेदन पर यथाशीघ्र विचार कर जल्द से जल्द सर्वे कराकर उन्हें पट्टे की सौगात दिए जाने की गुहार लगाई है।

### तो सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा- मकसूद खान

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान कांग्रेस जुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मकसूद खान ने बताया कि मध्यप्रदेश में करीब 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है। सरकार से गरीब आदिवासी व मजदूर झुग्गीवासी काफी लंबे समय से आवासीय पट्टा की मांग कर रहे है। लेकिन ये गूंगी बहरी सरकार गरीबों की आवाज नहीं सुन रही है। चुनाव के समय भाजपा के लोग कहते है कि आप हमें वोट दो हम तुम्हें पट्टे देंगे, आवासीय हक देंगे। लेकिन अब तक पट्टा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शीघ्र पट्टा प्रदान नहीं किए गए तो गरीब मजदूरों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

## भारी मात्रा में हाथ भट्टी की कच्ची शराब रखने के मामले में फरार आरोपी ने अदालत में किया आत्मसमर्पण- भरवेली पुलिस ने लिया एक दिन की रिमांड

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। अत्यधिक मात्रा में हाथ भट्टी की कच्ची शराब रखने के मामले में दो माह से फरार आरोपी दीपक पिता मनोहर नगपुरे 50 वर्ष ग्राम धन्सुआ थाना भरवेली निवासी ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। जिसे भरवेली पुलिस ने एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 सितंबर 2024 को भरवेली पुलिस ने प्रताप पिता शिवकार मरकाम 19 वर्ष ग्राम चिखलाझोडी थाना रूपझर हाल मुकाम धन्सुआ निवासी को 60 लीटर कच्ची महुआ की शराब और एक टीवीएस जूपिटर स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया था ।अत्यधिक शराब रखने के संबंध में प्रताप मरकाम से पूछताछ की गई तब उसने बताया था कि महुआ की कच्ची शराब दीपक नगपुरे के साथ घनसुआ नाले के किनारे बनाये थे तथा उक्त शराब को दीपक नगपुरे ने स्कूटर से अपने घर धनसुआ लेकर जाने बोला था। इस मामले में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर इस अपराध में प्रताप मरकाम को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया था। इस मामले में दीपक नगपुरे घटना दिनांक से फरार चल रहा था। भरवेली पुलिस द्वारा दीपक नगपुरे को गिरफ्तार करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। अत्यधिक मात्रा में कच्ची शराब रखने के मामले में फरार दीपक नगपुरे के द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। 26 नवंबर को दीपक नगपुरे ने विद्वान अदालत में आत्मसमर्पण किया। जहां से भरवेली पुलिस ने आरोपी दीपक नगपुरे को एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। जिसे 27 नवंबर को विद्वान अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक रवन सिह उइके द्वारा की जा रही है।

# खेत में घायल हालत में पड़े एक व्यक्ति को जिला अस्पताल में किया गया भर्ती

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। परसवाड़ा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम चंदना में इसी ग्राम का एक व्यक्ति रमेश पिता मानक राम पटले 45 वर्ष अपने खेत में घायल हालत में पड़ा हुआ परिजनों को मिला। 26 नवंबर को सुबह यह घटना उस समय हुई जब यह व्यक्ति अपने घर से खेत जाने निकला था । घायल इस व्यक्ति को परसवाड़ा के अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। इस व्यक्ति के साथ गांव के ही लोगों द्वारा मारपीट कर उसकी जेब से10 हजार रुपये निकाले संभावना व्यक्त की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश पटले अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। जिसके परिवार में पत्नी दो बेटी और एक बेटा है और सभी बच्चे पढ़ाई करते हैं। 26 नवंबर को सुबह 7 बजे करीब रमेश पटले अपने घर से खेत जाने निकला था । किंतु 11 बजे रमेश पटले ने अपने भतीजे नंदकिशोर पटले को फोन किया। उसकी भाषा समझ में नहीं आ रही थी। तब नंदकिशोर पटले अपने भाई के साथ खेत पहुंचे और खेत में रमेश पटले को खोजें। खेत में ही रमेश पटले घायल हालत में पड़े हुये मिले ।जिसे उठाकर घर लाये और कोटवार को बताएं 100 डायल को भी सूचना दी। यह भी बताया गया है कि 25 नवंबर को रमेश पटले के पास 10हजार रुपये थे। उसने रात्रि में घर में रुपये नहीं दिये थेऔर 26 नवम्बर को सुबह वह 10हजार रुपये अपने साथ लेकर गया था किंतु रमेश पटले खेत में घायल हालत जब मिला उसकी जेब में 10 हजार नहीं थे ।जेब में मात्र 110 रुपये ही थे। घायल रमेश पटले को उसके परिजनों ने परसवाड़ा थाना ले गये जहा पुलिस कर्मचारियों ने आगे घायल रमेश पटले को अस्पताल में भर्ती कर इलाज करवाने की सलाह दी। इसके बाद रमेश पटले को परसवाड़ा के शासकीय अस्पताल में भर्ती किये थे। रमेश पटले ने परिजनों को बताया था कि उसके साथ मारपीट हुई है। इसके अलावा वह और भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं था। घायल रमेश पटले को परसवाड़ा के शासकीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। रमेश पटले के परिजनों को जानकारी मिली कि चंदना और घोड़ादेही के बीच ग्राम चंदना के ही प्रकाश यादव का ढाबा है जहां पर रमेश पटेल शराब पीने गया और



वहीं पर किसी बात को लेकर विवाद होने पर प्रकाश यादव और माखन यादव ने रमेश पटले को मारपीट कर दिया और उन्होंने 10 हजार रुपये छीन लिए जिसके बाद मारपीट में घायल रमेश पटले को वही समीप खेत में ले जाकर छोड़ दिए।

### छीनाझपटी कर चाचा की जेब से रुपये निकाल लिए- नंदकिशोर पटले

नंदकिशोर पटले ने पद्मेश न्यूज़ को बताएं कि रमेश पटले उनके चाचा लगते हैं। आज सुबह हुए अपने खेत घोड़ादेही तरफ गए थे। 11 करीब उन्होंने फोन लगाए उनकी भाषा समझ में नहीं आ रही थी। तब हम लोग खेत गए। देखें चाचा खेत में बेहाल घायल हालत में पड़े हुए थे। उन्हें उठाकर घर ले और कोटवार को बताएं। चाचा ने मारपीट करना बताएं। नंदकिशोर पटले ने आगे बताया कि उनके चाचा अपने पास 10हजार रुपये रखे हुए थे ।किंतु जब खेत में पड़े हुए थे उनके पास 110 रुपए ही थे। घोड़ादेही और चंदना के बीच ढाबा में प्रकाश यादव के साथ मारपीट हुई है। प्रकाश यादव कच्ची शराब भट्टी चलाते हैं। संभावना है कि प्रकाश यादव ने छीनाझपटी कर चाचा की जेब से रुपए निकाल दिए और मारपीट में घायल चाचा को खेत में ले जाकर रख दिये।

# हर्षोल्लास के साथ तहसील कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय में अधिवक्ता एवं कोटवार संघ के संयुक्त तत्वाधान में २६ नवंबर को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान, अधिवक्ता संघ लालबर्रा अध्यक्ष बाबूलाल सरटि, कोटवार संघ जिलाध्यक्ष अशोक गेडाम, तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं संविधान की पुस्तक की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों की गुलामी के बाद जब हमारा देश आजाद हुआ तब देश को चलाने के लिए संविधान की अत्यंत आवश्यकता थी क्योंकि भारत विभिन्नताओं का देश है। यह पर सभी क्षेत्रों की भाषा, संस्कृति, वेदभूषा अलग है और हमारा देश जातियों में बंटा हुआ था, इन सभी को एकसूत्र में पिरोकर बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए देश के महापुरूषों ने संविधान का निर्माण किया है। जिसके लिए सर्वप्रथम एक संविधान सभा गठित की गई थी जिनके द्वारा देश की विभिन्नताओं, संस्कृति को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को सामान अधिकार देकर देश में ऊंच-नीच का भेंदभाव खत्म कर सभी को समानता का अधिकार देने के लिए संविधान का निर्माण किया गया था। जो २६ नवंबर १९४९ को बनकर तैयार हो गया था परन्तु इसे २६ जनवरी १९५० में लागू किया गया था। तभी से २६ नवंबर को संविधान दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। साथ ही यह भी कहा कि यह भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक सिध्दांतों और लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित करने के महत्व की याद दिलाता है और भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया है इसलिए हम सभी को भारत के संविधान का पालन करते हुए देशहित में काम करना चाहिए। पांढरवानी सरपंच, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान ने कहा कि हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि आज ही के दिन हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था। जिसे हमारे देश के महापुरूषों के द्वारा सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य था कि सभी लोगों में समानता आये, सभी को समान अधिकार मिले, सभी वर्ग के लोग हो, किसी भी जाति का हो सभी संविधान के दायरे में सामान होंगे और देश में जो कानून व्यवस्था होगी वह सभी वर्ग के लिए समान होगी। यही वजह है कि आज हम सभी स्वतंत्र भारत में स्वतंत्रता पूर्वक रह पा रहे हैं और भारत देश का संविधान बहुत अच्छा संविधान है। कार्यक्रम को अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नायब तहसीदार श्री मिश्रा, अधिवक्ता मुकेश नगपुरे, केवल उके, ताराचंद कावड़े, अशोक गेडाम सहित अन्य अधिवक्ता एवं कोटवारगण उपस्थित रहे।

# नगपुरा में छात्र-छात्राओं को विधायक के हस्ते वितरित की गई साइकिल



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ७ किमी. दूर ग्राम पंचायत नगपुरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य, पांढरवानी सरपंच विधायक प्रतिनिधि अनीस खान, नगपुरा सरपंच श्रीमती अनिता लिल्हारे, सीएम राइज स्कूल लालबर्रा के प्राचार्य लक्ष्मीचंद मानवटकर की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर शासन की महत्वकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत नगपुरा स्कूल के पात्र ४१ छात्र-छात्राओं को विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के हस्ते साइकिल का वितरण किया गया। वहीं साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि शासन के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में शासन की महत्वकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना भी है, इस योजना के तहत पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की जाती है जिससे दुर-दराज से पढ़ाई करने आने वाले बच्चों को सुविधा होती है। साथ ही छात्र-छात्राओं से भी कहा कि अच्छी पढ़ाई कर अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रौशन करें। सीएम राइज स्कूल प्राचार्य लक्ष्मीचंद मानवटकर ने छात्र-छात्राओं को लगन के साथ पढ़ाई करने प्रेरित किया। इस अवसर पर पंच दिनेश महेरबान, अजू राणा, संस्था प्रभारी चंद्रयान उके, सोमलाल बारेकर, संवेद अग्रवाल, पुखराज वरकड़े, मोनिका सोनबिरसे, अनुराधा डहरवाल, प्रीति अमूले, शीतल बहेकर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार



सोमवार को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, दावें एवं आपत्तियों के विषय में जानकारी एवं जागरूकता हेतु व्याख्यान माला एवं जागरूकता कार्यक्रम गत १६ नवंबर को महाविद्यालय में आयोजित किया गया। साथ ही प्रति दिवस ई.एल.सी. क्लब द्वारा निरन्तर विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है और २५ नवंबर को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने महाविद्यालय में मानव श्रृंखला एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत द्वारा विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया गया। ई. एल. सी. क्लब प्रभारी डॉ. संगीता मेश्राम के द्वारा विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक सुमन बरवा, डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे, डॉ. देवराज चौरे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, नरेश सौलखे, श्रीमती संध्या परते, डॉ. कामाक्षा बिसेन, डॉ. आशीष बागड़े, श्रीमती आशा कारे, श्रीमती माधुरी पुसे, संदीप चौरसिया, व्यंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, पीतम मुरते, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सीएम राइज स्कूल में प्रश्नोत्तरी, रंगोली और चित्रकला/पेंटिग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## संविधान दिवस मनाकर संविधान की उदेशिका का किया गया वाचन, संविधान के महत्व की दी गई जानकारी





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में २६ नवंबर को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मीचंद मानवटकर की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। संविधान दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, चित्रकला/पेंटिग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक रंगोली, चित्रकला/पेंटिग बनाये साथ ही गीत, भाषण एवं नृत्यों की भी प्रस्तुती दी। वहीं शिक्षिका श्रीमती शारदा मेश्राम के द्वारा संविधान की उदेशिका का वाचन किया एवं छात्र-छात्राओं ने उसे दोहराया। वहीं संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य लक्ष्मीचंद मानवटकर ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियम कानून की आवश्यकता थी, संविधान की आवश्यकता थी जिसको ध्यान में रखते हुए देश के महापुरुषों ने विचार-विमर्श कर सभी वर्गों को ध्यान में रखकर संविधान तैयार करने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए एक संविधान समिति का गठन किया गया एवं २६ नवंबर १९४९ को संविधान बनकर तैयार किया गया और २६ जनवरी १९५० को भारत का संविधान लागू हुआ परन्तु २६ नवंबर को संविधान बनकर तैयार हो गया था इसलिए आज के दिन पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में स्कूल में २६ नवंबर को संविधान दिवस मनाने के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को भारत देश के संविधान के बारे में जानकारी दी गई है। साथ ही यह भी कहा कि संविधान हम भारतवासियों को स्वतंत्रता, समानता, एकता में बांधे हुए है इसलिए छात्र-छात्राओं को भारत के संविधान के बारे में जानकारी होना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस के छात्र मयंक परते का शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव जाम निवासी डिप्टी रेंजर रूपसिंह परते का पुत्र २१



वर्षीय मयंक परते का २५ नवंबर को हृदयगति रूक जाने से दुःखद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार २६ नवंबर को स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहगांव जाम निवासी डिप्टी रेंजर का २१ वर्षीय बेटा मयंक परते एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की पढ़ाई इंदौर से कर रहा था। साथ ही विगत दिवस से अस्वस्थ था जिसका ईलाज जारी था। इसी बीच अचानक अधिक तबियत खराब होने से २५ नवंबर को दुःखद निधन हो गया। स्व. मयंक परते बचपन से ही पढ़ाई में होनहार छात्र रहा है। साथ ही सरल, स्वभाव एवं मुदुभाषी का धनी था और अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गया है। वहीं इतनी कम उम्र में मयंक परते का निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. मयंक परते का २६ नवंबर को प्रातः ११ बजे मोहगांव जाम स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति एवं परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की गई।

# विजय पारधी का शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धारावासी के रोजगार सहायक विनोद पारधी के बड़े भाई विजय पिता पुनाराम पारधी मौसमी निवासी ४२ वर्षीय जो उद्यानिकी विभाग बालाघाट में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर पदस्थ थे जिनका २५ नवंबर को दुःखद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार २६ नवंबर को मौसमी के मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौसमी धारावासी निवासी विजय पारधी गत १८ नवंबर को अपने ससुराल कैंडाटोला बिरसा जा रहे थे। इसी दौरान सडक़ दुर्घटना में घायल हो गये थे जिन्हें घायलावस्था में बालाघाट से नागपुर रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान २५ नवंबर को अधिक तबियत खराब होने एवं हृदयगति रूक जाने से दुःखद निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही चित-परिचित एवं परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. विजय पारधी सरल, स्वभाव एवं मिलनसार व मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। साथ ही हमेशा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेते थे और युवाओं को हमेशा मार्गदर्शन प्रदान करते रहे। स्व. श्री पारधी अपने पीछे धर्मपत्नि, एक पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये है। स्व. विजय पारधी का २६ नवंबर को ग्राम मौसमी के मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति एवं परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर ग्रामीणजन, नास्ते रिस्तेदार, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रतिष्ठित व्यवसायिक रवि अग्रवाल के जीजा रामदास जी अग्रवाल का निधन, अंत्येष्टि आज



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। 'बुढ़ापा सिर्फ उम्र का एक अंक नही, यह जीवन के अनुभवों का संग्रह है जो हमें एक अनोखा रंग देता है'। लालबर्रा के प्रतिष्ठित व्यवसायिक अग्रवाल पुस्तक भंडार के संचालक रवि अग्रवाल के जीजा, संदीप अग्रवाल के पिताश्री जिला हरदा (होशंगाबाद) निवासी ९४ वर्षीय श्री रामदास अग्रवाल का २६ नवंबर को शाम ५ बजे हृदयगति रूक जाने से दुःखद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार २७ नवंबर को प्रातः १० बजे पैतृक ग्राम हरदा में शोकाकुल माहौल में किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालबर्रा के प्रतिष्ठित व्यवसायिक अग्रवाल पुस्तक भंडार के संचालक रवि अग्रवाल के जीजा जी श्री रामदास अग्रवाल जब भी लालबर्रा आते थे तो अपने परिचितों से मुलाकात जरूर करते थे और हर समय खुश नजर आते थे। साथ ही लालबर्रा प्रवास में वे सभी को कहा करते थे जिसके जीवन में किसी भी तरह का व्यसन नही होगा उसका परिवार, उसका जीवन बहुत सुख में होगा, हमेशा व्यसनों से दूर रहना चाहिए यह संदेश देते थे। २६ नवंबर की शाम ५ बजे अचानक श्री रामदास अग्रवाल जी के निधन की खबर लालबर्रा मुख्यालय में लगी तो उनके चित-परिचितों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। जो सरल, स्वभाव व मुदुभाषी के धनी थे, अपने पीछे पुत्र संदीप अग्रवाल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये है। जिनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम हरदा में २७ नवंबर को प्रातः १० बजे शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# खमरिया में आदिवासी गोवारी समाज सम्मेलन का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत खमरिया में



आदिवासी गोवारी समाज युवा संगठन के तत्वाधान में गत दिवस आदिवासी गोवारी समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेवानिवृत्त शिक्षक बीआर वाघाड़े के मुख्य आतिथ्य, पांडेवाड़ा सरपंच युवराज सोनवाने, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वाघाड़े, सरपंच श्रीमती ज्योति अनिल टेंभरे, श्रीमती शर्मिला बोरकर, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी ज्ञानसिंह इड़पांचे, पूर्व सरपंच बालकृष्ण बिसेन के प्रमुख आतिथ्य एवं डालीराम नागोसे की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने नागपुर में अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए ११४ गोवारी समाज के लोग शहीद हुए है उन्हे श्रध्दांजली अर्पित कर उन्हे याद किया। जिसके बाद आदिवासी गोवारी समाज सम्मेलन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नागपुर में अपने हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए गोवारी समाज के ११४ लोग कैसे शहीद हुए है उसके बारे में उपस्थितजनों को बताया। साथ ही सभी को अपने-अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने एवं संगठित होकर समाजोत्थान के क्षेत्र में काम करने की बात कही गई। इस अवसर पर आदिवासी गोवारी समाज युवा संगठन अध्यक्ष स्नेहिल वाघाड़े, महिला अध्यक्ष अनिता नागोसे, सरिता गाते, सीमा वाघाड़े, अनिता शेन्द्रे, चेतना राउत, धनवंता सोनवाने, पुष्पा नागोसे, वंदना शेन्द्रे, रमेश नागोसे, सुखलाल नागोसे, उमाशंकर सहारे, छोटु गाते, सागर गाते, ईशुलाल सेन्द्रे, सुरेश वाघाड़े, सावन गाते, दुर्गाप्रसाद चौधरी, उदेलाल एसने, रामकिशन सहारे, सुरेन्द्र वाघाड़े सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# खिड़कीघाट में पलटा गिट्टी से भरा डंपर, बाल-बाल बचा चालक

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर खिड़कीघाट में फिर एक बार भीषण सड़क हादसा हुआ है. खिड़कीघाट की मोड़ाई पर गिट्टी से भरा डंपर अनियंत्रित होकर गहरी खाई के एक हिस्से में जाकर पलट गया. गनीमत की बात यह रही कि हादसे में चालक बाल-बाल बच गया. घटना मंगलवार की सुबह तड़के करीब 4 बजे के आस-पास की बताई जा रही है. मिली जानकारी अनुसार डंपर क्रमांक एमपी 22 एच 1502 खिड़कीघाट में अनियंत्रित होकर पलट गया. डंपर सिवनी निवासी सत्यम जायसवाल का बताया जा रहा जो गिट्टी लेकर कटंगी की तरफ आ रहा था. जिस स्थान पर यह सड़क हादसा हुआ है उसी स्थान के पास 05 दिन पहले गेंहूं से भरा एक ट्रक भी अनियंत्रित होकर पलट गया था. दरअसल, खिड़कीघाट में कुछ स्थान हादसों का ब्लैक स्पॉट बने हुए है जिन्हें चिन्हित कर संकेतक लगाए गए है ताकि सड़क हादसों को रोकने में सफलता मिले. किंतु फिर भी आए दिन खिड़कीघाट में वाहनों के पलटने की खबरे मिलती रहती है। बीते कुछ सालों में खिड़कीघाट में हुई सड़क दुर्घटनाओं पर नजर डाले तो यहां किसी प्रकार



की जनहानि नहीं हुई है लेकिन हादसों में गहरी खाई में पलटने से वाहनों को काफी नुकसान हुआ है. वहीं प्रशासन को भी इन हादसों के बाद परेशान होते देखा गया. कई बार तो सड़क पर ही वाहनों के पलटने से घंटों तक लंबा जाम भी लगते हुए देखा. इस तरह के सड़क हादसों को ध्यान में रखते हुए पूर्व में तत्कालीन विधायक के.डी.देशमुख ने एक रोड मैप तैयार किया था. जिसमें बिना जंगल और बिना वन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचाए अंबमांई के पास से लेकर खिड़कीघाट को समाप्त कर किस तरह से फ्लाई ओवर बनाकर सड़क हादसों को रोका जा सकता है. इसे लेकर केन्द्रीय सड़क परिवहन को सुझाव सौंपा था. इस सुझाव पर केंद्रीय मंत्री ने कोई अमल किया या नहीं इसकी पुष्ठि तो नहीं की जा सकती. मगर, के.डी.देशमुख के बाद किसी भी विधायक को खिड़कीघाट के हादसों को लेकर चिंता जाहिर करते हुए नहीं देखा गया. बहरहाल, खिड़कीघाट में सड़क हादसों का क्रम निरंतर जारी है।

# 75 वॉं संविधान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकंद्रा स्थित आजीविका मिशन भवन के पास ७५वें संविधान दिवस कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विधायक विवेक पटेल के मुख्य आतिथ्य ,फुले आंबेडकर जयंती समारोह समिति अध्यक्ष उत्तम दास मेश्राम की अध्यक्षता, अधिवक्ता लोक डोंगरे ,शाहिद खान ,सचिन चंद्रिकापुरे,मनोज भालाधरे सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर, सूर्यक्रांति महात्मा ज्योतिबा राव फुले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विधायक निधि से डॉक्टर भीमराव आंबेडकर सामाजिक सांस्कृतिक भवन का विधिवत्त भूमिपूजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों के द्वारा डॉक्टर बी आर आंबेडकर के जीवन और संविधान निर्माण पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक बताया गया वहीं समाज को शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य जितेंद्र सिंह राजपूत ,राजकुमार चौधरी ,राजा अली ,आरडी बंसोड़ मनोज भालाधरे, अशोक वासनिक ,मुकेश पटेल, अलका ठाकरे ,अनीता मेश्राम ,प्रमिला बोम्बर्डे ,प्रवीण डोंगरे ,रविंद्र माने सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।**






### डॉक्टर बी आर आंबेडकर के कारण देश आजाद हुआ-स्वप्निल डोंगरे

अधिवक्ता स्वप्निल डोंगरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दो भागों में जब विश्व बटा तो हम अंग्रेजों के साथ थे। कांग्रेस ने कहा हम अंग्रेजों का साथ देंगे उस समय भीमराव आंबेडकर ने कहा साथ हम ऐसे ही नहीं होने देंगे। फिर वायसराय के साथ मीटिंग हुई कहा गया हम साथ देना चाहते हैं पर आपको मानना होगा कि विश्व विजय कर लो परिणाम कुछ भी हो जीत हार हो हम साथ देंगे तो हमें आजादी देना होगा। शर्त रखा वह संयुक्त संघ में चार्टर के रूप में जाना जाता है श्री आंबेडकर ने रिप्रजेंट किया हमारे देश के लोगों ने अंग्रेजों का साथ दिया १९४५ में हिटलर ने आत्महत्या कर ली विश्व युद्ध समाप्त हुआ। फिर बीआर आंबेडकर ने अंग्रेजों से कहा कि आजादी देना होगा। आंबेडकर लंदन गए तो वहां की काउंसिल ने भारत स्वतंत्रता अधिनियम पास किया। यह डॉक्टर बी आर आंबेडकर के कारण देश आजाद हुआ इसके पहले बहुत आंदोलन हुए । १९४२ में महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा दिया अंग्रेजों ने उस आंदोलन को एक महीने में दबा दिया। उसके बाद कोई आंदोलन देश में नहीं हुआ १९१८ में भी संविधान बना था पर उसका भारतीयों ने विरोध किया फिर ३ सितंबर १९४६ को संविधान समिति बनी।

### जो महापुरुषों का सम्मान नहीं कर सकते उसे अपमान करने का भी अधिकार नहीं है-विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि महात्मा गांधी ,डॉक्टर बी आर आंबेडकर ,जवाहरलाल नेहरू सहित अन्य महापुरुषों को लोग क्या थे कहते हैं। नेहरू जी ३००० दिन जेल में रहे वह भारत के शिल्पकार है उन्होंने जब भारत में सुई नहीं बनती थी तब पूरे भारत को सावरा जो महापुरुषों का सम्मान नहीं कर सकता उसे अपमान करने का भी हक नहीं है। सभी महापुरुषों का धन्यवाद कि उन्होंने अपनी भूमिका देश निर्माण में दी। आपके कारण मैं विधायक बना हूं जहां जैसा कहोगे वैसा विकास होता रहेगा। क्षेत्र आगे बढ़ रहा है ७ बड़े पुल एक रेलवे ओवर ब्रिज दो आईटीआई वारासिवनी में १०० बिस्तर खैरलांजी में ५० बिस्तर का अस्पताल बनने जा रहा है। पहली बार शिक्षा चिकित्सा पर बात हो रही है मूलभूत सुविधा हमें सुधारना है ,हमारा कहना है कि डॉक्टर बी आर आंबेडकर को नहीं उनके द्वारा कही गई बातों को मानो हम सभी को मिलकर क्षेत्र और देश को आगे लेकर जाना है।

## स्कूली छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण का हुआ वितरण

### आप पढ़ाई में अच्छे है तो बच्चे भी बडे होकर कलेक्टर, एसपी बन सकते है -विवेक पटेल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लड़सड़ा में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में कक्षा ६वीं और ९वीं के २९ छात्र छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक विवेक पटेल , कलावंती बघेले, राजा अली, चुन्नीलाल बघेले,प्राचार्य सुलोचना सोनकुसरे, थानेद्र नगपुरे, शैलेश मेश्राम, महेंद्र पटेल,शैलेन्द्र मेहरबान,चंदशेखर मेश्राम, विक्रम बहादुर मर्शकोले, राधेश्याम बिजेवार,अमित गजभिये, भरतलाल लिल्हारे ,रुपसिंह उइके,रेवती उइके,निशा पटले, इंदुलता बिसेन सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। स्कूल की प्राचार्य सुलोचना सोनकुसरे ने कहा की हर वर्ष स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ती ही जा रही है। जिससे बच्चों को बैठने में फर्नीचर की कमी पड़ रही है, वहीं स्कूल में बाउंड्रीवाल नही होने के चलते कुछ असामाजिक तत्व के लोग स्कूल परिसर में गंदगी करते है। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल ने तत्काल स्कूल को दो लाख रूपये की लागत से नए र्फ्नीचर देने का वादा किया और वही नए सत्र में स्कूल की बाउंड्रीवाल का निर्माण करवाने का आस्वाशन दिया। विधायक पटेल ने कहा की गरीब होने का मतलब यह नही है बच्चे जो चाहते है वो नही कर सकते अब गरीब और दिव्यांग बच्चे भी अच्छी पढ़ाई करने के बाद आम लोगो की तरह जीवन यापन कर सकते है। अगर आप पढ़ाई में अच्छे है तो बच्चे भी बडे होकर



कलेक्टर, एसपी बन सकते है । ऐसे कई दिव्यांगजन और गरीब परिवार के लोग है जो देश में बडे से बडे अधिकारी बनकर काम कर रहें है । रिक्सा चलाने वाले का बच्चा भी बडे से बड़ा अधिकारी बन सकता है। बाबा साहेब आंबेडकर ने जो संविधान लिखा है उन्ही के अनुरूप चले,स्कूल का परिसर जितना अच्छा रहेगा स्कूल का वातावरण भी उनता अच्छा रहेगा। मेरी प्राथमिकता शिक्षा और चिकित्सा है और मैं उन्ही पर काम कर रहा हुं। जहाँ शिक्षक की कमी है हम वहाँ शिक्षक लाने प्रयास कर रहें है । वहीं स्कूल के उन्नयन के लिए हमारे द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को पत्र लिखा है और मुख्यमंत्री के प्रयासो से हमें सफलता भी मिल रही है। बहुत जल्द कुछ स्कूल का उन्नयन कार्य प्रारंभ होगा मेरी जब भी आवश्कता पड़ेगी तो मैं हमेशा आप लोगो के साथ खड़ा रहूंगा।

## मांगे पूरी नही होने पर होगा धरना आंदोलन -अरविंद चौधरी

### किसान गर्जना ने प्रेसवार्ता का किया आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर की कटंगी रोड़ स्थित विश्रामगृह में २६ नवंबर को किसान गर्जना संगठन के तत्वावधान में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेसवार्ता किसान गर्जना प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी, जिला महामंत्री ज्ञान प्रकाश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष चेतराम बिसेन सहित अन्य गणमान्य किसानों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें शासन के द्वारा किए गए वादे और उस पर लगातार मांग के बाद भी की जा रही अवहेलना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। जिसमें शासन प्रशासन से २८ नवंबर तक ३१०० रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं पिछला ९१७ रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दिए जाने की मांग की गई है। अन्यथा मांग पूरी नही होने पर धरना आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर कृषक गण मौजूद रहे।



### सरकार ने चुनाव के दौरान किसानों से किया था-अरविंद चौधरी

प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने प्रेसवार्ता में कहां की किसान गर्जना संगठन ने जिले में बैठक और ज्ञापन का कार्यक्रम रखा है । जिसमें लांजी ,कटंगी, लालबर्रा और आज वारासिवनी का है। जहां किसानों की बैठक कर प्रेसवार्ता हमने आयोजित की है कि हमारा जिला धान उत्पादक है हमारा संगठन किसान की लड़ाई लड़ता रहता है। सरकार ने ३१०० रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए चुनाव के दौरान वादा किया था अभी २ वर्ष हो गए हैं सही कीमत नहीं मिल पाई है। जिसके लिए ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि २८ नवंबर तक किसानों को ३१०० रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जायें ।पुराना ९१७ रुपए प्रति क्विंटल का बोनस देने का आदेश जारी किया जायें। हमें विश्वास है कि मुख्यमंत्री मान जाएंगे अन्यथा २८ नवंबर तक मांग पूरी नही होने पर किसान अपनी लड़ाई लड़ने तैयार है। वर्ष २०११-१२ में किसानों ने लड़ा था वैसा ही रास्ते में उतरकर कहेगा कि किसान नहीं बेचेगा । कचरे के दाम में धान सुनसान रहेगी मंडी एवं सेवा सहकारी समिति मैदान इस स्लोगन के साथ धरना आंदोलन करेंगे। १ दिसंबर से सभी खरीदी केंद्र में धरना आंदोलन प्रारंभ करेंगे सरकार नहीं सुनती तो यह सब होगा।

### अब किसान अपनी लड़ाई लड़ने खुद तैयार है

श्री चौधरी ने कहा कि हमारे संगठन के द्वारा जिले के सांसद और विधायकों को ज्ञापन दिया गया है जिन्होंने आश्वासन दिया है। यह मांगों को लेकर हर किसी ने प्रयास किया है राजनीतिक पार्टी ने भी लड़ाई लड़ी है अब किसान अपनी लड़ाई लड़ने मैदान में उतर रहा है। जिस प्रकार से वादा कर पूरा नहीं किया गया तो किसान ठगा महसूस कर रहा है ,क्योंकि प्रदेश में २९ लोकसभा सीट ३१०० रुपए प्रति क्विंटल एवं ९१७ रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा कहा गया था परंतु अब किसान ठगा महसूस कर रहा है। इसके लिए हमारा गांव गांव में संगठन है हर किसान खेती कर रहा है किसान गर्जना कोई राजनीतिक संगठन नहीं है किसानों का संगठन है। इसमें कांग्रेस ,बीजेपी ,आप ,बीएसपी सभी पार्टी के लोग शामिल हैं । वह पहले किसान है पार्टी कोई भी हो वह अपने हक की लड़ाई लड़ने सामने आएंगे वह कहीं भी रहे लड़ाई किसान की है।

### प्रदेश के घोषणा वीरों ने कहा था की धान ३१०० मूल्य पर खरीदेंगे

श्री चौधरी ने कहा कि हमारे किसान के नेता जो पहले कृषि मंत्री रहे गौरी शंकर बिसेन वह प्रहलाद पटेल के समय जब प्रदेश में सरकार कांग्रेस की थी तो उन्होंने किसानों की आवाज बुलंद की। भोपाल लेकर गए किसानों को नेतृत्व किया फिर वह विधायक मंत्री बने उनसे कहना है कि आप सुस्त मत रहो किसान आपको मानता है। ३१०० रुपए प्रति क्विंटल मूल्य ९१७ रुपए बोनस देने के पर्चे बांटे थे । मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने भी कहा था हम गलत कह रहे हैं तो कोई बताएं वादा सरकार में बैठने वालों ने किया। रबी की धान खरीदेंगे भी कहा था पर कुछ समझ नहीं आ रहा है इसलिए हमारी अब बैठक शुरू हो गई है । संगठन की लगातार बैठक हो रही है किसानों से बात की जा रही है। २०१२ में जैसा ७ मंडी १३९ समिति बंद कर मुख्यमंत्री से मांगे पूरी करवायी गई थी वही किया जाएगा। सरकार हमने बनाई हैं तो आशा भी है किंतु मांगने की राह देख रहे हैं तो हम तैयार हैं। छत्तीसगढ़ में इन्होंने समर्थन मूल्य दे दिया उत्तर प्रदेश में भी दे दिया महाराष्ट्र में भी देंगे पर मध्य प्रदेश में क्यों नहीं दे रहा है। बालाघाट धान उत्पादक जिला है इसके साथ ऐसा क्यों कर रहे हैं पता नहीं किसान देश की रीड़ की हड्डी है । परंतु यह उसे ही तोड़ रहे हैं यदि यह रीड की हड्डी मजबूत होगी तो देश आगे दौड़ेगा।

## हमें अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए-सरिता दांदरे

### नगर पालिका में संविधान दिवस का हुआ आयोजन





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ,शैलेंद्र सेठी ,प्रवीण रुसिया ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिशा डेहरिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें भारत रत्न डॉक्टर बी आर आंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात प्रदेश सरकार के द्वारा दी गई २ मिनट की क्लिपिंग को सार्वजनिक रूप से लोगों को एलईडी टीवी में दिखाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे ने कहा कि हम यहाँ भारत के संविधान दिवस के ७५ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एकत्र हुए हैं। यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। २६ नवंबर १९४९ को भारत का संविधान बनाया गया जो २६ जनवरी १९५० से लागू हुआ। हमारे संविधान ने भारत को एक लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष और संप्रभु राष्ट्र के रूप में पहचान दी। बाबा साहेब आंबेडकर की अध्यक्षता में गठित संविधान सभा ने इसे दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान बनाया। हमारा संविधान केवल एक दस्तावेज़ नहीं बल्कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों का आधार है। यह प्रत्येक नागरिक को अधिकार और कर्तव्यों का ज्ञान कराता है और समाज में समरसता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि एक प्रगतिशील और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इसलिए हमें अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए और संविधान में निहित मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस ऐतिहासिक दिन पर हम सब संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और दृढ़ करें और भारत को एक समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं नगरवासी मौजूद रहे।

## एसएसपी महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय एसएसपी महाविद्यालय में प्राचार्य के मार्गदर्शन में समिति गठित कर समिति के संयोजक एवं सदस्यों के द्वारा हमारा संविधान ,हमारा स्वाभिमान के रूप में संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें विधि विभाग, एनसीसी, एनएसएस एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। तत्पश्चात् हमारा संविधान ,हमारा स्वाभिमान शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. सरिता कोल्हेकर के द्वारा संविधान के महत्व पर विस्तार से बताया गया। उक्त कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.एस गेडाम के द्वारा किया गया। इस दौरान हेमन्त गणवीर, डॉ. हेमन्त मण्डाले, श्रीमती सरिता नागवंशी, डॉ. शाइस्ता कुरैशी, डॉ. त्रिरत्नेश गजभिये, कृष्णा पराते, डॉ. मिथिलेश्वरी घोरमारे, डॉ. पूर्णिमा कुमरे, डॉ. दौलतराम ग्वालवंशी, संतोष गोखले, सुनिल कुमार चौरे, श्रीमती श्वेता भास्कर,नरेन्द्र कुमार डोंगरे मौजूद रहे।





## एनसीसी केडेट्स ने मनाया सविधान दिवस

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के सीएम राइज स्कूल में २६ नवंबर को सविधान दिवस के अवसर पर एनसीसी केडेट्स के द्वारा भारतीय सविधान दिवस मनाया गया। जिसमें केडेट्स के द्वारा गायन, पोस्टर एवं भाषण के माध्यम से भारत के सविधान की विशेषता , उद्देशिका आदि के बारे में अवगत कराया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से उपस्थित जनों को भारतीय संविधान की विशेषता और उसके निर्माण के दौरान होने वाले रोचक के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर प्राचार्य हुमराज पटले ,एनसीसी अधिकारी श्रीमती अन्नू मनोज राहंगडाले ,श्रीमती प्रतिमा भगत, मनोज पवार ,अनिल ऐडे शाला परिवार एनसीसी कैडेट एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



# बाकू के बाद आगे की ओर कदम

बाकू में दो अतिरिक्त रातों की लंबी बातचीत के बाद, दुनिया के देशों ने आखिरकार अपने मतभेदों को दूर करना छोड़ दिया और एक ऐसे फ्रोडमैपफ्र पर फैसला लिया, जिसने लगभग सभी विकासशील देशों को निराश कर दिया है और जिससे विकसित देशों को राहत मिली है तथा यह धरती अभी भी एक खतरनाक राह पर ही होगी। आधिकारिक तौर पर, सीओपी का नेतृत्व इस मसले पर प्रगति का दावा कर सकता है। अहले सुबह पारित किए गए पाठ में विकासशील देशों के लिए सार्वजनिक वित्त के लक्ष्य को 2035 तक सालाना 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर करते हुए, उसे तीन गुना करने की प्रतिबद्धता शामिल है। इसके अलावा, दुनिया के देशों ने 2035 तक सार्वजनिक व निजी स्रोतों से वित्त को सालाना 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं की दुनिया में विभिन्न देशों द्वारा सबसे ज्यादा आशावादी नतीजो की चाहत करते हुए अधिकतमवादी मांगें सामने रखना आम बात है, लेकिन बाद में उन्हें अपनी उन मांगों में कमी लाने को बाध्य होना पड़ता है। हालांकि इस मामले में, की गई मांग और सहमति हासिल करने वाली मांग के बीच का अंतर बेहद हैरतअंगेज है- 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा मूल मांग का महज 20 फीसदी ही है। यों तो सालाना 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर कोई छोटी रकम नहीं है, लेकिन अन्य सार्थक रियायतों ने इसके प्रभाव को कहीं ज्यादा बड़ा बना दिया होता। मसलन, अगर यह धनराशि मुख्य रूप से सार्वजनिक वित्त होती, तो विकसित देशो की ओर से विकासशील देशों को प्रौद्योगिकी के किफायती हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करती या बुनियादी ढांचे में ऐसी निवेश का समर्थन करती जो 'ग्लोबल साउथ' की कमजोर आबादी को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाने में मदद करती। बदकिस्मती से, इनमें से किसी भी बात को शामिल नहीं किया गया है।

बढ़ते कार्बन उत्सर्जन से उत्पन्न खतरे को गंभीरता से रेखांकित करने वाली विकसित देशों की दशकों की वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद, ये देश जलवायु परिवर्तन की समस्या से जुड़े समाधानों का समर्थन करने की अपनी जिम्मेदारी से बार-बार पीछे हटे हैं। इसके अलावा, कई विकसित देश जीवाश्म-ईंधन पर आधारित विकास को आगे बढ़ाने से विकासशील देशों को हतोत्साहित करने में नाकाम रहे हैं। यह बदलाव संभवत: व्यापक भू-राजनैतिक परिवर्तनों का प्रतिबिंब है - मसलन वैश्वीकृत विश्व व्यवस्था का पतन - और पश्चिम में सार्वजनिक समर्थन एवं राजनीतिक इच्छाशक्ति में कमी। नतीजतन, जलवायु परिवर्तन से निपटने की कार्रवाई को निरंतर वैश्विक एकजुटता के बजाय बाजार की प्रतिस्पर्धा के तर्क के भीतर तैयार किया गया है। हाल की सीओपी वार्ताओं से पता चला है कि जलवायु संबंधी बातचीत अब व्यापार से जुड़े संघर्षों में उलझ गई है। इस साल की वार्ता में, शब्दाडंबर और राजनीतिक दिखावे को अक्सर सार्थक कार्रवाई के बरक्स प्राथमिकता दी गई। इस बात की संभावना है कि अगले साल पेरिस समझौते से संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर निकल जाने से संबंधित नाटक फिर से दोहराया जाए, खासतौर पर राष्ट्रपति पद पर ट्रम्प की वापसी के बाद। ब्राजील में अगले साल आयोजित होने वाले सीओपी की उस देश में प्रतीकात्मक वापसी होगी, जिसने 1992 के पृथ्वी शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी और जहां दुनिया ने पहली बार माना था कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए महज बातचीत नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की जरूरत है। जैसे-जैसे जलवायु संकट और ज्यादा गंभीर होता जा रहा है, दुनिया के लिए उस प्रतिबद्धता पर फिर से विचार करने और खोखले वादों से आगे बढ़कर वास्तविक एवं परिवर्तनकारी कार्रवाई की दिशा में अग्रसर होने का वक्त आ गया है।

# संविधान, संसद और हमारी सरकार

विषय गंभीर है ,इसलिए इसे गंभीरता से ही पढ़िए। देश के संविधान के 74 साल पूरे हो गए हैं और 75 वां साल शुरू हो गया है। इसी दीर्घायु संविधान से आज की सरकार धर्मनिरपेक्षता को निकाल फेंकना चाहती है ,लेकिन लाख-लाख शुक्रिया कि सरकार की बदनीयत पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने पानी फेर दिया। इसी संविधान की शपथ लेकर संसद में जाने वाले लोग दूसरी तरफ संसद को बहरा और गूंगा बनाने पर आमादा हैं। अब सवाल ये है कि हमारा संविधान और संसद क्या किसी सनक का शिकार हो सकता है ?



देश के संविधान की प्रस्तावना में पिछली सरकार द्वारा जोड़े गए दो शब्द आज की सरकार और उसके समर्थकों की आँख में कांटे की तरह चुभ रहे है। इन्हें विलोपित करने के लिए फिलहाल संसद में प्रस्ताव नहीं आया है लेकिन कुछ लोग सर्वोच्च न्यायालय जा पहुंचे।सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रस्तावना के मूल सिद्धांत पंथनिरपेक्ष लोकाचार को दर्शाते हैं। केशवानंद भारती और एसआर बोम्मई सहित कई फैसलों में कहा गया है कि पंथनिरपेक्षता संविधान की एक बुनियादी विशेषता है।

इन दो शब्दों को लेकर आज की सरकार और संविधान के बीच का टकराव साफ़ देखा जा सकता है। हाल ही में सम्पन्न हुए महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के चुनावों में संविधान की मूल भावना के खिलाफ सरकार और सरकारी पार्टी ने बटोगे तो कटोगे का बीभत्स नारा उछाला। लेकिन किसी ने सरकार को रोका नहीं। आखिर किसके पास इतनी ताकत है कि जो वो सरकार को संविधान के खिलाफ जाने से रोके ? ये काम या तो देश की सबसे बड़ी अदालत कर सकती है या फिर जनता की अदालत। जनता की अदालत संसद होती है उसे गूंगा-बहरा बनाने की कोशिश की जा रही है। संसद के शीत सत्र के पहले ही दिन लोकसभा की कार्रवाई केवल 1 मिनिट चली और तत्काल स्थगित कर दी गयी । लोकसभा अध्यक्ष ने सदन चलने की कोई कोशिश नहीं की । लगता है जैसे वे घर से ही सोचकर निकले थे कि संसद की कार्रवाई को चलाना ही नहीं है।

प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने संसद में प्रवेश से पहले ही कह दिया कि जिन लोगों को जनता ने ठुकरा दिया है वे मुठ्ठी भर लोग संसद में हंगामा करते है। अब कोई मोदी जी से कैसे पूछे कि सदन में जनता द्वारा चुने हुए लोग ही प्रवेश करते हैं ठुकराए हुए नहीं। और ये लोग मुठ्ठी भर नहीं हैं सैकड़ों की संख्या में हैं। इन्हें इस तरह से लांछित नहीं किया जा सकता। मुश्किल ये है कि माननीय प्रधानमंत्री न संसद के बाहर सवालों का सामना करते हैं और न संसद में। उनकी अग्निवीर सेना संसद में संविधान के बजाय मोदी- मोदी के नारे लगाकर आतंक पैदा करना चाहती है। आखिर मोदी जी महाराष्ट्र में जीते हैं तो झारखण्ड में बुरी तरह हारे भी हैं। फिर इस नारेबाजी का क्या अर्थ है ?इससे क्या हासिल होने वाला है ?

हमारी मौजूदा बैशाखी पर टिकी सरकार को शायद ये भरम हो गया है कि हमारा संविधान उनके मतलब का नहीं है ,क्योंकि जब संविधान बनाया गया तब माननीय मोदी जी थे ही नहीं। आपको बता दें कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक संक्षिप्त परिचयात्मक कथन है। प्रस्तावना किसी दस्तावेज के दर्शन और उद्देश्यों को बताती है। इसे 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ था। दरअसल, 1946 में जवाहरलाल नेहरू ने संवैधानिक ढांचे का वर्णन करते हुए उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया था। 1947 (22 जनवरी) में इसे अपनाया गया। इसने भारत के संविधान को आकार दिया और इसका संशोधित रूप भारतीय संविधान की प्रस्तावना में परिलक्षित होता है।

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में केवल एक बार 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के जरिए संशोधन किया गया है। समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता शब्द 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के जरिए प्रस्तावना में जोड़े गए। संप्रभु और लोकतांत्रिक के बीच समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ दिए गए। राष्ट्र की एकता को बदलकर राष्ट्र की एकता और अखंडता कर दिया गया।ये शब्द भाजपा को अजीर्ण पैदा करते हैं। इसीलिए भाजपा न जाने कब से संविधना से इन शब्दों को हटाने की फ़िराक में हैं ,लेकिन कहते हैं की ऊपर वाला बड़ा दयालु है । गंजों को नाखून नहीं देता। संविधान में संशोधन के लिए जितनी ताकत [ संख्या बल ] चाहिए उतना भाजपा अभी तक जुटा नहीं पायी। हारकर उसने अदालत की शरण ली।

शीर्ष अदालत में भाजपा नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी, सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय और बलराम सिंह ने इसे लेकर याचिकाएं दाखिल की थीं। याचिकाओं में 1976 में 42वें संशोधन के जरिये संविधान की प्रस्तावना में शामिल किए गए दो शब्दों पंथनिरपेक्ष और सामाजवाद को हटाने की मांग की गई। याचिकाओं में कहा गया कि ये दोनों शब्द 1949 में तैयार किए गए संविधान के मूल प्रस्तावना में नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इन याचिकाओं पर सुनवाई की और 22 नवंबर को आदेश सुरक्षित रखा था।अब शीर्ष अदालत में भी भाजपा का सपना चकनाचूर हो चुका है। इसकी खीज आप संसद में साफ़ देख सकते हैं। सरकार ने मन बना लिया है की उसे संसद में हंगामे को बहना बनाकर किसी भी सवाल का उत्तर देना ही नहीं है।

देश का दुर्भाग्य ये है कि देश के पास इस समय एक कजहिजी हुई,बौखलाई हुई,मन से हारी हुई एक ऐसी सरकार है जो विपक्ष को फूटी आँख नहीं देखना चाहती आपको याद होगा कि इसी पार्टी की सरकार ने पिछली संसद में किस तरह से थोक में सांसदों को सदन से बाहर का रास्ता दिखाकर अपनी मनमानी की थी। इस बार भी मुझे यही आशंका है कि सरकार सदन चलाना ही नहीं चाहती । सरकार के तेवर बता रहे हैं कि उसे किसी की परवाह नहीं है। न सदन की गरिमा की ,न सदन के सदस्यों के मान-अपमान की और न जनाकांक्षाओं की।लोकसभा और राज्य सभा के हिस्से में पहली बार सरकार के कठपुतली पीठासीन प्रमुख आये हैं ,जो सदन को नियमों ,और परम्पराओं के अनुरूप चलने के बजाय सरकार के इशारों से चलना चाहते हैं। आप कल्पना कर सकते हैं कि जो सरकार संविधान की लाल जिल्द देखकर बिदकती हो वो संविधान और संसद की गरिमा की रक्षा क्या ख़ाक करेगी ?

बहरहाल संविधान की हीरक जयंती पर आप सभी को शुभकामनाएं। अब संविधान को बचाने का दायित्व सांसदों के साथ ही जनता के ऊपर भी है । जनता यदि घरों में टीवी सेट्स से चिपके रहकर सामविधान और संसद की रकक्षा करना चाहेगी तो उसे कुछ भी हासिल नहीं होगा।

**- राकेश अचल**

# पाकिस्तान में इमरान के लिए प्रदर्शन और राजनीतिक संकट



पाकिस्तान में राजनीतिक संकट खड़ा हो जाना आश्चर्यजनक बात नहीं है। फिलहाल दुनियां में जिस तरह की उथल-पुथल मची हुई है, उस स्थिति में पाकिस्तानी आवाम का सड़कों पर उतर आना वाकई चिंता की बात है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा किए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। हिंसक प्रदर्शन के बीच करीब 6 लोगों की मौत होने की भी खबर है। यह प्रदर्शन देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों समेत अमेरिका तक को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पड़ोसी देश इसलिए चिंतित होते हैं क्योंकि पाकिस्तान में हिंसा होने के बाद सीमा पर घुसपैठ जारी हो जाती है। इससे निपटने के लिए सीमा पर अलर्ट रहना होता है। बहरहाल पाकिस्तान में इमरान समर्थक बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को असरकारी बनाने के लिए इस्लामाबाद कूच किया, इससे हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि पति की रिहाई तक इस्लामाबाद में जमी रहेंगी। इससे जनता और सरकार में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इसके चलते शहबाज सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर प्रदर्शनकारियों को हद में रहने का संदेश दे दिया है। रेड जोन एरिया में प्रधानमंत्री आवास, संसद और दूतावास समेत महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों को शामिल किया गया है। पाकिस्तानी सेना की तैनाती कर दी गई है और सरकार ने आदेश जारी किया है कि अगर किसी प्रदर्शनकारी को रेड जोन के अंदर देखा गया तो उसे गोली मार दी जाएगी। खास बात यह है कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान करीब 30,000 से ज्यादा इमरान समर्थक राजधानी में मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने की वजह से कई स्थानों पर झड़पें भी हुई हैं, और इसमें जहां करीब आधा दर्जन लोगों के मारे जाने की खबर है तो वहीं एक पुलिसकर्मी की मौत की भी खबर आई है। ऐसे में कब स्थिति विस्फोटक हो जाए कहा नहीं जा सकता है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल से ही रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल के अंदर से ही 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के लिए करो या मरो का आह्वान किया था। इसी के साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। उन्होंने 26वें संशोधन को तानाशाही शासन को बढ़ावा देने वाला बताया। इस समय इमरान के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी भी ठहरा दिया गया है, जबकि कुछ मामलों में सुनवाई जारी है। ऐसे में जारी विरोध प्रदर्शनों का पाकिस्तान के सियासी हलके में खासा असर देखने को मिल रहा है। फिलहाल प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य इमरान की रिहाई है, लेकिन कब यह वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाने वाला बन जाए कहा नहीं जा सकता है। यही वजह है कि पंजाब और इस्लामाबाद में पुलिस ने पीटीआई के 3500 से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई का प्रदर्शन पर उल्टा ही असर पड़ा है। यही वजह है कि गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखे हुए हैं। प्रभावी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए अब अमेरिका ने भी पाकिस्तान सरकार को नसीहत देनी शुरु कर दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट कहा है कि पाकिस्तान में प्रदर्शन करने वालों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। बात साफ है कि जब प्रदर्शन शांतिमय ढंग से हो रहा है तो उन पर जोर-जबरदस्ती करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि सरकार को चाहिए कि वह प्रदर्शनकारियों से बात-चीत के रास्ते खोले, जैसा कि अमेरिका ने पाकिस्तान से अपील की है। पाकिस्तान सरकार प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार दे और हिंसा से बचने का आग्रह करे। सवाल यह है कि इमरान की रिहाई के बगैर प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हैं और सरकार ऐसा कोई कदम उठा नहीं सकती, जिससे उसकी अपनी पकड़ सत्ता पर कमजोर पड़ने लग जाए। इस स्थिति में पाकिस्तान का वर्तमान राजनीतिक संकट और विरोध प्रदर्शनों का बढ़ना देश की राजनीतिक अस्थिरता को उजागर कर रहा है। एक तरफ इमरान समर्थकों का सरकार के खिलाफ आंदोलन, जो पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिरता पर सवालिया निशान लगा रहा तो दूसरी तरफ हिंसा और गिरफ्तारियों की बढ़ती घटनाएं देश की कानून-व्यवस्था के लिए खतरे की घंटी न साबित हो जाएं, इसकी चिंता भी मौजूदा सरकार को करनी होगी। पाकिस्तान में राजनीतिक असंतोष और विरोध प्रदर्शन के बीच इस्लामाबाद को छावनी में तब्दील कर दिया जाना अपने आप में संकट को उजागर करने जैसा ही है। चूंकि दुनियां में अनेक देशों के हालात भी सही नहीं चल रहे हैं। तृतीय विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया खड़ी नजर आ रही है। ऐसे में पाकिस्तान में जो घटनाएं घट रही हैं, वे केवल राजनीतिक असंतोष की नहीं, बल्कि एक देश की कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रणाली की स्थिरता पर गंभीर सवाल खड़ा कर रही हैं। देखने वाली बात यह है कि पाकिस्तान की सरकार इस विकट स्थिति को कैसे संभालती है और क्या यह विरोध प्रदर्शनों को शांतिपूर्ण तरीके से हल कर पाती है या फिर पाकिस्तानी आवाम और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यह विस्फोटक स्थिति पाकिस्तान को किसी बड़े संकट में डाले उससे पहले शहबाज शरीफ सरकार को चाहिए कि वह बीच का कोई रास्ता निकाले, फिर चाहे इमरान को रिहा ही क्यों न करना पड़े।

**- डॉ हिदायत अहमद खान**

# बेटी हर परिवार की शान होती हैं, कुल का मान होती हैं और पिता की जान होती है

वर्तमान प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में जहां बेटियों का हर क्षेत्र में वर्चस्व गंभीरता से बढ़ता जा रहा है एवं हर क्षेत्र में बेटियां बेटों से आगे बढ़ते जा रही है, वही आज भी समाज में बेटियों को उस नजर से नहीं देखा जाता जिस नजर से बेटों को देखा जाता है। कठोर कानून होने के बावजूद आज भी अंदर खाने लड़कियों को गर्भ में ही समाप्त करने की घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता जिसमें प्रबुद्ध नागरिकों सहित चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कुछ लोगों का भी हाथ हो सकता है जो मानवता पर धिक्कार है।अगर हम अपने आसपास ही देखेंगे तो रिश्तेदारी, घर,पड़ोस में लड़की हुई हो तो इतनी ख़ुशी नहीं दिखती। परंतु जब लड़का हुआ हो तो चारों तरफ ढोल पताशे, मिठाइयां, रिश्तेदारों को तुरंत फोन, लड़का हाथों में आने पर सबसे पहले उसकी फोटो सोशल मीडिया तथा रिश्तेदारों में, व्हाट्सएप ग्रुप में भेज दी जाती है।जच्चा बच्चा के अस्पताल से घर आने पर पटाखों की लड़ियां और डीजे का इंतजाम किया जाता है। घर में बड़ा फंक्शन किया जाता है। छठी या बारसे पर पार्टी के नाम पर हजारों, लाखों फूक दिए जाते हैं। परंतु लड़की होने पर सबके मुंह बंद रहते हैं यहां तक कि रिश्तेदारी या पास पड़ोस में भी पता नहीं चलता कि लड़की कब हुई और फ़िर हैरानी की बात है,दूसरी या तीसरी भी लड़की सिजरिंग से हुई तो दूर-दूर तक चुप्पी छा जाती है ऐसा क्यों ? यह सब परिस्थितियां हम अपने आस-पड़ोस में भी बड़ी आसानी से देख सकते हैं और बेटियों बेटो में फर्क बड़ी आसानी के साथ महसूस कर सकते हैं।2011 की जनगणना के अनुसार भी भारत में लिंगानुपात 918/1000 तब तक की सबसे कम रहा था। मेरा मानना है कि यह एक गंभीर सामाजिक बुराई है जिसे हम सबने सामूहिक प्रयास से जनभागीदारी से समाप्त करने की ओर कदम उठाना होगा। जिसमें मेरा सुझाव है कि हर व्यक्ति को अपनी वित्तीय परिस्थिति के अनुसार अपनी बेटी के जन्मदिन को कन्या उत्सव के रूप में भले ही घर में बनाए केक से ही मनाना चाहिए। हालांकि अनेक लोग मनाते भी हैं परंतु यह संदेश उन लोगों के लिए भी एक जागरूकता लाने का प्रयास है, जो नहीं मनाते हैं क्योंकि हमें याद रखना होगा कि जिंदगी में बेटी का होना जीवन की सबसे बड़ी खुशियों में से एक है। बेटी मां लक्ष्मी का दूसरा रूप है। चूंकि आज हम बेटियों का जन्मदिन गौरवपूर्ण ढंग से मनाने की बात कर रहे हैं, इसीलिए आज हम इस आर्टिकल



के माध्यम से चर्चा करेंगे,बेटी हर घर की शान होती हैं, कुल का मान होती हैं और पिता की जान होती है। आओ बेटियों के जन्मदिन को कन्या का उत्सव के रूप में मनाएं।

साथियों बात अगर हम बेटी के जन्मदिन को कन्या का उत्सव के रूप में मनाने की करें तो इसकी शुरुआत हम सब ने अपने घर से करनी होगी और फिर इसके बाद ग्राम पंचायत, जिला परिषद, संसदीय क्षेत्र तक उत्सव मनाने की जरूरत है, जो बेटियों को उनके जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा होगा। मैंने रिसर्च के दौरान पाया कि देश की अनेकों ग्राम पंचायतों में बेटियों के जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाए जाते हैं जो तारीफे काबिल है।जिसकी नजीर देश की हर ग्राम पंचायत को लेने की ज़रूरत है, जो देश की एक मिसाल बन सके।

साथियों बात अगर हम बेटी के जन्मदिन को कन्या उत्सव के रूप में भव्यता से मनाने की करें तो मुझे मीडिया में एमपी के विदिशा के बारे में पढ़ कर बहुत खुशी हुई कि, 21वीं सदी के भारत में जहां आज भी देश के कई इलाकों में बेटियों के जन्म पर खुशियां नहीं मनाई जातीं वहीं एमपी के विदिशा में कुछ महीनें पहले एक परिवार ने बेटी के जन्म पर ऐसा जश्न मनाया कि हर कोई देखता रह गया। ऐसी नजीर पेश की कि शहर के लोग परिवार की प्रशंसा करते थकते नहीं नजर आ रहे हैं। एक घर में पहले बच्चे के रूप में बेटी का जन्म हुआ, जिसकी खुशी उन्होंने खूब धूमधाम से मनाई।अस्पताल में बेटी के जन्म के बाद पूरा परिवार बेहद खुश था। अपनी इस खुशी में समाज को और अपने शहर को शामिल करने के लिए उन्होंने ऐसा जश्न मनाया कि पूरे शहर के साथ एमपी भी गौरवान्वित हुआ। अस्पताल से छुट्टी कराकर घर ले जाते वक्त उन्होंने ढोल नगाड़ों के साथ बग्गी में बिठाकर अपनी पत्नी को बिल्कुल वैसा ही अनुभव कराया जैसे जब वह उन्हें ब्याह कराकर अपने घर लाए थे, उन्होंने बकायदा बारात निकाली। बच्ची के जन्म से खुश पूरे परिवार की महिलाओं और पुरुषों ने पगड़ी पहनी थी। अपनी प्रथम संतान के रूप में बच्ची के जन्म से बेहद खुश थे। उनका कहना था कि हर बच्ची के भाग्य में पिता जरूर है लेकिन हर पिता के भाग्य में जरूरी नहीं कि बच्ची हो। हमारा पूरा परिवार बेहद खुश है और खुशी के इस मौके का इजहार करने के लिए हमने ढोल बाजे के साथ घर की लक्ष्मी का स्वागत किया है। मेरा मानना है इसका अनुसरण देश के हर नागरिक को करने की जरूरत है, ऐसे मौके पर जब सड़क से लेकर संसद तक लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जताई जा रही है। बच्चियों के माता-पिता महिलाओं के साथ होते जा रहे अत्याचारों से चिंतित हैं। ऐसे समय में आई यह तस्वीर दिल को सुकून देने वाली है।

साथियों बात अगर हम हर वर्ष बेटी दिवस मनाने की करें तो, हर वर्ष सितंबर माह के चौथे रविवार को हैप्पी डाटर्स डे यानी बेटी दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। यह दिन सभी तरीकों से बहुत खास होता है। बेटी दिवस मनाने का मुख्य कारण यह है की बेटियों को इस बात की महत्वता समझायी जाये की वह किसी क्षेत्र या किसी से कमतर नहीं है। हमारे यहाँ डॉटर्स डे हर साल बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, इस दिन हमारे घर की सभी बेटियों को स्पेशल फील करवाया जाता है और हम उन्हें प्यारे प्यारे तौहफे भी देते है। अब क्यों ना हम अपनी बेटियों को सराहे। बेटी हर घर की शान होती हैं, कुल का मान होती हैं और पिता की जान होती है। एक बेटी अपने अंदर दो ह्रदय रखती है, एक ह्रदय में खुद की भावनाओं को संजोती है तो दूसरे में सबकी चिंता। बेटी वह घर से कितनी भी दूर हो लेकिन उसका दिल अपनो की चिंता करना नहीं भूलता है। वैसे हर पिता को अपनी बेटी से प्यार होता है, उसकी बेटी उसके लिए परी होती है किन्तु पिताओं को अपनी भावनाओं को छुपाना आता है,बेटी को एहसास दिलाना हर पिता का कर्तव्य है कि बेटी आगे बढ़ो तुम्हारा पिता तुम्हारे साथ है, बेटी खुश रहो हर खुशी तुम्हारे लिए।लड़कियां किसी की मां, पत्नी और बहन हैं फिर बेटियों की जरूरत क्यों नहीं है। बेटियां घर परिवार की रौनक है आज बेटियां पढ़ाई में नाम कमाती है, खेल की दुनिया में निशाना लगाती है। आज बेटियों को आसमान में पक्षियों की तरह उड़ना आ गया है, आज बेटियों को जल में मछली की तरह तैरना भी आ गया है फिर भी हम उन्हें तुलनात्मक जीवन जीने पर मजबूर क्यों करते हैं? मैंने खुद ने अपनी आंखों से घर में देखा है कि बेटियों का जब जन्मदिन मनाते हैं तो कितना खुश होती है है हमारी बेटियां!

साथियों बात अगर हम बेटियों का जन्म दिवस मनाने की करें तो, जन्मदिन का केक पारंपरिक रूप से सजाया जाता है, और आम तौर पर प्रस्तुत किए जाने के समय छोटी मोमबत्तियों से सजाया जाता है। मोमबत्तियों की संख्या जो जश्न मनाने वाले की उम्र को दर्शाती है। जिस व्यक्ति का जन्मदिन है, अक्सर वह मन में कुछ इच्छा करने के बाद मोमबत्तियां फूँक कर भुझाते है। उसके बाद, व्यक्ति अपने तोहफ़े खोल सकता है। कई देशों में हैप्पी बर्थ डे टू यू (जन्मदिन मुबारक हो) गीत पारंपरिक रूप से गाया जाता है। इसी तरह के गीत अन्य भाषाओं में मौजूद हैं। यह गीत जन्मदिन पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक सामान्य ग्रीटिंग है, साथ ही ग्रीटिंग कार्ड और मौखिक शुभकामनाएं जैसे संदेश के साथ मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं या जन्मदिन मुबारक हो इसका प्रयोग किया जाता है। बेटियां घर की शान होती हैं। कहा, जाता है कि जिस घर में बेटी का जन्म होता है, उस घर में खुद माता लक्ष्मी का वास होता है और इस वजह से केवल घर ही नहीं बल्कि समाज में भी बेटियों की अपनी खास जगह है।

बेटियां होती हैं जिंदगी में बहुत खास
उनके साथ अनोखा होता है एहसास,
हर किसी को होना चाहिए इन पर नाज़,
क्योंकि बेटी है जीवन का साज।

अत:अगर हम उपरोक्त पर्यावरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बेटी हर परिवार की शान होती हैं,कुल का मान होती हैं और पिता की जान होती है।जिस घर में बेटियों का वास होता है वह घर खास होता है- आओ बेटी के जन्मदिन को कन्या का उत्सव के रूप में मनाएं।समाज में बेटियों

**- किशन सनमुखदास भावनानीं**

# इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। मॉग की मजबूती से मंगलवार को अनाज मंडी में चना बड़त पर रहा। मसूर में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन 4300 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा। किराना जिंसों में व्यापार बेहद ठंडा-ठंडा रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में लेवाली से बाजार बड़त पर रहे। चने में बड़िया माल 6850-6875 रू. प्रति क्विंटल पर रहे। मसूर में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में व्यापार सुस्त-सुस्त ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन 4300 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत रहा। उधर, किराना जिंसों में व्यापार बेहद ठंडा-ठंडा ही रहा। भाव इस प्रकार रहे -

**किराना** - शक्कर 3880-3910, खोपरा गोला 160-210, खोपरा बूरा 3500-5500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 290-292, ऊंझा हल्का 292-305, मीडियम 308-316, बेस्ट 323-326, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 5800-6000, मीडियम 5900-6050, बेस्ट 6100-6300, वरलक्ष्मी 6400, ग्लास 7000-7300, सौंफ मोटी 101-105, मीडियम 120-125, बेस्ट 175-225, सौंफ बारिक 280-325, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-880, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 725-800, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 245-262, जायफल 700-725, बेस्ट 735, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1675-1900, नाग केसर 925-950, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 760-775, बेस्ट 800-815, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2400, मीडियम 2775-2950, बोल्ड 3050-3175, एक्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1425-1675, बेस्ट 1650-1725, तरबूज मगज 440-450, बेस्ट 575-625, काजू (240) 1050, काजू (320) 925-950, काजू एस. डब्ल्यू 900, जे.एच. 890-900, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 750-800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1850-1900, मैदा कट्टा 1920-1930, रवा कट्टा 1980-2000, बेसन 3700 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2260-2300, (160) 2600-2650, (200) 3000-3050, (250) 3500-3550

**तेल** - सींगदाना 1450-1460, मुम्बई 1450, राजकोट तेलिया 2350, सोया साल्वेंट 1230-1240, सोया रिफाइंड 1270-1275, कपास्या 1260, धूलिया 1250, कड़ी 1250,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1450, मुम्बई पाम 1280, मुम्बई सोया 1280,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1825, अकोला 2800 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** - सरसो 5800-5850, एवरेज 5500-5600, रायडा 5400-5500, सोयाबीन 4250-4300, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6850-6875, एवरेज 6600-6700, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9600-9700, एवरेज 9400-9500, हल्की 9000-9200, तुअर महाराष्ट्र 10300-10500, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8500-8600, शंकर 8200-8300, हल्की 7800-8000,

**दाल** - चना दाल एवरेज 8800-8900, मीडियम 9000-9100, बोल्ड 9200-9400, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15200-15300, मसूर दाल एवरेज 7000-7100, मीडियम 7150-7200, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 9400-9600, बोल्ड 9700-9900, मूंग मोगर 10200-10300, बोल्ड 10400-10500, उड़द दाल 11000-11100, बोल्ड 11200-11300, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11200,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2650-2700, लोकवन 2950-3000, एवरेज 2700-2800, (147) 2850-2900, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2850-2875, पूर्णा 2850-2900, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2600-2625, गज्जर 2500-2550,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 6500-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा** - इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

# रुपया गिरावट पर बंद

नई दिल्ली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ ही 84.33 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.22 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 9,947 करोड़ रुपये के शेयर खरीद 40 सत्रों से जारी शुद्ध बिकवाली का सिलसिला तोड़ा, जिसकी वजह से रुपए को मजबूत समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.27 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 84.22 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की बढ़त को दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.29 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर

# आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। यदि आपका कोई कानूनी मामला लंबे समय से विवादित चल रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी कुछ योजनाएं फलीभूत होंगी, जिनसे आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए रहेगा। आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको अपने सहयोगियों से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। नौकरी को लेकर यदि आप बदलाव करना चाहते हैं, तो वह आप कर सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई-लिखाई से भटक सकता है।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप राजनीति में किसी के कहने में आएं, नहीं तो आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मामलों को भी मिल बैठकर दूर करना होगा। आपके किसी काम में यदि कोई गलती हुई थी, तो उसके लिए आपको अपने बॉस से माफी मांगनी पड़ सकती है।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको अपनी संतान की समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा, नहीं तो वह किसी गलत काम की तरफ अग्रसर हो सकते हैं। आपको किसी गैर कानूनी मामलों में पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। बिजनेस में आपको कोई महत्वपूर्ण फैसला बहुत ही सोच समझकर ले। विद्यार्थियों को शिक्षा में आ रही समस्याओं को दूर करना होगा, जिसके लिए आप अपने गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। पारिवारिक समस्याएं यदि लंबे समय से आपको घेरे हुए थे, तो वह भी दूर होगी। व्यवसाय में काम अधिक रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। काम से जुड़ा कोई फैसला आप अपने पिताजी की मदद से ले सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। यदि आपका कोई काम अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। धन को लेकर आप किसी मामले में लापरवाही ना दिखाएं। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आपको पूरा करना होगा। प्रेम-सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। बड़ों के आशीर्वाद से आपको कोई नई प्रॉपर्टी की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान दें। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। अविवाहित जातकों के जीवन में उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। आपको अपने बजट पर ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि आप कुछ बेफिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं। बिजनेस में आपको परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी से व्यर्थ के वाद-विवाद में ना पड़े, नहीं तो इससे आप अपने कीमती समय को ही बर्बाद करेंगे। यदि आपको कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। वरिष्ठ सदस्यों की बातों पर आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको कोई सलाह दे, तो वह आपके खूब काम आएगी।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जिसमें आप किसी बड़े व्यक्ति से कोई राय ना लें। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। बिजनेस में आपका कुछ नया करने का मन करेगा। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप टीमवर्क के जरिए काम करके अपने कामों को आसानी से पूरा कर सकेंगे।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको व्यस्त रहने के कारण वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। किसी कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आप अपने कामों में काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन आप अपने पारिवारिक समस्याओं पर पूरा ध्यान दें। बिजनेस कर रहे लोगों ने यदि किसी काम को लेकर लापरवाही दिखाई, तो उसमें कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको मान-सम्मान मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आपको कुछ विशेष परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। जो विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में ढील देंगे, तो उसमें उन्हे समस्या हो सकती है।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा और सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के कामों की सराहना होगी, लेकिन आपको अपने मन में नकारात्मक विचारों को रखने से बचना होगा। आपकी किसी दूर रह रहे परिजन से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। यदि किसी काम को लेकर कोई उलझन चल रही थी, तो वह भी दूर

## शब्दजाल - 7732

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | क | जं | पु | ग | द | रि | या | दि | ल | ध |
| म | वि | ल | ग | ख | जी | ग | द | अ | ता | र्म |
| रा | स | त | यु | व | रा | ज | रा | धि | क | रा |
| ज | ज | क | दो | पु | ज | ज | ह | रा | त | ज |
| क | ना | दो | आं | आं | लं | का | म | ज | व | क |
| जी | द | ग | प | य | द | रा | ज | ण | र | यो |
| ती | ग | इ | रा | या | प | बा | श | र | ल | गी |
| क | र्ज | ल्जा | ई | ज | ब | म | र | लो | श | रा |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त | हा | ह | प | ज |
| द | पा | दे | व | रा | ज | र्त | ऐ | रा | हा | त |
| क | दु | व | न | रा | ज | रा | ब | द | ज | थ |

*शब्द जाल ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे राज शब्द लगा है.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

रामराज, नागराज, पुखराज, अधिराज, देवराज, योगीराज, दराज, धर्मराज, महाराज, युवराज

## शब्दजाल - 7731 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | स | बी | ला | प | इ | ज | हा | र | क | मां |
| ग | दा | औ | प | रिं | लै | ला | दि | शा | को | क |
| इ | ब | म | रि | दा | ल | अ | प | रि | हा | र |
| कु | हा | रु | हा | त | स | द | व | हा | र | म |
| व | र | ब्न | र | क | ते | री | ग | स | ता | द |
| म | रि | प | व | गा | स | मा | हा | र | न | ती |
| गा | नु | स | अं | प | म | खे | क | ला | व | क |
| उ | जी | हा | ला | क | शा | सौ | व | हा | जू | क |
| प | थो | तें | र | ल | ज | का | त | न | नी | द |
| हा | ल | व्य | व | हा | र | ऐ | हा | न | हा | थो |
| र | सा | ल | व | कु | श | जा | एं | र | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6676



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 6675**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | हु | ल | | ना | | गै | ब | ल | र |
| जा | | | घा | य | ल | | द | | न |
| औ | ला | द | | ब | गा | व | त | | |
| र | | स | त्या | | न | | मी | ना | क्षी |
| रं | गी | ला | | टी | | अ | ज | य | |
| क | | ख | ल | ना | य | क | | क | था |
| | दो | | की | | | ल | क्ष्य | | ने |
| खू | ब | सू | र | त | | मं | | दा | दा |
| | द | | | ला | | द | स | | र |
| डॉ | न | | गे | श्र | नी | | नी | तू | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**27 नवम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.51 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 09.56 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 11.43 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 13.16 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 14.46 बजे से |
| शुक्र | धनु में | वृष | 16.26 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.24 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.38 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.54 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कन्या | 01.06 बजे से |
| | | तुला | 03.17 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.31 ब.से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 332 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वादशी अहोरात्र।
**नक्षत्र** चित्रा अहोरात्र।
**योग** आयुष्मान 15.13 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 17.08 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 10'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872176
**जूलियन दिन** 2460641.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जमादि उलावल
**तारीख** 24

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः दोष-सुधार

एक कुशल चित्रकार ने एक चित्र प्रदर्शनी में रखा और उस के नीचे लिख दिया-' कृपया जहां गलती हो, वहां निशान लगा दीजिए।' चित्रकार को अपनी कला पर पूर्ण विश्वास था। उसने यह नोट इस उद्देश्य से लिखा था कि लोग चित्र को देखकर झूम उठेंगे और उसकी प्रशंसा में जरूर टिप्पणी लिखेंगे। जब अगले दिन चित्रकार प्रसन्न मन से चित्र को लेने पहुंचा तो वह यह देखकर हैरान रह गया कि उसका चित्र निशानों से भरा पड़ा था। चित्र वाकई बेहद खूबसूरत था। उसने यह सपने में भी नहीं सोचा था कि उसका चित्र लोगों के निकाले दोषों से इतना ढक जाएगा कि उसका मूल चित्र ही कहीं खो जाएगा। वह घर आकर दुःखी मन से बैठ गया। चित्रकार की पत्नी भी बेहद गुणी व समझदार थी। वह चित्रकार को परेशान देखकर बोली, 'क्या बात है?' चित्रकार ने दुःखी मन से पत्नी को अपना चित्र दिखा दिया। चित्र देखकर वह मुस्कराकर बोली, 'तो आप इसलिए परेशान हैं। अरे इसका यह अर्थ कतई नहीं है कि आप कुशल चित्रकार नहीं हैं। लोगों की तो आदत होती है अच्छे से अच्छे कार्य में भी दोष ढूंढ निकालना। जिन्होंने आपके चित्र को निशानों से भर दिया है वे केवल दोष ढूंढना जानते हैं, उन्हें सुधारना नहीं।' अब आप दूसरे चित्र में यह लिख दीजिए कि कृपया इस चित्र के दोष दूर कर दीजिए।' चित्रकार ने पत्नी की बात मानकर ऐसा ही किया। अगले दिन जब वह चित्र देखने पहुंचा तो यह देखकर दंग रह गया कि सचमुच चित्र में एक भी निशान नहीं था। न ही किसी ने दोष ढूंढकर उसे दूर करने की कोशिश की थी जबकि इस बार चित्रकार ने सचमुच चित्र में जानकर गलती की थी इसके बावजूद कोई उसे नहीं पकड़ नहीं पाया था। यह देखकर वह प्रसन्न मन से घर आया और पत्नी से बोला, 'तुम बिल्कुल ठीक कह रही थीं। लोग दोष ढूंढना तो जानते हैं किंतु उसमें सुधार करना नहीं।' उसकी पत्नी बोली, 'बिल्कुल सही कहा आपने। आपका यह चित्र पहले वाले चित्र के मुकाबले कुछ भी नहीं है। दुनिया दोष निकालना तो जानती है लेकिन सुधार करना नहीं। बुराई पर चर्चा सब करते हैं, पर बुराई को दूर करना कोई नहीं चाहता। तभी तो दुनिया में इतनी बुराई है।' चित्रकार पत्नी की बात से सहमत हो गया।

## सूडोकु नवताल- 6985

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6984 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 8200



**बाएँ से दाएँ**

1. उचित,गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान,प्रसिद्धि-2
9. उल्टी,कै,वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल,फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम,वहम-3
22. आश्रय,शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा,टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते,आदाब-3
2. देह,बदन,तन-2
3. शराब,मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम,संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग,सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला,सुस्त-3
19. नुकसान,घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा,सरुर,खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन,कोठी-3
25. क्षण,पल-2
26. कलिका,फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

**शब्द पहेली -8199 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क | हा | नी | | प | ती | ला | |
| मा | ला | | र | | र | | वा | दा |
| म | | | व | र | दा | न | | ला |
| ला | य | क | | न | | म | न | न |
| | | र | मी | | रॉ | की | | |
| सू | र | त | | आ | | न | श्त | र |
| री | | ब | ह | का | ना | | | की |
| ला | ख | | टा | | ह | | र | ब |
| | र | वा | ना | | क | ल | म | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिलेजुले रुख के बीच ही अदाणी ग्रुप के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी बाजार की तेजी रुक गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में यह उतार-चढ़ाव के बाद 105.79 अंक करीब 0.13 फीसदी नीचे आकर 80,004.06 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई निफ्टी 27.40 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी नीचे आकर 27.40 अंकों की गिरावट के साथ 24,194.50 अंकों पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर शुरूआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर आया। इसके अलावा टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, मारुति, टीसीएस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त पर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर अल्ट्रा सीमेंट के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गयी है। साथ ही सनफार्मा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक के शेयर भी नीचे आये। विदेशी निवेशकों ने गत दिवस सोमवार को 9,947.55 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यह आंकड़ा 20 सितंबर के बाद सबसे अधिक है।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी से हुई। कारोबार के दौरान दोनों प्रमुख इंडेक्स बढ़त के साथ खुले। एचडएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयरों में वृद्धि से बाजार में तेजी आई। सेंसेक्स पिछले बंद भाव के मुकाबले 300 से ज्यादा अंक ऊपर आकर 80,415.47 अंक पर खुला। इससे पहले सोमवार को यह लगभग 1000 अंक उछलकर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी तेजी के साथ 24,343.30 अंक पर खुला जबकि सोमवार को यह 24,221.90 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर शुरूआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा उपर आया।

# वित्त मंत्रालय की मासिक समीक्षा में रबी फसल के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान

नई दिल्ली । वित्त मंत्रालय ने अपनी नवीनतम मासिक समीक्षा में आने वाले महीनों में रबी फसल की बुवाई और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान जताया है। मंत्रालय ने बताया कि यह वृद्धि उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), अनुकूल मानसून और पर्याप्त जलाशय स्तर के कारण संभव है। इस समीक्षा के अनुसार रबी सीजन को इस साल की शुरुआत में अच्छी खरीफ फसल द्वारा स्थापित मजबूत नींव से लाभ होने की संभावना है। मंत्रालय का मानना है कि इस बंपर फसल से घरेलू खुदरा मुद्रास्फीति को कम करने में भी मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने कहा ?कि 6 नवंबर 2024 तक, धान की खरीद 161.0 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जिससे चल रहे केएमएस खरीद कार्यों से 14.79 लाख किसानों को लाभ हुआ। बढ़े हुए एमएसपी के साथ रिकॉर्ड खरीफ खाद्यान्न उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। रबी की फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ठंडी और शुष्क जलवायु की आवश्यकता होती है, जबकि खरीफ में उत्पादित फसलों के लिए गर्म और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि रबी की बुवाई और उत्पादन में अनुकूल मानसून, पर्याप्त जलाशय स्तर और उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की वजह से वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही खाद्य मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी है, जिसे अक्टूबर में खाद्य मूल्य दबाव के कारण देखा गया था। मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक गतिविधियों में सुधार के साथ स्थिरता आने वाले महीनों में उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान एफएमसीजी की बिक्री मात्रा में सुधार होने के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी वृद्धि देखी गई। मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत है।

# जेनएआई स्टार्टअप में निवेश दूसरी तिमाही में छह गुना उछला

नई दिल्ली। नैसकॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में भारत की जेनएआई फंडिंग तिमाही आधार पर छह गुना बढ़ी है। भारत ने वैश्विक जनरेटिव एआई की दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत की है। नैसकॉम की रिपोर्ट कहती है कि भारतीय जेनएआई स्टार्टअप ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 5.1 करोड़ डॉलर जुटाए जो वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में जुटाए गए 80 लाख डॉलर से अधिक हैं। टेक इंडस्ट्री एक्टिविटी के अनुसार दूसरी तिमाही के दौरान फंडिंग की गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और रिकॉर्ड स्तर पर फंडिंग के 20 राउंड हुए जो पहली तिमाही की सुस्ती के बाद मजबूत सुधार को दर्शाता है। कुल फंडिंग में पिछले साल के मुकाबले 3.4 गुना इजाफा हुआ तथा एंटरप्राइज एप्लिकेशन और एजेंटिक एआई में निवेश ने इसकी अगुआई की। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में जेनएआई फंडिंग का 90 प्रतिशत से अधिक भाग तीन स्टार्टअप नूरिक्स एआई, डैशटून और मिहप को मिला। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में फंडिंग राउंड में तीन गुना तक वृद्धि हुई। सभी दौर में शुरुआती चरण वाले निवेशों का हिस्सा 77 प्रतिशत रहा जिसमें ऐंजल और सीड फंडिंग शामिल है। इस तिमाही में जेनएआई स्टार्टअप कंपनियों के लिए फंडिंग के दौर सीरीज ए राउंड में 1.5 करोड़ डॉलर और सीड राउंड में 1.25 करोड़ डॉलर से कम रहे, जिसका मुख्य कारण कृत्रिम और सर्वम जैसे मॉडल के निवेशों का न होना रहा, जो पिछली दो तिमाहियों में हावी रहे थे। नैसकॉम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य रणनीति अधिकारी संगीता गुप्ता ने कहा, जेनरेटिव एआई परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है, प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं को नया आकार दे रहा है ।

# नगर परिषद में संविधान दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी कार्यालय प्रांगण में 26 नवंबर को दोपहर 12ः30 बजे संविधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी, श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले अध्यक्ष नगर परिषद लांजी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया,परिषद पदाधिकारी में सभापति किशोर रामटेक्कर, विजय गोस्वामी, श्रीमती शिखा गोस्वामी, श्रीमती कस्तुरा वाकडे, पार्षदगण में मुकेश रणदिवें, अधिवक्ता चितरंजन मचिया, रमन झा, बबीता पशीने, संतोष मोरघड़े, विजय कुशले, सीएमओ बीएल लिल्हारे, सहित नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारियो तथा सीएम राईज विद्यालय लांजी के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों की प्रमुख उपस्थिती में उक्त संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा पूजन अर्चन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम अन्तर्गत सीएम राईज विद्यालय के 27 छात्र छात्राओं के मध्य भारतीय संविधान को लेकर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पक्ष एवं विपक्ष के रूप में भाग लेकर कर्तव्य व अधिकारों की जानकारी देकर सविधान के विभिन्न धाराओं/ नियमों/ अनुदेशो/ कानूनों/ शक्तियों के बारे में तर्क वितर्क किये गये। इसके उपरांत अधिवक्ता चितरंजन मचिया के द्वारा सविधान दिवस पर अपने विचार रखे गये साथ ही नगर परिषद लांजी को कुछ ऐसा करने की सलाह दी गई कि हम लांजी को मिनी इंदौर के रूप में देख सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा सविधान दिवस पर उद्बोधन स्वरूप सविधान के नियमों/कानूनों के उपयोग की जानकारी बताई गई एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में सहभागी हुए छात्र /छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय लांजी से शिक्षणगण में नगपुरे जी, राम गेडाम आदि उपस्थित रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता किये छात्र छात्राओं में पक्ष में आर्य वानखेड़े, अमोल सोनवाने, काव्य पंचाले, अक्षत बडघैया, प्रफुल्ल मेश्राम, गणेश लिल्हारे, क्रिष्टी कोठारे, अनिशा पाण्डे, ऋशु हरिनखेड़े, चित्रा साण्डे, लवी पारधी, आसमा खान। विपक्ष में शिवकुमार पंचाले, अंशु स्वामी, साहिल मात्रे, आंचल नागवंशी, प्रतिज्ञा कोठारे, नंदनी मस्करे, रोहिणी कर्राहे, प्रियंका ऐरने, पूनम दमाहे, डीपल रतोने, केनिशा घोरमारे, गरिमा खोंगल, महिला चौहान, सिमरन वंशपाल। इन सभी को नगर परिषद लांजी के द्वारा सांत्वना पुरस्कार अतिथियों के हस्ते प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# दो मोटरसाइकिलों की आपस में भिड़ंत, तीन लोग घायल



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम दहेगांव में 25 नवम्बर को दोपहर लगभग 1 बजे दो मोटरसाइकिलों की आपस में भिड़ंत के चलते तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया। घटना के संबंध बताया गया कि धर्मेंद्र शोभेलाल उईके उम्र 40 वर्ष ग्राम अदासी महाराष्ट्र निवासी ने बताया कि वह अपनी पत्नी गुणवंत्ता धर्मेंद्र उईके 35 वर्ष के साथ अपनी मोटरसाइकिल हिरो स्प्लेंडर सुपर क्रमांक एम एच 35 आर 0186 से अपने ग्राम अदासी से पाथरगांव (लांजी) रिस्तेदारी में जा रहा था कि ग्राम दहेगांव में मोटरसाइकिल हिरो होण्डा स्प्लेंडर क्रमांक एम एच 35 आर 5767 के चालक कृष्णा धनलाल सूर्यवंशी 34 दहेगांव निवासी जो कि अपनी पत्नी व बच्चे को लेने आंगनवाड़ी केन्द्र जा रहा था कि भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कृष्णा सूर्यवंशी को पैर एवं पंजे में चोटें आई वहीं धर्मेंद्र व उसकी पत्नी को भी मामूली चोटें आई। घायलों का प्राथमिक उपचार उपरांत छुट्टी दे दी गई।

# रिसेवाड़ा में कपड़ा दुकान व कियोस्क बैंक में चोरों ने किया हाथ साफ




लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी पुलिस अनुभाग अन्तर्गत बहेला थाना के ग्राम रिसेवाड़ा मे 24 एवं 25 नवंबर की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरो के द्वारा कपड़ा दुकान एवं कियोस्क बैंक मे चोरी कर हजारो रूपये नगदी एवं कपड़ा चोरी कर फरार होने की घटना सामने आई है। इस संबध में प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम रिसेवाड़ा स्थित अमृत लाल रेडीमेड कपड़ा दुकान जिसके संचाल अमृतलाल गजबे ने जानकारी में बताया कि 24 नवंबर को रात्रि में 1 बजे से सुबह 6 बजे के मध्य अज्ञात चोरो के द्वारा दुकान का ताला तोड़कर दुकान से तीन थैले रेडीमड़ कपड़े लगभग 15 हजार रूपये एवं 5 हजार रूपये नगदी चोरी कर ले गये है। दुकान के संचालक अमृत लाल गजबे के द्वारा उक्त चोरी की सूचना पुलिस थाना बहेला को दी गई है। इसी प्रकार चोरो ने लांजी रिसेवाड़ा मार्ग पर स्थित एक कियोस्क बैंक में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कियोस्क के संचालक रामेश्वर कुतरिया ने बताया कि 24 एवं 25 नवंबर की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरो के द्वारा लगभग 2 बजे चैनल गेट का ताला तोड़कर कमरे के अन्दर रखे 2000 रूपये जो कि 20 रूपये नोट की गड्डी थी एवं खुदरा 200 से 300 रूपये चोरी कर ले जाया गया है। जिसकी भी सूचना कियोस्क के संचालन रामेश्वर कुतरिया के द्वारा बहेला पुलिस को दी गई है वहीं हमे जानकारी में यह भी बताया कि मेरे इस कियोस्क सेंटर में लगभग 5 बार चोरी की घटनाऐं घटित हो चुकी है। सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई तस्वीरें- अज्ञात चोरो के द्वारा कियोस्क सेंटर का ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है उक्त चोरी की घटना कियोस्क सेंटर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। दो व्यक्ति कियोस्क सेंटर में लगे चैनल गेट का ताला तोड़ते हुये दिखाई दे रहे है। सेन्ट्रींग तोडने वाली रॉड भी दिखाई दी है जिससे गेट तोड़ा गया है। बहरहाल उक्त संपूर्ण घटना बहेला पुलिस की जानकारी में लाई गई है पुलिस के द्वारा उक्त सूचना के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# साकेत पब्लिक स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस



लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के साकेत पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में 26 नवम्बर को सामुदायिक विकास और सामाजिक सेवाएं के तहत संविधान दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम 6 मध्यप्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के दिशानिर्देश में तथा विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड़े के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के छायाचित्र एवं भारत के सविधान पर पूष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हर किसी के हितो की रक्षा हो ऐसा विधान हैं, सबको जोड़कर रखे ऐसा भारत का संविधान हैं। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमति नेत्रेश्वरी डॉ किशोर सोनवाने ने कहा कि हर साल 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। यह दिन बेहद अहम है। इसी दिन वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा की ओर से भारत के संविधान के तैयार खाके को अपनाया था। इसके बाद ही 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू किया गया था। इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने कई चर्चाओं और संशोधनों के बाद संविधान को अंतिम रूप दिया था। पहले 26 नवंबर के दिन राष्ट्रीय कानून दिवस मनाया जाता था। बाद में साल 2015 से संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। इसी क्रम में कार्यक्रम के अतिथि श्रीमति मंजु कश्यप ने कहा कि संविधान दिवस सिर्फ एक दिन नही हैं, बल्कि हमारे देश के सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज यानी संविधान को याद करने का का दिन हैं। इस संविधान को बनाने में डॉ. भीमराव आंबेडकर का बहुत बड़ा योगदान था, जो हमारे देश के पहले कानून मंत्री थे। इसी प्रकार सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक संतोष मारेघड़े एवं विद्यालय के शिक्षक सतेन्द्र मुरकुटे की उपस्थिती में मानव श्रृखला बनाकर संविधान की शपथ दिलाई गई। अंत में संतोष मोरघडे द्वारा एनसीसी अधिकारी संदीप कुमार रामटेक्कर एवं एसीसी कैडेट्स को भारतीय संविधान की पुस्तक प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी छात्र/छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकाओं की भी सहभागिता रही।

# सी. एम. राइज स्कूल लाँजी के 4 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का किया प्रतिनिधित्व




**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। सत्र 2024-25 की जिला स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत वॉलीबॉल प्रतियोगिता सी. एम. राइज किरनापुर में आयोजित की गयी, जिसमे लाँजी से बालक एवं बालिका वर्ग के मिनी, जूनियर, एवं सीनियर वर्ग में खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें कुल 21 खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसके उपरांत बालिका वर्ग की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जबलपुर एवं बालक वर्ग की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता नरसिंहपुर में आयोजित हुई। जिसमे सर्वप्रथम जूनियर वर्ग में विद्यालय से क्रिष्टि कोठारे, भारती लहरोनिया एवं तुषार गौतम का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ जिन्होंने अपने खेल का जौहर नरसिंहपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया। उसी प्रकार सीनियर वर्ग में विद्यालय से कशिश बरसागड़े का चयन हुआ जो राजगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुआ।**

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोच के रूप में मिला दायित्व

लाँजी ब्लॉक में पदस्थ ब्लॉक खेल समन्वयक प्रज्ञात वासनिक (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) को शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजगढ़ में आयोजित सीनियर वर्ग के बालक टीम को कोचिंग करने का दायित्व प्राप्त हुआ जिसमे बालक टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं बालिका वर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसी प्रकार सिंगरौली में आयोजित मिनी वर्ग में भी बालक वर्ग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं बालिका वर्ग ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

### भगत सिंह स्पोर्ट्स अकेडमी में प्राप्त कर रहे प्रशिक्षण

लांजी में 4 वर्षो से संचालित शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकेडमी में लगातार सभी वर्गों के खिलाड़ी अलग अलग खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसके फल स्वरुप लगातार 3 वर्षो से अकेडमी के खिलाड़ी लाँजी शहर का नाम जिले, संभाग और राज्य स्तर पर रौशन कर रहे हैं।

# पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में मनाया गया संविधान दिवस




लांजी (पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी लांजी के द्वारा 26 नवंबर को स्कूली छात्र छात्राओं एवं विद्यालय प्रबंधन की उपस्थिती में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रार्थना सभा में सभी छात्र छात्राओं को एकत्रित कर संविधान दिवस के बारे में जागरूकता दी गई। जिसमें संस्था की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को संविधान के बारे मे बताया की 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था, यह दिन भारतीय लोकतंत्र के ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित करता है, जब हमारे देश ने एक लिखित संविधान को स्वीकार किया, जो हमारे शासन का आधार बना, हालांकि यह संविधान 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ, पर 26 नवम्बर को इसे अपनाने का ऐतिहासिक महत्व है। विद्यालय प्रबंधक संजय चौरे संविधान के अलग-अलग भागो के बारे मे समझाया एवं प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा के द्वारा बताया गया कि संविधान हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है और हमारे कार्य शैली को बेहतर ढंग से चलने के लिए इसका ज्ञान होना आवश्यक है, मौलिक अधिकारों के बारे में चर्चा कर विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों को समझाने का प्रयास किया और विद्यालय में भारतीय संविधान के अवसर पर जागरूगता लाने हेतु विद्यार्थियों मे पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चो के द्वारा पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग कर संविधान के महत्व को समझने का प्रयास किया उसके पश्चात संविधान के महत्व पर विद्यार्थियों के द्वारा भाषण और गीत के माध्यम से संविधान का महत्व एवं संविधान की महत्वपूर्ण बातों को बताने का प्रयास किया। इस अवसर पर महेंद्र येडे ,मनोज परिहार, तरुण तिलवार, सिफान मिर्जा, रोहित खिरेकर,योगेश सहारे, संध्या चौरे, सुभद्रा कलपुरे, रोशनी कुचलाहे, पूनम गुप्ता, टीना बिलगौर, अलिशा खान,रिया बंसोड़, नेहा सोमनकर , ज्योति भीमटे, वर्षा रणदिवे, सुनीता कुचलाहे,रेखा येडे, टेशू ताई, यास्मीन खान, कविता पटले,रोहिणी रनदिवे, स्वर्णाली बिस्वास, ममता नगपुरे ,प्रतिभा वशिष्ठ, राजेश शुक्ला,दीपांकर भार्गव सहित सभी शिक्षकों का योगदान रहा और समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित मे संविधान

# बहेला पुलिस ने 3 गौ तस्करों को लिया हिरासत में

## 30 गौवंश को कत्लखाने जाने से बचाया



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी अनुभाग के बहेला थाना अन्तर्गत हमेशा ही गौवंश तस्करी के मामले सामने आते है जो कि महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगा हुआ क्षेत्र है जिसके चलते गौवंश तस्कर आसानी से जंगल का फायदा उठाकर बडे पैमाने पर गौवंशों की तस्करी करते है लेकिन इनके इन मंसुबो पर हमेशा से ही बहेला पुलिस पानी फेरते नजर आई है। इस बार भी बहेला पुलिस ने लगभग 30 गौवंश को कत्लखाने जाने से बचाया है तथा 3 आरोपियो को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त संबध में बहेला पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बालाघाट पुलिस द्वारा गौवंश एवं अन्य पशुओं की क्रूरतापूर्वक तश्करी रोकने हेतु गौ-वंश तश्करों के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही है। पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेन्द्र सिंह द्वारा गौ-वंश पशु तश्करी के मामलों को गंभीरता से लेकर तश्करी करने वालो आरोपीगण के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर के.एल. बंजारे, एसडीओपी लांजी अंजुल अयंक मिश्रा के मार्ग दर्शन में थाना बहेला पुलिस ने 26 नवंबर 2024 को ग्राम अमेडा के पास मेन रोड पीपल पेड के नीचे आरोपीगण बैलो व बोदो को मारपीट कर बेचने के लिए जंगल के रास्ते से पशु तस्करी की जा रही थी इस संबंध में मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी बहेला निरीक्षक मदनलाल इवने व बहेला पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर कुल 30 नग मवेशी (16 बोदा व 14 बैल) को अभिरक्षा में लेकर तस्करी करने वाले 03 गौ-वंश को मौका स्थल पर गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी जिनमें कुमारसिंह मछिरके निवासी झालिया सालेकसा जिला गोंदिया महाराष्ट्र, मुकेश मड़ावी महराटोला छुई खदान राजनांदगांव छत्तीसगढ़, नंद कुमार पारधी महाराटोला छुई खदान राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के विरूद्ध अपराध क्रमांक 136/2024 धारा- 4, 6, 9 म.प्र. गौ-वंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, 11 पशु अतिचार अधिनियम 1871 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# हायर सेकेण्डरी स्कूल बहेला में मनाया गया संविधान दिवस



लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेला में 26 नवम्बर को संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित कर प्रार्थना सभा में संविधान की जानकारी दी गई। तत्पश्चात छात्रों की रैली निकाली गई एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां आयोजित किया गया। जिसमें संविधान से संबंधित गीत, भाषण, चित्रकला, रंगोली एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित किया गया एवं 26/11 में शहीद हुए जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत लांजी की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, ग्राम पंचायत बहेला की सरपंच श्रीमती सुनीता चौरागडे, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती आशा वानखेड़े, चंद्रभूषण वानखेड़े, शिक्षक सुखमन कुराहे, संतोष कुमार कुराहे, सुमंत कुमार कार्तिकेय, दीपक सोलंकी, धनेन्द्र कुमार मरकाम, श्रीमती रीता अजनार, आशू बोरकर, डिलेश्वरी फरदे, शोभेलाल बनोठे, गोविंद भोयर, शिव नारायण दहीकर, चंद्र कुमार सोनी, थानेश्वर दमाहे, भागीरथ लिल्हारे, भेरसिंह लिल्हारे, युगेश गिरपूंजे, मनोज कोठारे, पंकज खरे, राम निवास अवसरे, प्रेमानंद लिल्हारे, चंद्रप्रकाश लिल्हारे, देवेन्द्र कुमार लिल्हारे, शीला ढोके, ज्योति मोहारे, पुष्पा लिल्हारे, उमेश गिरिया, चित्रीव नगपुरे, गिरवर दशरिया, डालेन्द्र दशरिया, जयशिला दशरिया, रोशनी अवसरे, राजेन्द्र दशरिया, सुनीता सुलाखे, संकेत वासनिक, प्रियंका बिसेन, दुर्योधन लिल्हारे, उज्मा ख़ान, माया तुरकर, इंदिरा मानकर, गीता मानकर आदि उपस्थित रहे। चित्र कला में डिसीज मस्करे, रीतू नगपुरे, रंगोली में श्रेया खोंगल ने भाग लिया। अंत में शाला के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रेखा लिल्हारे द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई कार्यक्रम का संचालन डी आर उपराड़े, सुखदेव रहांगडाले एवं उत्तम गेडाम ने किया।

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# मप्र में गहराया खाद संकट...

## खाद की सप्लाई में 25 प्रतिशत की गिरावट, घंटों कतार में खड़े रहने के बाद भी नहीं मिल रहा खाद...



भोपाल/भिंड/टीकमगढ़/। मप्र को सात बार कृषि कर्मण अवार्ड विजेता बनाने वाले किसान इनदिनों खाद के लिए परेशान हैं। प्रदेश में खाद की किल्लत इस कदर बढ़ गई है कि किसानों को लंबी-लंबी लाइनों में लग के धक्के खाने पड़ रहे हैं कई जगह तो किसानों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। गुना में किसानों ने हंगामा किया, वहीं टीकमगढ़ और सतना में चक्का जाम किया। वहीं, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में खाद पर्याप्त मात्रा में पहुंच रही है। डीएपी की कुछ कमी है किसानों द्वारा खाद स्टोरेज किए जाने से खाद की किल्लत हुई है। वहीं कुछ कालाबाजारी भी चल रही है जिसके रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पहले भोपाल, सीहोर, भिंड, टीकमगढ़, सागर, निवाड़ी समेत कई जिलों में किसान खाद के लिए हंगामा कर चुके हैं। लगातार खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। आलम यह है कि बुवाई के इस दौर में खेत खाली पड़े हैं और किसान खाद के लिए कतार में हैं।

मप्र देश का अग्रणी राज्य है। दालों के उत्पादन में मप्र देश में 24 प्रतिशत उत्पादन के साथ प्रथम है। अनाजों के उत्पादन में 12 प्रतिशत उत्पादन के साथ देश में द्वितीय और तिलहन के उत्पादन में 20 प्रतिशत उत्पादन के साथ दूसरे स्थान पर है। प्रदेश की कृषि विकास दर 19 प्रतिशत है। प्रदेश में रबी फसलों की बोनी 142 लाख हेक्टेयर में होती है। प्रदेश में किसान मुख्यत: गेहूं, चना, मटर, मसूर, सरसों, अलसी की खेती करते हैं। जिसके लिए आठ लाख मीट्रिक टन डीएपी की मांग है। लेकिन सहकारी समितियों के गोदाम खाली पड़े हैं। प्रदेश में डीएपी खाद की मांग को लेकर किसानों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। खाद वितरण केंद्रों पर सुबह 5 बजे लाइन लग जाती है।

### किसान विकल्प लेने को तैयार नहीं

मप्र में इस बार बुवाई के समय डीएपी खाद कम मिल रही है। दुनिया में चल रहे युद्ध संकट की वजह से खाद की कीमतें बढ़ गई हैं और सप्लाई में 25 फीसदी तक की कमी आई है। हालांकि कृषि विभाग का कहना है कि किसान भाइयों को घबराने की जरूरत नहीं है। इसके वैकल्पिक खाद एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उधर, किसानों को पिछले साल की तरह डीएपी नहीं मिल पा रही है। प्रदेश में डीएपी (18-46) खाद की भारी कमी है, जबकि किसान इसके विकल्प लेने को तैयार नहीं हैं। इसके अलावा कुछ निजी विक्रेताओं पर ओवर रेटिंग के आरोप भी लगे हैं। प्रशासन ने इस मामले में मैहर के दो निजी विक्रेताओं समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### टीकमगढ़ में मिली नकली खाद

टीकमगढ़ जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के मऊ बुजुर्ग गांव में मंगलवार को नकली डीएपी खाद का मामला सामने आया है। पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर मौके से 170 बोरी नकली डीएपी खाद जब्त किया है। मामले में मकान मालिक सहित नकली पैकिंग कर रहे मजदूरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दिगौड़ा पुलिस ने मंगलवार को मऊबुजुर्ग में एक खाली नव निर्मित मकान से अवैध नकली डीएपी खाद बरामद किया है। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। टीम ने मकान से 170 नकली डीएपी खाद की बोरियों को जप्त किया है। मौके से नकली खाद की बोरियों को भर रहे 4 मजदूरों को गिरफ्तार किया है। जतारा एसडीएम ने इसकी सूचना कृषि विभाग के अधिकारियों को दी। जानकारी लगते ही वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ग्राम सेवक के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने नकली खाद की पहचान की।

### चित्रकूट स्टेट हाइवे जाम

सतना में मंगलवार को किसानों ने खाद की किल्लत को लेकर प्रदर्शन किया। सिविल लाइन स्थित गोदाम में खाद की आपूर्ति को लेकर एकत्रित हुए किसानों ने गुस्से में आकर सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे सतना-कोठी-चित्रकूट मार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। किसानों ने गोदाम के बाहर नारेबाजी करते हुए खाद की कमी का विरोध किया। एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया और सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और किसानों से सड़क खाली करने की अपील की। थोड़ी देर की नोकझोंक के बाद एसडीएम ने किसानों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि खाद और रैक सतना पहुंच रहे हैं और जल्द ही समस्या का समाधान होगा।

### गेहूं की बुवाई में हो रही देरी

नवंबर का अंत होने के कारण गेहूं की बुवाई का समय भी निकल रहा है। 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक गेहूं की बुवाई का उपयुक्त समय माना जाता है, लेकिन खाद की कमी के कारण किसान बुवाई में देरी का सामना कर रहे हैं। स्थिति यह है कि खाद के लिए किसान सुबह 5 बजे घर से निकलकर बिना खाए-पीए कतार में खड़े हो जाते हैं। उधर, ब्लैक मार्केट में महंगे दाम पर खाद मिल रही है, लेकिन सरकारी रेट पर उपलब्ध नहीं हो रही।

### स्टॉक उपलब्ध होने का दावा

कृषि विभाग द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में स्टॉक को ध्यान में रखकर उर्वरक व्यवस्था की जा रही है। पिछले वर्ष 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक 18.82 लाख मैट्रिक टन यूरिया का विक्रय हुआ था। भारत सरकार द्वारा रबी 2024 के लिए 22 लाख मैट्रिक टन यूरिया प्रदाय करने की सहमति प्रदाय की गई है। अक्टूबर 2023 में यूरिया का विक्रय 4.67 लाख मीट्रिक टन हुआ था, जिसके विरुद्ध 8.53 लाख मीट्रिक ट्रांजिट सहित उपलब्ध है, जिसमें से 2.40 लाख.टन यूरिया का विक्रय हुआ है, 6.13 लाख टन स्टॉक में उपलब्ध है। वहीं, डीएपी की बात करें तो 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक डीएपी एनपीके 10.36 लाख मैट्रिक टन का विक्रय हुआ था। भारत सरकार द्वारा रबी 2024-25 के लिए 14 लाख मैट्रिक टन का आवंटन दिया गया है। अक्टूबर 2023 में डीएपी एनपीके का विक्रय 437 लाख टन हुआ था, जिसके विरुद्ध अक्टूबर माह में 5.58 लाख टन ट्रांजिट सहित उपलब्ध है। इसमें से 2.20 लाख टन डीएपी एनपीके का विक्रय हुआ है, 3.36 लाख टन डीएपी एनपीके स्टॉक में उपलब्ध है।

## किसानों को खाद नहीं दे पा रही सरकार



भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खाद संकट को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पटवारी ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें खेती-किसानी पर गहरा आघात कर रही हैं। एक तरफ किसानों को पर्याप्त समर्थन मूल्य नहीं दिया जाता, दूसरी ओर उन्हें समय पर खाद भी नहीं मिल रही। खेती की लागत इतनी बढ़ा दी गई है कि किसानों का लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि मप्र के किसान कई-कई दिनों तक खाद लेने के लिए कतारों में खड़े हैं। भाजपा की सरकार में किसान पुलिस की लाठियां खा रहे हैं और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री इसका संज्ञान लेने की अपेक्षा सात समुंदर पार सत्ता का लुत्फ उठा रहे हैं। बता दें कि मध्यप्रदेश में रबी सीजन में गेहूं, चना, मटर, सरसों, गन्ना, अलसी जैसी प्रमुख फसलें पैदा की जाती हैं।

### डीएपी खाद का संकट

पटवारी ने कहा मध्यप्रदेश और देश में डीएपी खाद का गहरा संकट है। प्रदेश में रबी सीजन में भारत सरकार द्वारा 8 लाख मैट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराने की सहमति दी गई थी। लेकिन, 20 नवंबर 2024 तक मात्र 4.57 लाख मैट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराई गई और अब तक प्रदेश में मात्र 2.91 लाख मैट्रिक टन डीएपी का विक्रय किया गया। डीएपी और कॉम्प्लेक्स खाद सिर्फ बोवनी के समय ही उपयोग किया जाता है। अभी अक्टूबर-नवम्बर माह बोवनी का समय होता है, मगर भारत सरकार द्वारा डीएपी उपलब्ध कराने के आश्वासन का आधा खाद भी नहीं दिया है। जहां प्रदेश में यूरिया की जरूरत 20 लाख मैट्रिक टन की है। वहां उपलब्धता 12.70 लाख मैट्रिक टन मात्र की है और 20 नवंबर 2024 तक इसमें से भी केवल 7.69 लाख मैट्रिक टन वितरित किया गया।

### किसानों को दिया धोखा

पटवारी ने सोयाबीन की फसल लगाने वाले किसानों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में लगभग 52 लाख हेक्टेयर भूमि में सोयाबीन की बुवाई हुई है। 55 से 60 लाख टन सोयाबीन उत्पादित हुआ है। सोयाबीन किसानों को फसलों के दाम लागत मूल्य जितने भी नहीं मिल पा रहे थे। कृषि मंत्री और प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्राइस सपोर्ट स्कीम पर सोयाबीन को समर्थन मूल्य 4892 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदने का भरोसा दिया था। जबकि हकीकत कुछ और ही है। राज्य सरकार ने 2024-25 खरीफ सीजन के लिए 10 सितम्बर 2024 को 27.34 लाख मैट्रिक टन सोयाबीन खरीदने का अनुरोध किया था। मगर प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए मात्र 13,68,045 मैट्रिक टन सोयाबीन खरीदने की अनुमति ही केंद्र द्वारा दी गई।

## चेतावनी : 50 प्रतिशत हो जाएंगे तो उठा ले जाएंगे बेटियां-बाबा बागेश्वर



भोपाल। हिंदू एकता यात्रा पर निकले पं धीरेंद्र शास्त्री ने मुसलमानों के खिलाफ विवादित बयान दिया है। उन्होंने हिंदुओं को चेताते हुए कहा कि अभी मात्र 20 प्रतिशत मुसलमान है तो आए दिन पत्थरबाजी हो रही है जब ये 50 प्रतिशत हो जाएंगे तो सरेआम बेटियों को उठा ले जाएंगे। यात्रा के दौरान बाबा बागेश्वर से जब संभल की घटना को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, अभी तो हमारी एकता पर फोकस है। यदि तो हम हिंदुओं को बताना चाहते हैं कि 20 पर्सेंट में वो पत्थरबाजी कर रहे हैं 50 हो जाएंगे तो तुम्हारे घरों की बेटियों को उठा ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि संभल के उपद्रवियों को जेलर के हाथ सौंपने की आवश्यकता है। बाबा ने यह भी कहा कि देश में 100 करोड़ हिंदू हैं, एक करोड़ को सड़क पर आना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में वे घरों में कब्जा कर लेंगे।

जाति का भेदभाव मिटाने के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्रा के दौरान सोमवार को उन्होंने कहा कि भारत को बांग्लादेश नहीं बनाना चाहते तो जात-पात से ऊपर उठ जाओ। बॉलिवुड अभिनेता संजय दत्त भी उनकी यात्रा में शामिल हुए। बाबा बागेश्वर की यह यात्रा 29 नवंबर को पूरी होगी। छतरपुर के अपने आश्रम से वह ओरछा के राम राजा दरबार तक यह यात्रा निकाल रहे हैं। बागेश्वर बाबा की यात्रा में भारी भीड़ उमड़ रही है। एक स्थानीय अदालत के आदेश पर पिछले मंगलवार को जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था जिसके बाद से संभल में पिछले कुछ दिनों से तनाव व्याप्त था। रविवार को दोबारा टीम सर्वेक्षण के लिए पहुंची तो हिंसा भड़क उठी। पथराव और गोलीबारी में 4 लोगों की मौत हो गई तो कई लोग जख्मी हो गए। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद पूर्व में हरिहर मंदिर था।

## 5 हजार करोड़ का फिर कर्ज लेगी मप्र सरकार

भोपाल। मप्र की मोहन यादव सरकार एक बार फिर 5 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है। यह ऋण ई ऑक्शन के जरिए स्टाक गिरवी रखकर लिया जाएगा। लोन की यह राशि दो अलग-अलग कर्ज के रूप में ली जा रही है, जो 2500-2500 करोड़ रुपए का है। 27 नवंबर को सरकार के खाते में लोन की यह रकम पहुंच जाएगी।

जानकारी के मुताबिक मोहन सरकार की 20 साल के लिए 2500 करोड़ और 14 साल के लिए 2500 करोड़ लेने की तैयारी है। पिछले 11 महीने में सरकार 40 हजार 500 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। मप्र की जनता पर 3 लाख 90 हजार करोड़ का कर्ज का बोझ हो चुका है। राज्य सरकार आरबीआई के माध्यम से यह कर्ज उठाएगी। इसके लिए सरकारी बांड या स्टॉक को गिरवी रखकर धनराशि जुटाई जाएगी। ई-ऑक्शन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 27 नवंबर को यह रकम राज्य सरकार के खजाने में आ जाएगी।

सरकार के वित्तीय रिकॉर्ड पर नजर डालें तो यह इस साल का नया बड़ा कर्ज होगा। पिछले 11 महीनों में, राज्य सरकार ने 40,500 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। यह धनराशि राज्य की विकास योजनाओं और अन्य खर्चों के लिए इस्तेमाल की गई है। मप्र की जनता पर कर्ज का भार लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में राज्य पर कुल कर्ज 3 लाख 90 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह राज्य की वित्तीय स्थिरता के लिए एक गंभीर मुद्दा है।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार की पहल

### - मप्र में स्कूलों में पढ़ाया जाएगा यातायात का पाठ

भोपाल। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार अब स्कूली विद्यार्थियों को यातायात का पाठ पढ़ाएगी। इसकी शुरुआत आगामी शिक्षा सत्र (2025-26) से कक्षा पांच के विद्यार्थियों से होगी। इसके लिए पुलिस मुख्यालय 87 लाख पुस्तकें छपवा रहा है। पांचवीं से 12वीं तक क्रमशः हर वर्ष नई कक्षा में नई पुस्तक पढ़ाई जाएगी।

पाठ्यक्रम भी इस तरह से तैयार किया जा रहा है कि इसमें दोहराव न हो। साथ ही उनकी सामग्री विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर के अनुकूल हो। पांचवीं की पुस्तक में आठ अध्याय हैं। इसमें वाहन सड़क में कैसे, किस दिशा में चलाएं, रोटरी क्या है। प्रदूषण के मापदंड के अनुसार वाहन कितने प्रकार के होते हैं, लाइसेंस कितने तरह के होते हैं, जैसी जानकारियों को शामिल किया गया है।

### सख्ती के साथ सोच बदलना भी जरूरी

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि सख्ती के साथ ही लोगों का सोच बदलना भी जरूरी है और इसकी शुरुआत के लिए विद्यार्थियों से अच्छा कोई समूह नहीं हो सकता। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) संजीव शमी ने बताया कि पाठ्यक्रम समिति ने इसे स्वीकृति दे दी है। पाठ्यक्रम में इन्हें अगले शैक्षणिक सत्र से शामिल किया जाएगा कि नहीं यह अभी तय होना है। पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं बन पाने के बाद भी विद्यार्थियों को यह पुस्तकें पढ़ाई जाएंगी।

### इसलिए पड़ी आवश्यकता

कोरोना संक्रमण काल का समय छोड़ दें तो प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और इसमें जान गंवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यातायात के नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्ती के बाद भी घटनाएं बढ़ रही हैं। चिंता की दूसरी बात यह भी है कि दुर्घटनाएं जिस अनुपात में बढ़ीं हैं उससे कहीं ज्यादा मृतकों की संख्या बढ़ी है।

## आधुनिक ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस में आई खराबी, 11 घंटे देरी से हुई रवाना

भोपाल। भोपाल से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार को करीब 11 घंटे की देरी से रवाना हुई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेन की देरी का कारण तकनीकी खराबी बताया गया। इस घटना ने यात्री नाराज हो गए और उन्होंने रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन कर दिया। वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 5:40 बजे रवाना होना था। ट्रेन में सी11 कोच की स्प्रिंग खराब हो जाने के कारण इसे मरम्मत के लिए यार्ड ले जाया गया, जिससे ट्रेन शाम 4:30 बजे रवाना हुई। ट्रेन की देरी से नाराज यात्रियों ने पटरियों पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। यात्रियों का आरोप था कि उन्हें ट्रेन की देरी के बारे में सूचित नहीं किया गया। हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को रद्द करना पड़ा। मंगलवार को रानी कमलापति से निजामुद्दीन जाने वाली वंदे भारत ट्रेन भी रद्द की गई। लंबे इंतजार के बाद कुछ यात्रियों ने शताब्दी एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश की, जिससे धक्का-मुक्की और रेलवे सुरक्षा बल से झड़प भी हुई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ऐप और अन्य माध्यमों से यात्रियों को ट्रेन की देरी के बारे में जानकारी दी गई थी। ट्रेन को यात्रियों की सुविधा के लिए रद्द नहीं किया गया। भोपाल मंडल के कार्यवाहक पीआरओ ने कहा कि ट्रेन का यार्ड अच्छी सुविधाओं से लैस है। यात्रियों ने दावा किया कि उन्हें सही समय पर जानकारी नहीं मिली, जिससे उनकी योजनाएं प्रभावित हुईं हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी आधुनिक ट्रेन की तकनीकी खराबी रेल प्रशासन की सूचना प्रबंधन और आपातकालीन योजनाओं की कमी को उजागर करती है।

## भारतीय मजदूर संघ 1 दिसंबर से शुरू करेगा श्रमिक संपर्क अभियान

भोपाल। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70वें वर्ष में संघ के विस्तार के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। इसके लिए 1 से 15 दिसंबर तक देशभर में श्रमिक संपर्क अभियान प्रस्तावित है। अभियान के दौरान अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने की रणनीति के लिए राजधानी स्थित ठेंगड़ी भवन में संघ की बैठक में रणनीति बनाई गई। संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर एवं संगठन मंत्री सुनील किरवई ने अभियान के दौरान अधिक से अधिक श्रमिकों को संघ से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों, सब्जी मंडियों, हाट एवं बाजार, ठेका मजदूर, पीठा मजदूर, श्रमिक बस्तियों, ऑटो चालक, सब्जी विक्रेता, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर श्रम करने वाले सभी मजदूरों से संपर्क करें। भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष के कार्यों को मजदूरों और समाज से साझा करें। गुर्जर ने कहा कि जनजागरण कर इन श्रमिकों को भारतीय मजदूर संघ से जोड़ें।

## वन्य जीव हमले से मृत्यु पर 25 लाख मुआवजा

### 10 लाख मुआवजा तत्काल, 15 लाख एफडी में मिलेगा

भोपाल। मप्र में वन्य जीव के हमले से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर आठ लाख रुपये के स्थान पर अब 25 लाख रुपये देने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। वन विभाग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुसार जंगलों में वन्यप्राणी के हमले में मरने वाले व्यक्तियों को 25 लाख रुपये हर्जाना देने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इसमें आर्थिक सहायता दो किस्त में दी जाएगी।

वन्यप्राणी के हमले पर व्यक्ति की मृत्यु पर उसके स्वजन को तुरंत 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। शेष 15 लाख रुपये की बैंक में एफडी की जाएगी। इसमें 10 लाख रुपये की एफडी पांच साल बाद और शेष पांच लाख रुपये की एफडी 10 साल बाद तोड़ी जाएगी। यह राशि मृतक के वारिसों को ब्याज सहित भुगतान की जाएगी।

### एक साल में करीब 40 मामले

वर्तमान में वन विभाग के पास एक साल में जनहानि के करीब 40 मामले आते हैं, जिनमें मुआवजा देने के लिए करीब तीन करोड़ रुपयों का बजट रखा जाता है। यह प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट में प्रस्तुत करने की तैयारी है। महाराष्ट्र में इसी तरह वन्यजीव के हमले से मृत्यु पर स्वजन को राशि दी जाती है। बता दें कि मप्र में वर्तमान में जनहानि पर मुआवजा राशि आठ लाख रुपये, उपचार पर हुआ व्यय तथा स्थाई अपंगता पर दो लाख रुपये दिए जाते हैं। वहीं महाराष्ट्र में वन्यप्राणी के हमले से जनहानि पर 25 लाख, छत्तीसगढ़ में छह लाख और उत्तर प्रदेश, राजस्थान व गुजरात में पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाता है।

### पांच साल में 292 से अधिक लोगों की मौत

मध्य प्रदेश में बाघ-तेंदुआ सहित अन्य मांसाहारी वन्यप्राणियों के जंगल से बाहर निकलकर नजदीक की बस्ती में पहुंचने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे मानव-वन्यप्राणी द्वंद की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले पांच साल में वन्यप्राणियों के हमले में 292 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच और किसानों ने किया प्रदर्शन

भोपाल। मजदूरों को 26000 रुपए महीना न्यूनतम वेतन, किसानों को फसलों का उचित मूल्य देने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को श्रमिक और किसानों ने भोपाल में रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। श्रमिक और किसान कोहेफिजा आरओबी से कलेक्टोरेट तक रैली लेकर पहुंचे व ज्ञापन दिया। संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच के आव्हान पर किए गए प्रदर्शन में समस्त ट्रेड यूनियन (सीटू, इंटक, एचएमएस, एटक) के श्रमिक शामिल हैं। सीटू के भेल भोपाल के महामंत्री दीपक गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत संपूर्ण देश के साथ मध्य प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन, रैली कर धरना दिया जा रहा है।

## साक्षात्कार के लिए सहायक प्राध्यापकों को करना होगा इंतजार

### - जनवरी से पहले इंटरव्यू होना संभव नहीं, दिसंबर में तय होगी तारीख

भोपाल। सहायक प्राध्यापक परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार को लेकर इंतजार खत्म नहीं हो रहा है, क्योंकि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की तरफ से अभी तक तारीख तय नहीं हुई है। इसके पीछे कारण यह है कि सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा का तीसरे चरण हालही में संपन्न हुआ है। इसका रिजल्ट आने के बाद साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। दिसंबर में आयोग परीक्षा-साक्षात्कार के संबंध में बैठक करेंगे। इसके चलते जनवरी से पहले साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों को नहीं बुलाया जा सकता है। सरकारी कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों के बरसों से पद रिक्त है। आयोग ने दिसंबर 2022 में भर्ती परीक्षा का विज्ञापन निकाला था। 36 विषयों में 1679 पद पर आवेदन बुलाए हैं। इन्हें तीन चरणों में रखा गया। 9 जून को आठ विषय में 826 और 4 अगस्त को आठ विषय में 744 पद रखे। दोनों चरणों में 55 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। आयोग ने दोनों चरण का परिणाम नवंबर तक निकाल दिया है। यहां तक कि चयनित उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए भी शैक्षणिक योग्यता, प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज बुलाए है।

### 5 दिसंबर से आना शुरू होगी शीट

आयोग ने तीसरे चरण में 20 विषय के 109 पद 17 नवंबर को परीक्षा हो चुकी है, जिसमें 3100 में से महज 1200 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। 5 दिसंबर से अलग-अलग विषयों की मॉडल आंसर की जारी होना शुरू होगी। उसके पश्चात आयोग रिजल्ट निकाल सकता है। यह प्रक्रिया दिसंबर तक होने की उम्मीद है। उसके तुरंत बाद चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आवेदन करना होगा। ओएसडी रवींद्र पंचभाई ने कहा कि अगले कुछ सप्ताह में साक्षात्कार को लेकर तारीख तय होगी। इसके बारे में पोर्टल पर अधिसूचना जारी की जाएगी। दो साल में सिर्फ परीक्षा सहायक प्राध्यापक परीक्षा देने वाले उम्मीदवार नाराज है, क्योंकि दो साल में आयोग सिर्फ लिखित परीक्षा करवाया पाया है। इस दौरान परीक्षा को लेकर न्यायालय में भी प्रकरण पहुंचे थे। देरी का एक यह भी कारण बताया है।

## भारतीय संविधान हमारा गौरव और स्वाभिमान है - मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आज ही के दिन 1949 में हमारा संविधान निर्मित हुआ था। संविधान ही हमारी आधारशिला है, जिसने देश की विविधता को एकता में बदलने का अद्भुत कार्य किया। भारतीय संविधान हमारा गौरव और स्वाभिमान भी है, जो हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से संविधान के आदर्शों का पालन करते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने का प्रण लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर ऐसे मध्यप्रदेश और भारत के निर्माण का संकल्प लें, जहां समानता, न्याय और सम्मान हर नागरिक का अधिकार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा संविधान के सभी अनुच्छेदों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म स्थान मध्यप्रदेश के महू में है, जो अब अम्बेडकर नगर के रूप में भी जाना जाता है। संविधान सभा के सदस्य रहे डॉ. सर हरीसिंह गौर का जन्म स्थान सागर में है, जिनकी जयंती 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। मध्यप्रदेश सरकार, संविधान दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

## भोपाल से रीवा के लिए फ्लाइट शुरू

भोपाल। भोपाल से रीवा के लिए फ्लाइट शुरू हो गई है। सप्ताह में 4 दिन फ्लाइट उड़ेगी। प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को सुबह 8.15 बजे भोपाल से फ्लाइट टेक ऑफ यानी, उड़ान भरेगी, जबकि 2 घंटे में सुबह 10.20 बजे रीवा लैंड करेगी। दोपहर में ही यह फ्लाइट वापस भोपाल लौट जाएगी। अभी पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के तहत सप्ताह में 6 दिन उड़ान जरूर भरी जा रही है, लेकिन प्लेन सिर्फ छह सीटर है। वहीं, किराया भी अधिक है। इसलिए पूरे यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। अब नियमित फ्लाइट शुरू हो गई है। मंगलवार सुबह डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल से रीवा एयरपोर्ट की पहली फ्लाइट सेवा की शुरुआत करते हुए यात्रियों को बोर्डिंग पास सौंपे। डिप्टी सीएम शुक्ल ने कहा कि, रीवा एयरपोर्ट से भोपाल की सीधी कनेक्टिविटी विंध्य क्षेत्र के व्यापार, पर्यटन और उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। यह सेवा क्षेत्र के नागरिकों के लिए समय की बचत के साथ-साथ सुविधाजनक यात्रा का माध्यम बनेगी।

# भारतीय टीम की जीत में इन खिलाड़ियों की रही अहम भूमिका

पर्थ। भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पहले ही टेस्ट में शानदार जीत के पीछे कई खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन रहा है। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मिली हार से उबरकर जिस प्रकार की वापसी की है वह आसान नहीं थी। ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट मैच में ही उसकी धरती पर 295 रन से हराना एक बड़ी उपलबब्धि है। ये भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी जीत है। इससे भारतीय टीम एक बार फिर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिपन (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़कर एक बार फिर से शीर्ष पर पहुंच गयी है। भारतीय टीम की जीत में इन पांच खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही।



### 1 जसप्रीत बुमराह

कप्तान जसप्रीत बुमराह ने इस मैच में कुल आठ विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। टीम के पहली पारी में 150 रन पर ऑलआउट होने के बाद हर बुमराह ने मेजबान टीम के 5 विकेट लेकर उसे बैकफुट पर धकेल दिया। बुमराह के इस प्रदर्शन की बदौलत ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रन के भीतर आउथ् करने में सफला हासिल की। बुमराह ने शानदार कप्तानी कौशल का प्रदर्शन करते हुए टीम को लगातार प्रेरित किया। बुमराह ने दूसरी पारी में भी ट्रेविस हेड को आउट करने के साथ ही तीन विकेट लिए।

### 2 यशस्वी जायसवाल

पहली पारी में खाता नहीं खोल पाये यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में 161 रन बनाकर भारतीय टीम को बड़ी बढ़त दिलायी। यशस्वी की इस प्रारी से मेजबान गेंदबाजों पर दबाव आया और वे अपनी लय खो बैठे जिसके बाद भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी आसानी से रन बनाने में सफल रहे।

यशस्वी ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज हो गये हैं। यशस्वी ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय भी हैं। उनसे पहले यह कमाल सिर्फ एमएल जयसिम्हा और सुनील गावस्कर कर सके थे।

### 3 केएल राहुल

केएल राहुल के ऊपर इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर दबाव था और उन्होंने अपनी को साबित किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन में उन्हें ड्रॉप कर सरफराज खान को जगह दी गई थी। ऐसे में भी राहुल ने पहली पारी में 26 रन बनाए जब भातरीय टीम के विकेट लगातार गिर रहे थे। वहीं दूसरी पारी में राहुल ने 77 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रन की साझेदारी की.। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी भी भारतीय जोड़ी की सबसे बड़ी सलामी साझेदारी रही है।

### 4 विराट कोहली

विराट कोहली पहली पारी में विफल रहे पर पर दूसरी पारी में उन्होंने शानदार शतक लगा दिया। विराट जब दूसरी पारी में बैटिंग करने आए तो भारत का स्कोर 2 विकेट पर 275 रन था पर तीन विकेट गिरने से स्कोर 5 विकेट पर 321 रन हो गया। ऐसे समय पर विराट ने मोर्चा संभाला और भारत को 487/6 के स्कोर तक पहुंचाया।

### 5 नीतीश रेड्डी और हर्षित राणा

अपना पहला ही टेस्ट खेल रहे नीतीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। हर्षित ने पहली पारी में 3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 104 रन में समेटने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी ओर, नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली पारी में 41 और दूरी पारी में 38 रन बनाये। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में मिचेल मार्श को भी आउट कर दिया। वहीं नीतीश ने पहली पारी में सबसे अधिक 41 रन बनाये। अगर उन्होंने यह पारी ना खेली होती तो भारत के लिए 100 तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता।

## एथर एनर्जी लिमिटेड ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बैटरी के लिए 'Eight70TM वारंटी' को पेश किया

नई दिल्ली। भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी लिमिटेड ने अपने एथर 450 सीरीज और रिज़्टा स्कूटर्स के लिए रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के साथ मिलकर 'Eight70TM वारंटी' को पेश किया है। 'Eight70TM वारंटी' द्वारा ग्राहकों की लंबे समय तक बैटरी चलने, उसकी परफार्मेंस और रिप्लेसमेंट की लागत से जुड़ी चिंता दूर हो गई है।

'Eight70TM वारंटी' के मुख्य लाभ-

- 8 साल या 80,000 किलोमीटर तक जो भी पहले हो, उसका कवरेज।
- बैटरी की 70त्न बैटरी हेल्थ की गारंटी ।
- इसके निर्माण के समय उत्पन्न हुए दोष और विफलताओं के खिलाफ पूरा कवरेज।
- क्लेम राशि पर कोई ऊपरी सीमा नहीं।
- लंबे समय तक स्कूटर को बिना चार्ज या निष्क्रिय अवस्था में छोड़ने से बैटरी सेल की डीप डिस्चार्ज के कारण क्लेम खारिज नहीं होगा।

एथर एनर्जी के सीईओ, तरुण मेहता ने 'Eight70TM वारंटी' पर ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर यह कहा।

इस मौके पर एथर एनर्जी लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर, रवनीत सिंह फोकेला ने कहा कि, इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने वालों के लिए बैटरी सबसे ज्यादा महत्व रखती है। ग्राहक अक्सर अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर की बैटरी लंबे समय तक चलने और उसकी रिप्लेसमेंट की लागत को लेकर चिंतित होते हैं। इस चिंता को समझकर हमने नई 'श्वद्बद्दद्ध70ञ्जरूवारंटी' पेश की है, जिसके अंतर्गत 8 साल तक न्यूनतम 70त्न बैटरी 70त्न बैटरी गारंटी का भरोसा मिलता है। हमारा मानना है कि यह वारंटी बैटरी के लंबे चलने और मेंटेनेंस को लेकर इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने वालों की सभी चिंताओं को दूर कर देगी।

## आरसीबी ने भुवनेश्वर, क्रूणाल और लिविंगस्टोन सहित 19 खिलाड़ी खरीदे



जेद्दा। अगले साल मार्च में शुरु होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए नीलामी पूरी हो गयी है। इसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 19 खिलाड़ी खरीदे हैं। आरसीबी ने आज तक खिताब नहीं जीता है। ऐसे में उसने इस बार कई अच्छे खिलाड़ियों को खरीदा है। आरसीबी नीलामी के दूसरे दिन 30.65 रुपए की सबसे अधिक राशि के साथ उतरी। दूसरे दिन आरसीबी ने ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या को 5.75 करोड़ रुपए में जबकि तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को सबसे अधिक 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को आरसीबी ने सबसे पहले 8.75 करोड़ रुपये में खरीदा। लिविंगस्टोन के अलावा आरसीबी ने फिल साल्ट 11.50, जितेश शर्मा 11 करोड़ , जोश हेजलवुड 12.5 करोड़ और रसिख डार को 6 करोड़ रुपए में खरीदा।

### आरसीबी ने खरीदे ये खिलाड़ी

1 लियाम लिविंगस्टोन= 8.75 करोड़ रुपए
2 फिल साल्ट - 11.50 करोड़ रुपए
3 जितेश शर्मा - 11 करोड़ रुपए
4 जोश हेजलवुड - 12.5 करोड़ रुपए
5 रसिख दार - 6 करोड़ रुपए
6 सुयश शर्मा - 2.6 करोड़ रुपए
7 क्रुणाल पांड्या - 5.75 करोड़ रुपए
8 भुवनेश्वर कुमार - 10.75 करोड़ रुपए
9 स्वप्निल सिंह - 50 लाख रुपए
10 टिम डेविड - 3 करोड़ रुपए
11 रोमारियो शेफर्ड - 1.5 करोड़ रुपए
12 नुवान तुषारा - 1.6 करोड़ रुपए
13 मनोज भांडगे - 30 लाख रुपए
14 जैकब बेथेल - 2.6 करोड़ रुपए
15 देवदत्त पडिक्कल - 2 करोड़ रुपए
16 स्वास्तिक चिकारा - 30 लाख रुपए
17 लुंगी एनगिडी - 1 करोड़ रुपए
18 अभिनंदन सिंह - 30 लाख रुपए
19 मोहित राठी - 30 लाख रुपए

आरसीबी ने इससे पहले अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सहित तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया था। विराट को 21 करोड़ रुपये जबकि रजत पाटीदार को 11 करोड़ और यश दयाल को 5 करोड़ में बनाये रखा था।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने ली निष्ठा और कर्तव्य की शपथ

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। 26 नवंबर भारतीय संविधान दिवस हीरक जयंती के मौके पर कटंगी के तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा और कर्तव्य की शपथ ली. राज्य शासन के निर्देश पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे के मार्गदर्शन पर 26 नवंबर को विकासखंड कटंगी के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के साथ ही वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कर्मचारियों ने संविधान की मूल प्रस्तावना का वाचन किया. संविधान दिवस के अवसर पर महदुली, गोरेघाट, तिरोड़ी, महकेपार, बम्हनी, सिरपुर और सब सेंटर में शपथ पत्र का वाचन किया गया. इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## वैभव की प्रतिभा को निखारेगी रॉयल्स - द्रविड़

जेद्दा। आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि उनकी टीम 13 साल के किशोर वैभव सूर्यवंशी को निखरने के लिए अच्छा माहौल देगी । बिहार के समस्तीपुर जिले के आठवीं कक्षा के वैभव को रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा और वह आईपीएल करार पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। द्रविड़ ने कहा, 'मुझे लगता है कि वैभव में अच्छा कौशल है और हमें लगा कि उसके विकास के लिए हम अच्छा माहौल दे सकते हैं। वह हमारे ट्रायल के लिए आया था और उसे देखकर हमें बहुत खुशी भी हुई। नीलामी में वैभव का आधारमूल्य 30 लाख रुपए था और दिल्ली कैपिटल्स ने पहली बोली लगाई। इसके बाद राजस्थान ने दिल्ली को पीछें छोड़कर इस खिलाड़ी को खरीदा। इस क्रिकेटर ने हाल ही में चेन्नई में ऑस्ट्रेलियाई अंडर 19 टीम के खिलाफ खेलते हुए टेस्ट में शतक लगाया था और वह यह श्रेय हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने थे। वैभव ने उस मैच में 62 गेंद में 104 रन बनाए थे। इस क्रिकेटर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कोई बड़ी पारी नहीं खेली है। उसने पांच मैचों में 10 की औसत से रन बनाए हैं। वैभव ने मुंबई के खिलाफ 2023-24 रणजी ट्रॉफी सत्र में पदार्पण किया जब आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी उम्र 12 वर्ष 284 दिन थी जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बने।

## आईपीएल 2025 के लिए सीएसके के खिलाड़ियों की सूची

जेद्दा। आईपीएल 2025 सत्र के लिए हुई मेगा नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने अधिकतर सभी खिलाड़ियों को खरीद लिया है जिन्हें उसने रिटने नहीं किया था। सीएसके ने अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को 9.75 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। अश्विन सीएसके की ओर से दूसरी बार खेलेंगे। उन्होंने 2009 में फ्रेंचाइजी के साथ अपनी शुरुआत की थी और 2010 और 2011 में आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वहीं सीएसके ने डेवोन कॉनवे को 6.25 करोड़ रुपये और रचिन रवींद्र को 4 करोड़ रुपये में भी आरटीएम राइट टू मैच विकल्प के जरिये शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी को भी टीम ने 3.4 करोड़ रुपये में शामिल किया है। सीएसके ने नूर अहमद को 10 करोड़ रुपये में खरीदा। टीम ने खलील अहमद को 4.8 करोड़ रुपये और विजय शंकर को 1.2 करोड़ रुपये में खरीदा।

### आईपीएल नीलामी में शामिल सीएसके के खिलाड़ी

1 डेवोन कॉनवे (6.25 करोड़ रुपये)
2 राहुल त्रिपाठी (3.40 करोड़ रुपये)
3 रचिन रवींद्र (4 करोड़ रुपये)
4 आर. अश्विन (9.75 करोड़ रुपये)
5 नूर अहमद (10 करोड़ रुपये)
6 खलील अहमद (4.8 करोड़ रुपये)
7 विजय शंकर (1.2 करोड़ रुपये)

### इन खिलाड़ियों को टीम ने किया है रिटने

रुतुराज गायकवाड़ (18 करोड़ रुपये)
रवींद्र जड़ेजा (18 करोड़ रुपये)
मथीशा पथिराना (13 करोड़ रुपये)
शिवम दुबे (12 करोड़ रुपये)
एमएस धोनी (4 करोड़ रुपये)

## मुम्बई ने आईपीएल नीलामी में तीन विकेटकीपर शामिल किये

जेद्दा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में 10 विशेषज्ञ गेंदबाजों को मोटी रकम देकर खरीदने के साथ ही तीन विकेटकीपर भी लिए है। इसके अलावा अर्जुन तेंदुलकर को भी आधारमूल्य पर ही खरीद लिया। अर्जुन पहले भी मुंबई में ही थी हालांकि उन्हें एक बार भी मैदान में उतरने का मौका नहीं मिला है। मुंबई के लिए सबसे खास बात ये है कि बुमराह के साथ ट्रेंट बोल्ट गेंदबाजी करेंगे। मुंबई ने 15 भारतीय जबकि 8 विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया है। नीलामी में उसने 44.80 करोड़ रुपए लगाये हैं। बल्लेबाजी की बात करें तो टीम के पास रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार यादव को 16.35 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया थ जबकि रोहित शर्मा 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन हुए।

वहीं युवा तिलक वर्मा को टीम ने 8 करोड़ रुपए और बेवोन जैकब्स को 30 लाख में अपने पास बनाये रखा

विकेटकीपर के तौर पर टीम के पास रियान रिकल्टन है जिन्हें 1 करोड़ की बोली लगाकर शामिल किया। रॉबिन मिंज को 65 लाख और कृष्णन श्रीजिथ को 30 लाख रुपए में खरीदा।

वहीं ऑलराऊंडर के तौर पर टीम के पास कप्तान हार्दिक पांड्या हैं। उन्हें । पिछले सीजन टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इस बार नई टीम बनाएंगे। 16.35 करोड़ में रिटेन किया गया था।

युवा ऑलराउंडर नमन धीर को 5.25 करोड़ में लिया गया है।

गेंदबाज के तौर पर अनुभवी जसप्रीत बुमराह को 18 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया।

लिजार्ड विलियम्स = दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज को 75 लाख रुपए में खरीदा। अर्जुन तेंदुलकर को आधारमूल्य 30 लाख में खरीदा।

ट्रेंट बोल्ट 12.50 करोड़ में खरीदे गये। वह बुमराह के साथ जोड़ी बनाएंगे।

## सड़क पर सरपट दौड़ रहे कंडम वाहन, उमरी में धान से भरा 407 पलटा

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी से वारासिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर उमरी में मंगलवार को करीब 03 बजे के आस-पास एक टाटा 407 माल वाहक वाहन टायर फटने की वजह से रोड पर पलट गया. वाहन में धान के बोरे लदे हुए थे और चालक को मिलाकर कुल तीन लोग बैठे थे. सड़क हादसे में तीनों ही सुरक्षित बच गए. मिली जानकारी अनुसार वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 2949 महदुली से धान लेकर वारासिवनी की तरफ जा रहा था. उमरी में टायर फटने से हादसा हुआ. वाहन पाथरवाड़ा निवासी दिलीप कुमार भगत का है और वाहन को चालक संदीप कुरवेती चला रहे थे. संदीप के साथ वाहन पर पाथरवाड़ा के ही विजय खंडाते और प्रवीण चिचाम भी सवार थे यह दोनों वाहन में ही मजदूरी का कार्य करते है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन कटंगी से वारासिवनी की दिशा की तरफ जा रहा था लेकिन टायर फटने के बाद तेज रफ्तार वाहन की दिशा कटंगी



की बदल गई और वाहन पलट गया. सड़क पर वाहन के पलटने से मुख्य सड़क मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ. वहीं वाहन मालिक और चालक ने समय रहते हादसे के सड़क पर बिखरे धान के बोरे और वाहन को हटवाने का कार्य शुरू करवाया. बता दें कि 407 वाहन के टायर पूरी तरह से चिकने हो गए थे बावजूद इसके वाहन सड़क पर सरपट दौड़ लगा रहा था. जिस कारण यह हादसा होने का अनुमान है अगर वाहन के समय पर टायर बदल दिए जाते तो शायद आज जो हादसा हुआ वह नहीं होता. खैर, गनीमत की बात यही है कि इसमें सवार तीनों लोग सुरक्षित बच गए। बता दें कटंगी सहित समूचे बालाघाट जिले में कडंम वाहन सड़क पर दौड़ रहे है. इन वाहनों पर कार्रवाई करने की बजाए परिवहन विभाग ऐसे कंडम वाहनों को फिटनेस प्रमाण पत्र तक जारी कर देता है. जिससे विभाग की विश्वसनीयता पर सवाल उठते है. विभाग से मिले फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर पुराने और कबाड़ हो चुके कई वाहन आज भी सड़क पर बेधड़क दौड़ते हुए दिखाई देते है. गौरतलब हो कि केन्द्र सरकार ने 1 जून 2024 से नई वाहन स्क्रैपिंग पॉलिसी लागू कर रही है. मगर, इस पॉलिसी को बालाघाट जिले में ठीक तरीके से अमलीजामा पहनाने का काम अधिकारियों के द्वारा नहीं किया जा रहा है. प्रदूषण फैलाने वालों से लेकर कडंम हो चुके वाहन सड़क पर दिन भर दौड़ रहे है. ऐसे वाहनों में सिर्फ माल वाहक वाहन ही नहीं बल्कि यात्री बस से लेकर निजी कारें तक शामिल है. बालाघाट जिले में होने वाले तमाम सड़क हादसों के बाद केवल हादसों पर चर्चा होती है लेकिन कभी ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की शुरूआत नहीं होती जिन्हें नियमानुसार सड़क पर नहीं चलना चाहिए।

## ऋषभ को 27 करोड़ में से मिलेंगे 18.9 करोड़, 8.1 करोड़ कटेगा टेक्स

नई दिल्ली। क्रिकेटर ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र के लिए सबसे अधिक रकम मिली है। ऋषभ को मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदा है। इस प्रकार ऋषभ टूर्नामेंट में सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे हैं हालांकि ये सारी रकम उन्हें नहीं मिलेगी। इसमें से एक हिस्सा टैक्स के रुप में सरकार के पास जाएगा। नीलामी में खिलाड़ियों की बोली लगी और तीन साल का करार टीम के साथ हुआ जितनी की बोली लगाकर फ्रेंचाईजी टीम ने खिलाड़ियों को खरीदा है वो उनको एक सत्र के लिए देना होगा। ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में लखनऊ ने खरीदा लेकिन यह सारे पैसे उनको एक सत्र में नहीं मिलेंगे।

## वेंकटेश अय्यर की शानदार बल्लेबाजी से मप्र ने मेघालय को 101 रनों से हराया

राजकोट। ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर के शानदार प्रदर्शन से मध्यप्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में मेघालय को 101 रन से हरा दिया। वेंकटेश ने 17 गेंद में 6 चौके लगाकर 37 रन बनाने के बाद 2 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट भी लिया। वेंकटेश के अलावा मध्य प्रदेश की ओर से रजत पाटीदार ने भी 6 चौके और 6 छक्के लगाकर 36 गेंद में 78 रन बनाये। इस प्रकार मध्यप्रदेश टीम ने 5 विकेट पर 222 रन बनाए।



इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए मेघालय की टीम 121 रनों पर ही सिमट गयी। मध्य प्रदेश की ओर से मोहम्मद अरशद खान ने 2.4 ओवर में 5 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं एक अन्य मैच में निशांत सिंधु के शतक और हिमांशु राणा के 91 रनों की सहायता से हरियाणा ने ग्रुप सी के मैच में 2 विकेट पर 255 रन बनाने के बाद अरुणाचल प्रदेश को केवल 80 रन पर आउट कर 175 रनों की शानदार जीत दर्ज की। निशांत ने 48 गेंद की अपनी शतकीय पारी में 11 चौके और 4 छक्के लगाये। इस मैच में युजवेंद्र चहल और हर्षल पटेल ने शानदार गेंदबाजी कर अरुणाचल के बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। हर्षल ने चार ओवर में 12 रन देकर 5 जबकि चहल ने 15 रन देकर 2 विकेट लिए।

एक अन्य मैच में हार्दिक पंड्या के नाबाद 41 रन और कृणाल पंड्या के 45 रनों की सहायता से बड़ौदा ने ग्रुप बी के मैच में उत्तराखंड से मिले जीत के 166 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इससे पहले उत्तराखंड की टीम 7 विकेट पर 165 रन ही बना सकी थी।

## अर्जुन तेंदुलकर को बड़ी मुश्किल से मिला खरीददार

जेद्दा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को बड़ी मुश्किल से खरीददार मिला। अर्जुन को पहले दिन किसी भी टीम ने नहीं खरीदा। वहीं दूसरे दिन बमुश्किल उन्हें मुम्बई इंडियंस ने आधारमूल्य पर खरीदा। वहीं पहले दौर में जब उनका नाम आया तो वह नहीं बिके। इसके बाद दूसरे दौर में भी उनको लेकर किसी टीम ने बोली नहीं लगाई पर अंत में मुंबई इंडियंस ने उन्हें खरीदा। .

अर्जुन ने नीलामी से कुछ दिन पहले ही रणजी ट्रॉफी में 25 रन देकर 5 विकेट लिए थे। गोवा के लिए खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ उन्होंने अकेले ही आधी टीम को आउट कर दिया था। इसके बाद भी उनमें किसी टीम ने रुचि नहीं दिखायी।

अर्जुन ने मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए ही अपना डेब्यू किया था। साल 2023 के आईपीएल में भी उन्होंने खेला पर उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। तब अर्जुन ने भुवनेश्वर कुमार को पेवेलियन भेजकर पहला आईपीएल विकेट लिया था। पिछले सत्र में भी अर्जुन को बेंच पर ही बैठना पड़ा था। शुरुआती सत्र में नीलामी में अर्जुन का आधार मूल्य 20 लाख रुपये था पर इस बार की नीलामी से पहले बीसीसीआई ने अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर उनका आधारमूल्य 20 लाख से बढ़कर 30 लाख कर दिया था।

## संविधान दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम एवं प्रस्तावना का हुआ सामूहिक वाचन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन एवं विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) केएस.बारिया के मुख्य आतिथ्य में संविधान दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बालाघाट के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश केएस.बारिया द्वारा सर्वप्रथम संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए व्यक्त किया कि 26 नवंबर का दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। उन्होंने कहा कि संविधान ही है जो हमें आजाद देश के आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहॉ संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलातें है, वही इसमें दिए मौलिक



कर्त्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियॉ भी याद दिलाते है। साथ ही विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी कराया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेंद्र सिंह गुर्जर, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो श्रीमती नौशीन खान, प्रथम जिला न्यायाधीश उत्तम कुमार डार्वी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार सिंह, समस्त डिफेंस काउंसल्स स्टॉफ, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## थ्रेसर की चिंगारी से धान की फसल में लगी आग

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के अगासी गांव में धान गहानी के दौरान थ्रेसर से निकली चिंगारी से खलिहान में रखी धान की फसल और पैरा जलकर राख हो गई. आगजनी की घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया. वहीं इस घटना में किसान ने करीब 50 से 60 हजार के नुकसान का अनुमान लगाया है. आगजनी की यह घटना मंगलवार की दोपहर करीब 01 बजे के आस-पास की है. जानकारी के अनुसार अगासी गांव के किसान फागू भैरम अपने खेत में थ्रेसर मशीन से धान की गहानी कर रहे थे. इस दौरान मशीन से निकली चिंगारी से सबसे पहले पैरा और फिर खलिहान में रखी धान की फसल में आग लग गई. वहीं खलिहान से धुआं उठता देखकर ग्रामीण भागे-भागे खलिहान पहुंचे. देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई. ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज हो गई थी कि कोई कुछ भी नहीं कर सका. वहीं देखते ही देखते किसान की आंख के सामने उसकी पूरी फसल जलकर स्वाहा हो गई. पीड़ित किसान ने हल्का पटवारी को सूचना दे दी है. वहीं राजस्व विभाग से क्षतिपूर्ति दिलवाने की मांग रखी है।

# जातिगत जनगणना को लेकर लांजी में 5 दिसंबर को होगा ओबीसी सम्मेलन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। केंद्र सरकार की तरफ से देश की जनगणना जनवरी माह में कराए जाने की बात कही गई है। जहां सरकार द्वारा देश में निवास करने वाले पुरुष, महिला, बुजुर्ग, बच्चों, व युवाओं सहित तृतीय वर्ग के आंकड़ों को एकत्र कर देश की कुल आबादी की जनगणना की जाएगी। वर्तमान समय में सरकार इस सांख्यिकी जनगणना की तैयारी में है लेकिन इस जनगणना के पूर्व ही एसटी एससी ओबीसी माइनॉरिटी सहित अन्य संगठनों द्वारा लंबे समय से सांख्यिकी जनगणना की जगह जातिगत जनगणना किए जाने की मांग की जा रही है। जहां विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता का आयोजन कर देश में जातिगत जनगणना कराई जाने की मांग करते हुए जातिगत जनगणना के साथ-साथ संख्या के अनुपात में आरक्षण दिए जाने की मांग की है। जिन्होंने जितनी जिनकी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी का नारा बुलंद करते हुए एसटी एससी



ओबीसी माइनॉरिटी सहित अन्य वर्ग को प्रत्येक क्षेत्र में जनसंख्या के आधार पर आरक्षण दिए जाने की मांग की है। तो वहीं उन्होंने वोट हमारा, राज तुम्हारा नहीं चलेगा का नारा देते हुए इस अभियान को लेकर 5 दिसंबर को लांजी में एकदिवसीय ओबिसी सम्मेलन का आयोजन कर, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रैली व धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी है। यह तमाम जानकारी ओबीसी मंच द्वारा मंगलवार को नगर के सर्किट हाउस में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में दी गई।

### जिसकी जितनी संख्या भारी

### उसकी उतनी हिस्सेदारी चाहिए

स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित इस पत्रकार वार्ता में विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी ने जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का नारा बुलंद करते हुए जातिगत जनगणना और जन संख्या के आधार पर आरक्षण दिए जाने की मांग की है। जिन्होंने स्पष्ट कर दिया कि 15 प्रतिशत लोग ,85 प्रतिशत लोगों पर राज नहीं करेंगे। जिन्होंने केवल सरकारी नौकरी ही नहीं बल्कि शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक सहित अन्य क्षेत्रों में भी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिए जाने की मांग की है। वहीं उन्होंने इस मांग को लेकर पूरे देश में जनजागरूकता अभियान चलाकर अपनी इस मांग और हक अधिकार को लेने के लिए सड़को पर उतरकर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।इस दौरान आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे ,लोधी महासभा के पूर्व अध्यक्ष उम्मेद लिल्हारे, आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष दिनेश धुर्वे, कांग्रेस नेता रहीम खान, राकेश सिंगारे, हाजी शोहेब खान,धमेन्द्र कुरील, राजकुमार नागेश्वर सहित एसटी,एससी,ओबीसी, ी सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सदस्य व सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### आजादी के 75 वर्ष बाद भी ओबीसी को नही मिला प्रतिनिधित्व-

आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे ,लोधी महासभा के पूर्व अध्यक्ष उम्मेद लिल्हारे, आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष दिनेश धुर्वे, कांग्रेस नेता विशाल बिसेन, और राजकुमार नागेश्वर सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा अब तक जाति आधारित जनगणना नहीं कराई गई है। ओबीसी की जातिगत जनगणना करीब 95 वर्षो से नहीं की गई है। जिससे सबसे अधिक संख्या ओबीसी की होने के बावजूद भी उन्हें आरक्षण के हक और अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ओबीसीटकी जातिगत जनगणना नहीं होने से आजादी के 75 वर्षो बाद भी सरकार में ओबीसी को सभी क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र जातिगण जनगणना कराई जाए और ओबीसी सहित अन्य वर्गो को उनके हक व अधिकार दिलाया जाए।

### पशु, पक्षियों की जनगणना हो सकती है, तो इंसानों की क्यो नही- पदाधिकारीगण

इस दौरान ओबीसी एससी/एसटी एकता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि इस देश में पशु, पक्षियों की जनगणना हो सकती है, लेकिन इंसानों की जनगणना नहीं की जा रही है। वर्ष 1931 अंग्रेजी शासनकाल में हुई जनगणना में ओबीसी 52 प्रतिशत थे तो आज वह 60-70 प्रतिशत से अधिक होंगे। बावजूद उन्हें उसकी संख्या के अनुपात में आरक्षण व अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना का अधिकार केन्द्र सरकार के पास है। सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति की जनगणना तो कराती है लेकिन ओबीसी की नहीं कराती है। जिससे ओबीसी वर्ग अधिकारों से वंचित है। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग की भी जनगणना शीघ्र कराई जाए। ओबीसी में जो असंवैधानिक क्रीमिलर लगाया गया है उसे हटाया जाए। ओबीसी के अधिकारी कर्मचारी को पदोन्नति में आरक्षण दिया जाए। शिक्षा एवं स्वास्थ्य का निजीकरण समाप्त कर सभी नागरिकों के लिये एक समान व निःशुल्क किया जाए। इसके अलावा अन्य मांगे है जिसको लेकर 5 दिसंबर को लांजी के बस स्टैंड सुभाष चौक में एकदिवसीय ओबीसी महासम्मेलन कर रैली व धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## 16 वे कामन रिव्यूव मिशन ने किया जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओ का भ्रमण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कामन रिव्यूव मिशन के 8 सदस्यों के दल द्वारा विगत दिनों जिला चिकित्सालय सहित विभिन्न सीएचसी, पीएचसी, एचडब्लूसी, यूपीएचसी, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक तथा ग्राम आरोग्य केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान दल के टीम लीडर डॉ. जीबी सिंह एडवाजर सीपी-सीपीएचसी, एनएचएसआरसी नई दिल्ली के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओ व जिले में संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों का जायजा लिया गया। सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डेय नें बताया कि संस्थाओ का सघन विजिट करने के उपरांत क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाये जबलपुर डॉ संजय मिश्रा की उपस्थिति में डी-ब्रीफिंग कर राष्ट्रीय कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियो, जिले के समस्त सीबीएमओ, बीएमओ को



विजिट के प्रमुख उदेश्यों से अवगत कराया गया। साथ ही संस्थाओ पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओ की सराहना की गई। इस दौरान दल ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हितग्राहियो से मिला विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओ की जानकारी ली। वहीं आशा कार्यकर्ताओ और ग्राम तदर्थ समिति, जन आरोग्य समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दी जा रही सेवाओ की सतत निगरानी में उनकी क्या भूमिका है इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### 8 सदस्यीय टीम में ये रहे शामिल

8 सदस्यीय दल में डॉ. प्रोफेसर रामचंद्र राव एनआईएचएफडब्लू, डॉ. अविनाश संथालिया डीएडीजी भारत सरकार, डॉ. प्रोफेसर अनिमेष जैन केएमसी मंगलोर कर्नाटक, डॉ निखिलेश परचूरे रिसर्च इन्वेस्टीगेटर सागर, ऋतु मलिक कंसलटेन्ट एनएचएसआरटी,डॉ अक्षय पुरोहित सलाहकार पीएम एबीएचआईएम, डॉ,सृष्टि नई दिल्ली शामिल थे.सीआरएम के नेशनल टीम के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य प्रतिनिधि डॉ. मनीष सिंह उप संचालक एचडब्लूसी,डॉ रौशनी दिलबागी, डॉ स्वाप्निल पाटिल, डॉ विशाल जायसवाल सीआरएम शामिल रहे।

## संविधान निर्माण दिवस मनाया गया



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। 26 नवम्बर 1949 को हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था। आज संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे हुए। इस अवसर को सभी शासकीय विभागों व शासकीय संस्थाओं में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। विभागों ने उद्देशिका पढ़कर संविधान की उद्देशिका की शपथ ली साथ ही कई अन्य संस्थाओं में कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर मृणाल मीना ने परिसर में संचालित होने वाले सभी विभागों के अमले को उद्देशिका की शपथ दिलाई। साथ ही अन्य विभागों ने अपने-अपने अमले को शपथ दिलाई।स्थानीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय में भी विद्यार्घियों को एकत्रित कर कॉलेज के सामने सावधान मुद्रा में खड़े होकर शपथ दिलाई गई। इसी तरह मनरेगा द्वारा बने अमृत तालाबों पर भी ग्रामीणों ने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी जाहिर करते हुए शपथ ली गई। वही स्कूलों में मानव श्रृंखला व रंगोली बनाकर भी संविधान दिवस मनाया गया। स्कूलों में नेवारा व कोठुरना,छपला बोथवा में मानव श्रृंखला तथा बिरसा उत्कृष्ठ विद्यालय में रंगोली बनाई गई।

## व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में अनुश्री सेवा संस्थान एवं श्रीधाम वेलनेस फाउंडेशन बालाघाट के सहयोग से महाविद्यालय में छात्राओं के लिये व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता तथा डॉ. जी.एस. नगपुरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अनिता पाराशर एवं डॉ. शेफाली शिंदे उपस्थित रहे। इस दौरान महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पाराशर द्वारा छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता के साथ ही मानसिक स्वच्छता का ध्यान रखने कहा। डॉ. शिंदे द्वारा भी छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के अभाव में होने वाली बीमारियों तथा उनसे बचाव की विस्तृत जानकारी प्रदान की।



शिविर में छात्राओं के हिमोग्लोबिन की जांच की गई। साथ ही चिकित्सक द्वय डॉ. अनिता पाराशर एवं डॉ. शेफाली शिंदे द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। जिसमें 111 छात्राओं एवं महाविद्यालय की महिला स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । इस अवसर पर अनुश्री सेवा संस्थान की संचालक श्रीमती भावना श्रीवास्तव एवं श्रीधाम वेलनेस फाउंडेशन की संचालक अनिता नगपुरे, श्रीमती रूबिना खान, मनीष फार्मासिटिकल के एरिया सुपरवाईजर राहुल शर्मा, इमरान खान, आई.क्यु.ए.सी प्रभारी डॉ. स्वाति खोब्रागड़े, महाविद्यालय के रेड रिबन प्रभारी, डॉ. सुधा साहू, रेड क्रॉस प्रभारी विजय तुरकर, एनएसएस प्रभारी श्रीमती तनुश्री कोठे एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक स्टाफ एवं छात्राए उपस्थित रहीं।

## आइडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर सम्पन्न



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। आइडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय में मनोज तिवारी सिविल जज द्वितीय श्रेणी के द्वारा विद्यालय के कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं को विधिक संबंधी जागरूकता हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिसमें मनोज तिवारी ने मोबाइल से होने वाले अपराध, लाइसेंस नही होने पर होने वाली कार्यवाही तथा इंश्योरेंस संबंधी मार्गदर्शन छात्र छात्राओं को प्रदान किया। साथ ही यह संदेश दिया कि अपने माता पिता एवं परिवारजनो को भी इससे अवगत कराकर आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का कार्य किया जायें। विद्यालय के डायरेक्टर अब्दुल रब कुरैशी के द्वारा मनोज तिवारी को इस उद्बोधन के लिए धन्यवाद दिया। तथा भविष्य में भी इसी तरह के मार्गदर्शन के लिए श्री तिवारी से निवेदन किया गया। जिसे न्यायाधीश द्वारा सहजता से स्वीकार किया गया।

## जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर आधारित हिंसा पर हुआ संवाद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यकारी अधिकारी श्रीमति दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में जिले में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए हम होंगे कामयाब पखवाडा के अंतर्गत 25 नवम्बर से कार्यक्रम निरंतर जारी किए जा चुके है। इसी के अंतर्गत मंगलवार को जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर आधारित हिंसा का मनोवैज्ञानिक प्रभाव विषय पर फ्रंट लाइन कार्यकर्त्ता,आगनबाडी कार्यकर्त्ता,बाल देखभाल संस्थान, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, शौर्य दल, शक्ति निवास,तथा पुलिस विभाग अंतर्गत कार्यरत उर्जा महिला हेल्प डेस्क कर्मचारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरालिगल वोलेंटियर के लिए वैबिनार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जेंडर आधारित मुद्दों पर उपपुलिस अधीक्षक महिला शाखा बालाघाट श्रीमति सोनम झरवडे के द्वारा जेंडर




क्या हैं। युवाओ के साथ जेंडर आधारित हिंसा, उर्जा महिला हेल्प डेस्क के कार्य, किसी भी जेंडर आधारित विषय को सामाजिक द्रष्टि से देखना ताकि समाज के भीतर जेंडर एम्पावरमेंट लाया जा सके के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फेमिनेस्ट यूथ लीडरशीप प्रोग्राम (संयुक्त राष्ट्र महिला संस्थान) से सुश्री अर्पिता डोंगरे द्वारा जेंडर आधारित हिंसा एवं हिंसा का मनोवैज्ञानिक प्रभाव के बारे में पी.पी.टी. प्रदर्शन,शार्टफिल्म के माध्यम से हिंसा से निजात पाने के लिए लैगिक संवेदनशीलता और व्यवहार संशोधन समावेशिता पर जागरूकता और लगातार संवाद की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। वहीं संविधान दिवस होने पर संविधान का हमारे जीवन में क्या अहम भूमिका हैं एवं अनुच्छेद 39 (ए) 39 (घ) के बारे में भी चर्चा की गई।

## शैलेश वट्टी का होगा मेडिकल, उसके बाद दिया जाएगा शासकीय लाभ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जनसुनवाई के पश्चात कलेक्टर मृणाल मीना से दुर्घटना में प्रभावित शैलेश वट्टी ने मुलाकात की। कलेक्टर श्री मीना ने शैलेश से हादसे के सम्बंध में जानकारी ली। शैलेश ने बताया कि एक दुर्घटना में उनके पैर पूरी तरह प्रभावित हो गए है। कलेक्टर श्री मीना ने सामाजिक न्याय विभाग के श्री चोरे को बुलवा कर व्यक्तिगत रूप से अस्पताल से मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र बनवाये।।80 प्रतिशत से अधिक अपंगता की श्रेणी में है तो पेंशन के अतिरिक्त मोटराइज्ड ट्रायसिकल व अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान करने की कार्यवाही शीघ्रता से करें।

## रेन बसेरा में ठहरने वाले मुसाफिरों की पूरी जानकारी रखना होगी



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। टीएल बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने जिले में स्थापित रेन बसेरों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सोमवार को ही एसडीएम गोपाल सोनी ने नगर के रेन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रेन बसेरे में रजिस्टर पर पर्याप्त जानकारी नहीं रखी जा रही है। इसलिए आधार कार्ड जमा कराने के साथ ही नाम पता, काम और आने का उद्देश्य आदि की जानकारी स्पष्ठ रूप से पंजी करना होगी। साथ ही आरओ वॉटर कूलर बन्द पाया गया था। इसी सुधार कर व्यवस्थित करने तथा बाथरूम में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए है। नगर के रेन बसेरा में 15 पुरुषों व 10 महिलाओं के लिए बेड उपलब्ध है। इसके अलावा पुरुष व महिला के लिए अलग-अलग केयर टेकर भी मौजूद रहेगा।

## एक दिवसीय आनंद अल्पविराम परिचय कार्यशाला आज से प्रारम्भ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बुधवार 27 नवम्बर से जिले की समस्त 10 विकासखण्डों में एक दिवसीय आनंद अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। जिपं सीईओ अभिषेक सराफ द्वारा समस्त विकासखण्डों के एसडीएम एवं जपं सीईओ को इस संबंध में अवगत कराया गया है। जिले में शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति करने तथा उनकी दैनंदिनी कार्यो में सकारात्मकता का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन प्रात: 10 से 5 बजे तक सुनिश्चित किया जाएगा। एक दिवसीय इस कार्यशाला का आयोजन 27 नवंबर को बालाघाट जनपद के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 29 नवम्बर वारासिवनी, 2 दिसम्बर किरनापुर, 5 दिसम्बर लांजी, 6 दिसम्बर लालबर्रा, 9 दिसम्बर खैरलांजी, 10 दिसम्बर कटंगी, 11 दिसम्बर बैहर, 12 दिसम्बर बिरसा और 13 दिसम्बर को परसवाड़ा विकासखंड के जनपद सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में मनाया गया एनसीसी का स्थापना दिवस

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 6 एम.पी. स्वतंत्र कम्पनी एन सी.सी. ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल विनित कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश पर एन सी सी का 76वा स्थापना दिवस के मनाकर विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत परेड, स्वच्छता, भाषण एवं ड्रॉस के कार्यक्रम विद्यालय में एन सी सी की केयर टेकर वर्षा चौरागड़े ने बताया कि विद्यालय प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन, वरिष्ठ व्याख्याता डी आर पट्टावी, सुरेन्द्र चित्रिव,भूतपूर्व एन सी सी ऑफीसर जी. पी. सोनी, एन सी परिहार सहित अन्य विद्यालय स्टॉफ की प्रमुख उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस दौरान एन सी सी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि एन सी सी की स्थापना 1948 में युवाओं को सशस्त्र बलों में अपना करियर बनाने और, नेतृत्व अनुशासन टीम वर्ग और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना जैसे गुणों को विकसित करने को लेकर प्रेरणा के लिए स्थापित की गई थी। आगे बताया गया कि एनसीसी की स्थापना दिवस प्रतिवर्ष नवंबर के चौथे रविवार की मानाया जाता है। वही कार्यक्रम के अंत में अतिथि के उद्बोधन के पश्चात स्वल्पाहार वितरण कर कार्यक्रम का समाप्त किया गया।




## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस

लामता (पद्मेश न्यूज़)। आज 26 नवंबर 2024 को शासकीय महाविद्यालय लामता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया और विविध कार्यक्रम किए गए सर्वप्रथम डॉ बी आर अंबेडकर स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात संविधान के उद्देश्य हम भारत के लोग भारत को एक........प्रस्तावना का वाचन किया गया उसके पश्चात संविधान निर्माण के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई हमारा संविधान हमारा अभिमान है और हमें अपने संविधान पर गर्व है आज हम यहां खड़े हैं संविधान की बदौलत खड़े हैं और हम संविधान निर्माताओं को नमन करते हैं संविधान के बारे में विविध प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन छात्र-छात्राओं के मध्य किया गया जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और संविधान से संबंधित प्रश्न के उत्तर दिए आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय से डॉक्टर चंद्रशेखर कटरे श्रीमती चित्रमाला भीमते प्रवेश यादव डॉक्टर ढालसिंह सिंह गौतम डॉक्टर अर्चना सतनामी डॉक्टर यादवेंद्र पटेल डॉक्टर वंदना दीक्षित समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने अपनी अहम भूमिका निभाई उक्त कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डूलेश्वरी टेम्भरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया।



## डॉ भीमराव अंबेडकर एवं वीर पुरुष बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण



लामता (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरी में हर्षोल्लास के साथ सर्व समाज द्वारा संविधान दिवस के दिन डॉ भीमराव अंबेडकर एवं वीर पुरुष बिरसा मुंडा जी का एक ही मंच में दोनों महापुरुषों के प्रतिमा का अनावरण किया गया है। यह कार्यक्रम का आयोजन ग्राम समिति अतरी द्वारा आयोजित किया गया था आज सुबह से ही सर्व समाज के लोगों में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया,सभी समाज के लोग एकत्रित होकर रैली निकाल कर अतरी ग्राम का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर एवं वीर पुरुष बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पमाला चढ़ाकर किया गया ,सर्वप्रथम प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर समिति अध्यक्ष राहुल खडाते एवं जिला पंचायत सदस्या श्रीमती स्मिता टेकाम द्वारा फूल माला चढ़ाकर पदार्पण किया गया

# बलात्कार के आरोपी भूपेंद्र सोहागपुरे की गिरफ्तारी को लेकर किया जाएगा बालाघाट बंद

## एसटी,एससी ओबीसी मंच ने 6 दिसंबर को नगर बंद का किया ऐलान, भाजपा नेताओ पर लगाया आरोपी को संरक्षण देने का आरोप

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। शादी का झांसा देकर प्रेमिका शिक्षिका से कई बार दुष्कर्म करने वाले मामले में फरार चल रहे भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपूरे की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जहां 17 नवंबर को महिला शिक्षिका द्वारा लिखित में शिकायत और एफआईआर दर्ज करने के बाद से ही फरार भाजयुमो जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपूरे कि अब तक गिरफ्तारी न होने पर एसटी एससी ओबीसी मंच ने सवाल उठाते हुए भाजपा नेताओ पर बलात्कार के आरोपी को संरक्षण दिए जाने का आरोप लगाया है। जिन्होंने आरोपी भूपेंद्र सोहागपूरे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 27 नवंबर बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने की बात कही तो वहीं उन्होंने यौन शोषण के मामले में फरार चल रहे इस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए प्रशासन को 5 दिसंबर तक का अल्टीमेटम दिया है। जिन्होंने 5 दिसंबर तक बलात्कार के आरोपी भूपेंद्र सोहागपुर की गिरफ्तारी न होने पर 6 दिसंबर को बालाघाट बंद किए जाने की चेतावनी दी है। यह चेतावनी मंगलवार को नगर के सर्किट हाउस में आयोजित एक पत्रकारवार्ता के दौरान ओबीसी मंच से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा दी गई।



### आरोपी को गिरफ्तार कर नगर में निकाला जाए जुलूस - महेश सहारे

चर्चा के दौरान ओबीसी मंच पदाधिकारी महेश सहारे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपुरे पर एक महिला शिक्षिका ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। उसकी एफआईआर भी 17 नवंबर को दर्ज की गई है। बलात्कार सहित अन्य धाराओं के तहत उस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। लेकिन बालाघाट पुलिस ने अब तक उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। भूपेंद्र सोहागपुरे भाजपा नेता है और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। सरकार द्वारा आरोपी का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त दलित महिला ने अपने बयान दर्ज कराई है क्या एक दलित महिला को न्याय मिलने का अधिकार नहीं है। राज्य में लाडली बहनो को 1250 रुपए सरकार दे रही है वही एक लाडली बहन की इज्जत लूटी गई है। बीजेपी के लोग सोए हुए हैं। यदि किसी देश में कुछ घटना हो जाती तो बीजेपी के लोग बालाघाट बंद करा देते, लेकिन एक दलित महिला के साथ ऐसा हुआ है इसीलिए वे बालाघाट बंद नहीं करा रहे है। यदि वह किसी अन्य समाज की महिला होती तो बीजेपी के लोग चुटकी में बालाघाट बंद कर देते, लेकिन इस मामले में बीजेपी के लोग सोए हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि 17 नवंबर को एफआईआर दर्ज हो गई उसके बाद 18 नवंबर को उसने किसी दूसरी लड़की के साथ शादी किया है। वर्षों तक शादी के नाम पर महिला का शोषण किया है उसे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है इसीलिए उसे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है यदि कोई आम आदमी इस केस में फसता या किसी और वजह से उसपर एफआईआर दर्ज की जाती तो पुलिस उसे अब तक कब का गिरफ्तार कर नगर में जुलुस निकल चुका होती। लेकिन भूपेंद्र सोहागपूरे को राजनीतिक संरक्षण के चलते गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। इसीलिए कल 27 नवंबर को ओबीसी मंच के माध्यम से एसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा जाएगा। वही बलात्कार के आरोपी भूपेंद्र सोहागपूरे को पूरे को गिरफ्तार किए जाने की मांग की जाएगी। हमारी मांग है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर नगर में उसका जुलूस निकाला जाए।

### कोई आम व्यक्ति होता तो उसे कब का गिरफ्तार कर लिया जाता- विशाल बिसेन

ओबीसी मंच पदाधिकारी विशाल बिसेन ने बताया कि एक युवती ने भाजपा पदाधिकारी पर देह शोषण का आरोप लगाया है। थाने में भाजपा पदाधिकारी के ऊपर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।यदि कोई आम व्यक्ति होता तो पुलिस अब तक उसे कब का गिरफ्तार कर लेती लेकिन यहां इतना बड़ा मामला हो गया लेकिन अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद उसने दूसरी शादी भी कर ली और प्रशासन मौन होकर देखता रह गया। उन्होंने बताया कि बालाघाट जिला महिला अनुपात और महिला शिक्षा में नंबर वन है। दूसरी तरफ लाडली बहना योजना का सबसे ज्यादा पैसा भी बालाघाट जिले में आ रहा है। वहीं महिला अपराधों में भी बालाघाट नंबर वन बनता जा रहा है। बावजूद इसके भी महिलाओं के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाले लोग खामोश बैठे हुए हैं। विधायक का इस मामले में बयान सामने आया, लेकिन सांसद नगर पालिका अध्यक्ष का इस मामले में कोई बयान सामने नहीं आया है। वहीं भाजपा महिला नेत्रियों के बयान भी नहीं आ रहे हैं सभी लोग खामोश बैठे हैं उन्होंने राजनीति से ऊपर उठकर आरोपी के खिलाफ बोलना चाहिए। आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

### तो 6 दिसंबर को करेंगे बालाघाट नगर बंद- उम्मेद लिल्हारे

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान ओबीसी मंच पदाधिकारी उम्मेद लिल्हारे ने बताया कि बीजेपी के युवाओं के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपूरे पर दलित महिला ने शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। भाजपा पदाधिकारी आरोपी सोहागपुरे शादी का झांसा देकर महिला के साथ कई वर्षों तक देह शोषण करता रहा, जब महिला ने शादी की बात कही तो उसने किसी और से शादी कर ली। भारतीय जनता पार्टी का पदाधिकारी भाजपा जिला अध्यक्ष और मंत्रियों के साथ उठता बैठता है। उसने दलित महिला की आबरू के साथ खिलवाड़ किया है। उस लड़की ने मजबूरी में एफआईआर दर्ज कराई और धाराएं भी लग चुकी है। यह आरोपी भाजपा के मंत्रियों नेताओं कार्यकर्ताओं सभी के संपर्क में है सभी से मिलता-जुलता है लेकिन पुलिस को दिखाई नहीं दे रहा है कोई आम आदमी होता या दूसरे धर्म का यह मामला होता तो अब तक आरोपी के घर पर बुलडोजर चल गया होता, उसकी गिरफ्तारी हो गई होती। लेकिन जब भी बीजेपी के पदाधिकारियो की बात आती है तो पुलिस चुप हो जाती है इसी को लेकर कल हम एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौपेंगे। प्रशासन को 5 दिसंबर तक का अल्टीमेटम दिया जाएगा। यदि 5 तारीख तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जाती, तो फिर 6 दिसंबर को बालाघाट नगर बंद किया जाएगा।

# अतिक्रमण के मामलें में आवेदन पर दोनों के अतिक्रमण हटाये जाएंगे

## सीमांकन बहुत समय से नही किया गया, तुरंत देखें और अवगत कराएं, भाई बहनों का हुआ नामान्तरण लेकिन बंटवारे में बहनों को नही दिया हिस्सा, 10 अधिकारी जनसुनवाई से रहें नदारद सभी को नोटिस होगा जारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जनसुनवाई से नदारद होकर अपने प्रतिनिधि को भेज कर जनसुनवाई का कोरम पूरा करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाएगा। जनसुनवाई में कलेक्टर मृणाल मीना ने सख्ती दिखाते हुए यह निर्देश जारी किए है। साथ ही जनसुनवाई के दौरान खैरलांजी में मोवाड़ी के सरपंच ने सीमांकन के सम्बंध में आवेदन किया। जिस पर कलेक्टर श्री मीना ने गूगल मीट से जुड़े खैरलांजी तहसीलदार को निर्देश किया। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से सीमांकन का काम लंबित बताया गया है। सरपंच आपके पास आकर मामले के सम्बंध में अवगत कराएंगे। मामला समझे और इस सम्बंध में अवगत कराएंगे। जनसुनवाई के दौरान नगर की लुम्बिनी विकास समिति द्वारा अतिक्रमण हटाने का आवेदन किया गया। इस सम्बंध में एसडीएम गोपाल सोनी से जनसुनवाई में ही जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि लावारिश तीन शेड हटाने के मामले में नपा में प्रकरण प्रचलित है। साथ ही उनके द्वारा भी आवेदन कर अतिक्रमण हटाने के सम्बंध में बताया गया है। जिसका प्रकरण तहसीलदार के पास प्रचलित है। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि अगर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण है तो दोनों के अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए। लांजी की अनुराधा कंवारे ने कलेक्टर श्री मीना से कहा कि भाई बहनों की भूमि का नामांतरण किया गया है। लेकिन जब बंटवारा हुआ तो भाइयों ने हमारे नाम कोई भूमि नही की है। बहनों के हिस्से की भूमि दिलवाने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री मीना ने लांजी एसडीएम श्री कमल सिंहसार को निर्देश दिए कि पूरा मामला समझे और अवगत कराते हुए विधिनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करे।



### नदारद रहने वाले कई जिला अधिकारी

जनसुनवाई के दौरान कई जिला अधिकारी अनुपस्थित पाये गए तो कलेक्टर श्री मीना ने सभी अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। ज्ञात हो कि कुछ अधिकारी स्वयं अनुपस्थित रहकर अपने प्रतिनिधियों को जनसुनवाई में भेजना पाया गया। इस कारण जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों के सम्बंध में पर्याप्त जानकारी नही होने से समयावधि में पत्रों के निराकरण में समस्या होती है। साथ अन्य कार्यों को देखते हुए कलेक्टर श्री मीना ने सभी को एक दिन का वेतन काटने के सम्बंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। जो अधिकारी अनुपस्थित रहें उनमें सीएमएचओ, डीएमओ श्री, हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री, पेंशन अधिकारी, वेयर हाउसिंग,फारेस्ट उत्तर, आरटीओ व मंडी के अधिकारी अनुपस्थित रहें।

# एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में फरार आरोपी ने अदालत में किया आत्मसमर्पण में किया

## महिला थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। महिला थाने की पुलिस में एक 16 वर्षीय नाबालिक लड़की को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में आरोपी नरेंद्र पिता राजकुमार दमाहे 21 वर्ष ग्राम धंनसुआ निवासी को गिरफ्तार कर लिया। 25 नवंबर को इस आरोपी ने बालाघाट की अदालत में आत्म समर्पण किया था इसके बाद महिला थाने की पुलिस ने इस आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह लड़की कक्षा बारहवी की पढ़ाई कर रही है। नरेंद्र दमाहे इस लड़की को शादी करूंगा कह कर परेशान करते रहता था। इसी वर्ष जुलाई महीने में नरेंद्र दमाहे इस लड़की से मिलने के लिए उसके स्कूल गया था और उसने इस लड़की को तुमसे कुछ बात करना है कहकर उसे स्कूल के पास नदी में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। 19 अक्टूबर को स्कूल के लंच की छुट्टी होने पर 2 बजे नरेंद्र दमाहे इस लड़की के स्कूल आया और इस लड़की को जबरदस्ती स्कूटी में बैठल कर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी दी थी। नरेंद्र दमाहे के द्वारा जबरदस्ती दुष्कर्म करने से यह लड़की अपने घर में एकांत में चुपचाप रोती रहती और उदास रहने लगी थी। परिवार वालों के द्वारा पूछने पर इस लड़की ने नरेंद्र दमाहे द्वारा किए गए कृत्य के संबंध में बताई।जिसके बाद यह लड़की अपने माता-पिता के साथ रिपोर्ट करने के लिए महिला थाना बालाघाट पहुंची। जहां पर इस लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर नरेंद्र दमाहे पिता राजकुमार दमाहे के विरुद्ध धारा 64(2) 351(2) भारतीय न्याय संहिता और धारा 5एल/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया। अपराध दर्ज होने के बाद यह आरोपी नरेंद्र दमाहे फरार हो गया था जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी 25 नवंबर को नरेंद्र दमाहे ने बालाघाट की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। जहां से महिला थाने की उपनिरीक्षक सोनाली ढोक ने नरेंद्र कुमार दमाहे को गिरफ्तार किया और जिला अस्पताल में मुलाहिजा करवाने के बाद उससे अदालत में पेश कर दिए। जहां से नरेंद्र दमाहे को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।

# गढ़ी सर्कल के राजस्व निरीक्षक को राजस्व महाअभियान-3.0 में सहयोग नही करने पर कलेक्टर ने किया निलंबित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)।जिले में 15 नवंबर से राजस्व महाभियान-3.0 संचालित किया जा रहा है। मप्र शासन के इस अतिमहत्वपूर्ण महाअभियान में बैहर में गढ़ी सर्कल के राजस्व निरीक्षक प्रेमराज सिंह ठाकुर द्वारा नक्शा बटांकन, नक्शा तरमीम,शाब्दिक सर्वेक्षण, डुप्लीकेट खसरा आदि कार्यो में सहयोग नही किया जा रहा हैं। साथ ही श्री ठाकुर द्वारा शासकीय महत्वपूर्ण कार्यो को न करते हुए विक्रय चिट्टा जारी करने जैसे अन्य कार्य किए जा रहे है। जारी विक्रय पर्ची के आधार पर संबंधित भूमि की रजिस्ट्री हो चुकी है, जो कि सायबर तहसील में लंबित है। जिसके कारण सायबर तहसील में निराकरण नही हो पा रहा है, प्रकरण लंबित है इन सभी कारणों के मद्देनजर एसडीएम श्री गुप्ता ने राजस्व निरीक्षक के निलंबन का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री मीना द्वारा संबंधित लापरवाही मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (सामान्य) के उपनियम (1)(2)(3) के विपरीत पाए जाने के कारण मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील 1966) के नियम 9 के उपनियम (1) (क) के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक प्रेमराज सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित के आदेश जारी किए गए है।

# वाहनों के आवागमन से रेलवे को पिल्लर खड़ा करने में आ रही दिक्कत

## गर्रा ओवरब्रिज के निर्माण में डायवर्ट मार्ग में भी कई अड़चने, प्रशासनिक अमले ने फिर किया मार्ग का निरीक्षण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले में लंबे अरसे बाद तीन ओवरब्रिज का निर्माण, बालाघाट मुख्यालय में किया जा रहा है। तीनो ही ओवरब्रिज सरेखा, गर्रा और भटेरा के ओवरब्रिज में बायपास मार्ग एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है, चूंकि इन मार्गो पर आवागमन ज्यादा होने से आवागमन को डायवर्ट करने की सबसे बड़ी समस्या, प्रशासन और सेतु विभाग के सामने खड़ी है। इसी कड़ी में गर्रा रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज निर्माण में रेलवे को, ओवरब्रिज का पिल्लर बनाने में, मार्ग से हो रहा आवागमन, परेशानी खड़ा कर रहा है। जब तक इस मार्ग से आवागमन को डायवर्ट नहीं किया जाता, तब तक पिल्लर का काम शुरू नहीं हो पाएगा। जिसको लेकर प्रशासनिक अमला, निरीक्षण पर निरीक्षण कर, डायवर्ट मार्ग को सुरक्षित बनाने में जुटा है। इसी के तहत आए दिनों की तरह मंगलवार 26 नवंबर दोपहर 02 बजे, एक बार फिर प्रशासनिक अमले ने यहां का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जहा एसडीएम ने सेतु संभाग को गर्रा ओवरब्रिज निर्माण के चलते, भारी वाहनों के आवागमन के लिए डायवर्ट मार्ग पर सुरक्षित आवागमन को लेकर निर्देशित भी किया। इस दौरान एसडीएम गोपाल सोनी, सेतु संभाग संभाग एसडीओ अर्जुनसिंह सनोडिया, सीएसपी वैशाली सिंह, यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा और पीडब्ल्युडी बिजली विभाग के दिलीप बोहरे सहित रेलवे और ओवरब्रिज ठेकेदार सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### सुविधा युक्त बनाया जाएगा डायवर्टेड मार्ग- सोनी

मार्ग डायवर्ट का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि गर्रा रेलवे रेलवे क्रासिंग पर बन रहे ओवरब्रिज के पिल्लर का काम होना है। जिसके चलते आवागमन को डायवर्ट करने के लिए हम पुलिस, यातायात विभाग, सेतु विभाग और अन्य अमले के साथ निरीक्षण करने पहुंचे है। चूंकि डेंजर रोड बायपास के शुरूआत में टर्निंग, जोखिम भरी है, जिसे सुरक्षित करने के निर्देश दिए है। चूंकि इसी मार्ग से हैवी वाहनों का आवागमन होगा, जबकि आकाशवाणी के सामने से हल्के वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। वहीं दुपहिया वाहनों को ओवरब्रिज निर्माण स्थल मार्ग से डायवर्ट करने के लिए एप्रोज रोड बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि डायवर्टेड मार्ग ऐसा बनाया जाएगा जिससे आवागमन करने में लोगों को सुविधा मिलेगी वही तेजी से रेलवे ओवर ब्रिज का काम किया जाएगा।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट